page-1_page 1 05-Dec-22 10:19 PM Page 1



**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1992 में अयोध्या में रामजन्मभूमि स्थल पर उमड़ी भीड़ ने बाबरी मस्जिद को गिरा दिया था।


# दैनिक भास्कर

देश का विश्वसनीय अखबार

देहरादून | वर्ष-6, अंक-107 | मंगलवार, 06 दिसम्बर, 2022 | कुल पृष्ठ 12 | मूल्य 5.00 रुपये

dainikbhaskaruk.com




'वुहान लैब से ही लीक हुआ था कोरोना वायरस' पेज 12›

पैरा बैडमिंटन में भारत को छह स्वर्ण समेत 14 पदक पेज 11›

## सारसुर्खियां

### नौसेना के नए झंडे को राष्ट्रपति की अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय नौसेना के नए झंडे और इंडियन नेवी क्रेस्ट के लिए नए डिजाइन को मंजूरी दे दी है। नौसेना ने अपने नए झंडे और इंडियन नेवी क्रेस्ट का अनावरण रविवार को नौसेना दिवस पर विशाखापत्तनम में किया था। औपनिवेशिक काल से जुड़ी चीजों से छुटकारा पाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया और राष्ट्रीय प्रयास के अनुरूप नौसेना पताका को नए डिजाइन में बदला गया है। 1950 के बाद चार बार भारतीय नौसेना का चिन्ह बदला जा चुका है।

### पाकिस्तानी ड्रोन को सेना ने मार गिराया

**जालंधर।** पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियां और तेज हो गई हैं। पिछले दो दिनों में यह पांचवां मामला है, जब ड्रोन ने पाकिस्तान से भारतीय सीमा में प्रवेश किया। सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अमृतसर जिले के रोड़ांवाला कलां गांव के पास पड़ने वाले क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले ड्रोन की भनभनाहट सुनी। जवानों ने ड्रोन पर निशाना साध कर गोलीबारी की और उसे जमीन पर गिरा दिया। ड्रोन से चीनी पिस्टर व दो किलो हेरोइन बरामद हुई।

### लालू का किडनी ट्रांसप्लांट सफल

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का सोमवार सुबह सिंगापुर के एक अस्पताल में सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। डॉक्टरों के अनुसार ऑपरेशन करीब एक घंटे तक चला और पूरी तरह से सफल रहा। ऑपरेशन के बाद लालू प्रसाद यादव को आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। यह किडनी लालू को उनकी डॉक्टर बेटी रोहिणी आचार्या ने दी है। ऑपरेशन के बाद रोहणी आचार्या ने बताया कि उनके पिता बिलकुल स्वस्थ्य हैं और बात भी कर रहे हैं।

### खाई में कार गिरने से दो लोगों की मौत

**कोटद्वार।** शादी समारोह से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसा सोमवार को कोटद्वार-पौड़ी हाईवे पर सतपुली और गुमखाल के बीच कुल्हाड़ बैंड के पास हुआ। इस हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो बच्चों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल की हालत ज्यादा नाजुक होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद कोटद्वार बेस अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे में मृतक व घायल कोटद्वार के लालपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

## उत्तराखंड के विकास का रोडमैप तैयार: पुष्कर धामी

• **मुन्स्यारी का विकास सरकार की प्राथमिकता**

भास्कर समाचार सेवा

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शुमार किया जाएगा। मुनस्यारी क्षेत्र का संपूर्ण विकास हमारी प्राथमिकता है।

सीमांत मुनस्यारी के दौरे पर आये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुनस्यारी के जोहार क्लब मैदान में आयोजित मुनस्यारी महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मुनस्यारी महोत्सव धीरे-धीरे विश्व प्रसिद्ध महोत्सव के रूप में विख्यात हो रहा है। मुनस्यारी के नैसर्गिक सौंदर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि जोहार की पावन भूमि नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण तो है ही इसका इतिहास भी बहुत गौरवशाली रहा है। उन्होंने मुनस्यारी के नैसर्गिक सौंदर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुनस्यारी जैसा रमणीक स्थल भारत में ही नहीं, विश्व में मिलना मुश्किल है। उन्होंने इस मौके पर मुनस्यारी क्षेत्र की महान विभूतियों को याद किया और कहा कि जोहार की भूमि महान समाज सेवकों, चिंतकों, भू-सर्वेक्षकों एवं पर्वतारोहियों की भूमि है। उन्होंने सभी महान विभूतियों का नाम लेते हुए उनके महान कार्यों को याद किया।



मुनस्यारी महोत्सव में लगे स्टॉल से खरीदारी करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

### प्रदेश का हो रहा है चहुमुंखी विकास

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी सरकार प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रही है। उन्होंने सीमांत क्षेत्रों के विकास को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीमान्त के विकास को लेकर बहुत गंभीर हैं। उन्होंने देश के सीमान्त गांवों को देश का अंतिम गांव न मानकर देश का पहला गांव माना है। हमारी सरकार भी सीमांत क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है।

### जल्द खोला जाएगा एकलव्य विद्यालय

मुख्यमंत्री धामी ने मुनस्यारी में एकलव्य विद्यालय खोले जाने, मुनस्यारी को नगर पंचायत बनाये जाने, मुनस्यारी में गौ रक्षा के लिए सहयोग दिए जाने, चंपावत के ऊपर बुग्यालों में बकरियों के चुगान की अनुमति दिये जाने एवं बोना गांव में गार्डर पुल बनाए जाने की भी घोषणा की। कहा कि राज्य सरकार द्वारा मुनस्यारी क्षेत्र के विकास के लिये 66 घोषणाएं की हैं, जिनमें से 32 पूर्ण हो चुकी हैं, शेष घोषणाओं को पूर्ण करने के लिये जनपद एवं शासन स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।

### जबरन धर्म परिवर्तन संविधान के खिलाफ

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जबरन धर्म परिवर्तन को संविधान के खिलाफ बताया।

न्यायमूर्ति एमआर शाह और सीटी रविकुमार की पीठ ने जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दान का स्वागत है, लेकिन दान का उद्देश्य धर्मांतरण नहीं होना चाहिए। धर्म की स्वतंत्रता में जबरन धर्म परिवर्तन शामिल नहीं है। बल और लालच के माध्यम से कोई धर्मांतरण नहीं होनी चाहिए। हर दान या अच्छे काम का स्वागत है, लेकिन इरादे की जांच जरूरी है। हर किसी को धर्म चुनने का अधिकार है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप लड़कर धर्म परिवर्तन कर सकते हैं।

## 'पाकिस्तान से नहीं होगी कोई बात'

### जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरवॉक और डॉ. जयशंकर ने जारी किया संयुक्त बयान

• **भारत-जर्मनी में कई समझौतों पर हस्ताक्षर**

**नई दिल्ली।** भारत ने दो टूक कहा कि आतंकवाद के रहते पाकिस्तान से किसी हालत में बातचीत नहीं की जा सकती। इस पर जर्मनी ने भी सहमति व्यक्त की है।

जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरवॉक सोमवार को दो दिन की भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंची हैं। यहां उन्होंने सबसे पहले विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर से मुलाकात की। दोनों नेताओं में भारत और जर्मनी के बीच कई मुद्दों पर वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी हुई। दोनों देशों के बीच सीमा पर आतंकवाद को लेकर चुनौतियों पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में बेयरवॉक ने कहा कि हमारे बीच घनिष्ठ समन्वय महत्वपूर्ण है। आज दुनिया चुनौतीपूर्ण स्थिति में है। इस कठिन समय में हमारा मिलकर खड़ा होना जरूरी है। वहीं, डॉ. जयशंकर ने कहा कि एनालेना से पाकिस्तान से संबंध को लेकर भी वार्ता हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद के रहते पाकिस्तान से बातचीत नहीं की जा सकती। पाकिस्तान को हर हालत में आतंकवाद को खत्म करना ही होगा। इस पर बेयरबॉक ने भी सहमति जताई। डॉ. जयशंकर ने कहा कि हमारी रणनीतिक साझेदारी जो दो दशकों से अधिक पुरानी है, वो वास्तव में अधिक राजनीतिक आदान-प्रदान, निरंतर बढ़ते व्यापार, अधिक निवेश से मजबूत हुई है। इस दौरान जयशंकर व बेयरबॉक ने व्यापक प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर भी किये। दोनों नेताओं के बीच रूस और युक्रेन के बीच जारी युद्ध और उसके दुष्परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। भारत यात्रा के दौरान जर्मनी की विदेश मंत्री भारतीय निर्वाचन आयोग के कार्यालय भी जाएंगी। साथ ही महिला अधिकारों को लेकर सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों और गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारियों से भी मुलाकात करेंगी।



नई दिल्ली में मुलाकात के दौरान डॉ. जयशंकर व एनालेना बेयरवॉक।

### भारत एक उभरती शक्ति: बेयरवॉक

जर्मनी की विदेश मंत्री बेयरवॉक ने कहा कि भारत एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति और ठोस लोकतंत्र है। वह कई देशों का रोल मॉडल है। तमाम आंतरिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया के कई देशों के लिए एक आदर्श और सेतु है। भारत जर्मनी का भी एक स्वाभाविक साझेदार है। जर्मनी के जी-7 की अध्यक्षता के अंतिम महीने में और भारत के जी-20 की अध्यक्षता संभालने के कुछ ही दिनों बाद मैं भारत का दौरा कर रही हूं।

### भारत विश्व के लिये एक आदर्श

जर्मनी की विदेश मंत्री बेयरवॉक ने कहा कि भारत विश्व के लिये एक आदर्श है। जलवायु संकट से निपटने और नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों देश मिलकर काम करेंगे। बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने दिखाया कि वह विश्व स्तर पर अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। भारत ने जी-20 शिखर बैठक में साफ कर दिया है कि वह रूस-यूक्रेन जंग के खिलाफ है, इसके लिए भारत को धन्यवाद।

## छावला गैंगरेप केस में पुनर्विचार याचिका दायर

• **आरोपियों को बरी कर चुका है सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** निर्भया कांड की तरह वर्ष 2012 में राजधानी दिल्ली में एक युवती के साथ गैंगरेप और हत्या की दिल को दहला देने वाले छावला केस में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीनों आरोपितों को बरी करने का आदेश दिया था।

मूल रूप से उत्तराखंड की एक युवती दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के छावला के कुतुब विहार में रह रही थी। 9 फरवरी 2012 की रात नौकरी से लौटते समय उसे कुछ लोगों ने उसे जबरन अपनी कार में बैठा लिया। इसके तीन दिन बाद उसका शव बहुत ही क्षतिग्रस्त हालत में हरियाणा के रिवाड़ी के एक खेत मे मिला था। पुलिस की जांच में सामने आया था कि युवती के साथ गैंगरेप को अंजाम दिया गया था। उसे असहनीय यातनाएं भी दी गईं और आरोपितों ने हैवानियत की सभी हदों को पार कर दिया था। साथ ही उसका चेहरा भी तेजाब से जला दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने बीती सात नवंबर को तीनों दोषियों को बरी करने का आदेश दिया था। जबकि इस मामले में निचली अदालत और दिल्ली हाईकोर्ट ने दोषियों को फांसी की सजा सुनाई थी। पीड़ित पक्ष के वकील संदीप शर्मा ने बताया कि हमने पीड़िता के माता-पिता की तरफ से रिव्यू पिटीशन दायर की है। कुछ मुद्दे थे, जो सुप्रीम कोर्ट के सामने नहीं आ पाए हैं। जिन्हें रिव्यू पिटीशन में उठाया गया है। ताकि सुप्रीम कोर्ट देखे और ट्रायल कोर्ट और होई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखे।

### ताजमहल को लेकर याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने ताजमहल के निर्माण तिथि और अन्य ब्यौरों की इतिहास के पुस्तकों में दी गई 'गलत जानकारी' हटाने के लिए दाखिल याचिका का संज्ञान लेने से सोमवार को इंकार कर दिया।

शीर्ष न्यायालय ने सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत इस मामले में कैसे सुनवाई कर सकती है। न्यायमूर्ति एम आर साह और न्यायमूर्ति सीटी रवि कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता सुरजीत सिह यादव द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि इन मुद्दों पर विचार करना भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का काम है। अदालतों को हर चीज में मत घसीटो।

## आर्थिक शक्ति बन उभरा भारत: मोदी

• **देश के भाजपा नेताओं को किया संबोधित**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना और रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध के दौरान पूरी दुनिया में संकट का माहौल है, लेकिन इस बीच भारत ने लगातार प्रगति की और एक आर्थिक शक्ति बनकर उभरा।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक की। आगामी विधानसभा चुनावों व 2024 के लोकसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन किया।

मोदी ने पार्टी के सदस्यों से सीमावर्ती ग्रामीणों से सीधा संपर्क बनाए रखने को कहा। कहा कि सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों को ऐसे स्थानों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, जहां पर्यटक आएं। सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए स्नेह मिलन कार्यक्रमों को मिले बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में महीने भर चलने वाले 'काशी तमिल संगमम' की भी सराहना की, जो दो स्थानों के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों का जश्न मनाता है। बैठक में भाजपा की भविष्य की रणनीति, राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर की तैयारियों और चल रही विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

### जी-20 की अध्यक्षता से गर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि जी-20 की अध्यक्षता भारत के लिये ही नहीं, बल्कि देश के नागरिकों के लिये भी गर्व की बात है। यह विश्व स्तर पर भारतीयता और अपनी संस्कृति को स्थापित करने का एक बड़ा अवसर है। जी-20 सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रपति भवन में सर्वदलीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सभी दलों से सम्मेलन को सफल बनाने के लिये सुझाव मांगे गए।

## राजस्थान में राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो' यात्रा में 'मोदी-मोदी' के नारे

**झालावाड़।** राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा में उस समय असमंजस की स्थिति आ गई। जब यात्रा के दौरान लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाने शुरू कर दिये। हालांकि राहुल गांधी ने नारे लगाने वालों की तरह देख कर हाथ हिलाया।

राहुल गांधी की यात्रा सोमवार को राजस्थान पहुंची है। इस यात्रा को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में राहुल गांधी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के साथ सड़क पर चल रहे हैं, जबकि सड़क किनारे खड़ी लोगों की भीड़ 'मोदी-मोदी' के नारे लगाती हुई नजर आ रही है। यह देख राहुल गांधी ने मोदी समर्थकों को देखकर हाथ हिलाया।

राहुल गांधी की राजस्थान में पहले दिन की यात्रा सुबह झालावाड़ जिले के कालीतलाई से शुरू हुई। यात्रा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह भी मौजूद रहे।




### गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में सोमवार को 60 प्रतिशत तक मतदान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डाला वोट

## गुजरात और हिमाचल प्रदेश में फिर से भाजपा का जादू!

**एक्जिट पोल**

• **कांग्रेस बन सकती है दूसरी सबसे बड़ी पार्टी**

**नई दिल्ली।** एक्जिट पोल में भाजपा की गुजरात तथा हिमाचल में सत्ता में वापसी तथा दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के सत्तासीन होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। वहीं, गुजरात में दूसरे चरण के चुनाव में 60 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने भी मताधिकार का प्रयोग किया। वोटिंग प्रतिशत में इजाफे की संभावना है।

एक्जिट पोल के अनुसार हिमाचल की 68 सीटों में से भाजपा को 34 से 42, कांग्रेस को 24 से 32 तथा अन्य को 1 से 3 और आम आदमी पार्टी का खाता नहीं खुलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। एक अन्य सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल में भाजपा को 35 से 40, कांग्रेस को 20 से 25, आम आदमी पार्टी को 0 से 3 तथा अन्य को 1 से 5 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है। सीजीएस के एक्जिट पोल में हिमाचल में भाजपा को 62, कांग्रेस को 5, आप को एक और निर्दलीय तथा अन्य को कोई सीट नहीं मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

अन्य सर्वेक्षण के अनुसार गुजरात की 182 सीटों में से भाजपा को 125 से 130, कांग्रेस को 40 से 50, आप 3 से 5 तथा अन्य को 3 से 7 सीटें मिलने का अनुमान है।

इस तरह अन्य सर्वे के अनुसार गुजरात में भाजपा को 128 से 148, कांग्रेस को 30 से 42, आप को 2 से 10 तथा अन्य को 0 से 3 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया है। एक अन्य चैनल के सर्वेक्षण में भाजपा को 167, कांगेस को 4 और आप को 11 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है।



वोट देने के बाद उंगली में लगी स्याही का निशान दिखाते प्रधानमंत्री मोदी।

### एमसीडी में आम आदमी पार्टी आगे

दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा को 99, कांग्रेस को 6 तथा आम आदमी पार्टी को 140 और निर्दलीय एवं अन्य को पांच सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। एक अन्य एक्जिट पोल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी को बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। दिल्ली नगर निगम चुनाव में कुल 250 वार्डों में से आम अदमी पार्टी को 149 से 171, भारतीय जनता पार्टी को 69 से 91, कांग्रेस को 3 से 7 तथा अन्य को 5 से 9 सीट मिलने का अनुमान है।

page-2_page 1 12/5/2022 9:59 PM Page 1



# देहरादून

आज ही के दिन 1998 में रूस 2002 में भारतीय नौसेना को 'क्रिवाक श्रेणी' के बहुउद्देश्यीय युद्धपोत देने पर सहमत हुआ था।

## सारसुर्खियां

### तोता सिंह रांगड़ के नाम पर हो सड़क

**देहरादून।** प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर ऋषिकेश बद्रीनाथ मार्ग का नाम तोता सिंह रांगड़ के नाम पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश से बद्रीनाथ मोटरमार्ग निर्माण के समय जब एक घाटी में, जिसे वर्तमान में तोता घाटी के नाम से जाना जाता है, विशालयकाय चट्टानों के कारण सड़क पास करना मुमकिन नहीं था तब तात्कालिक टिहरी नरेश ने इस सड़क को पास करने का ठेका प्रतापनगर विधानसभा के रौणिया गांव के निवासी ठेकेदार तोता सिंह रांगड़ को दिया, जिस घाटी में विशालकाय चटटानों के सामने अत्याधुनिक मशीने भी फेल साबित रही।

### न्यायपूर्ण निर्णय है महिला आरक्षण विधेयकः मधु

**देहरादून।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता मधु भट्ट ने सरकार के महिला आरक्षण विधेयक को महिला सशक्तिकरण की दिशा में जहां एक न्यायपूर्ण निर्णय बताया है। वहीं राज्य महिला आयोग की ओर से पहली बार बनाए गए ड्राफ्ट में राजनीतिक पदो पर 50 प्रतिशत महिलाओ को नियुक्त किए जाने की हृदय से प्रशंसा की है। इन अभूतपूर्व निर्णय से निश्चित रूप से महिलाओ का भविष्य देवभूमि में सुरक्षित, सुदृढ एवं संपन्नता की ऊंचाईयों को पार करने मे सक्षम होगा। उत्तराखंड की सरकार एवं मातृशक्ति निश्चित रूप से बधाई की पात्र है।

### हो रहा है प्रचारः आनंद

**देहरादून।** आम आदमी पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने एक बयान जारी कर पलटन बाजार की दुकानों के छज्जो को भगवा रंग से रंगे जाने पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उन्होंने कहा भारत विविधताओं का देश है जहां हर प्रकार के रंग, भाषा बोली, वेशभूषा थोड़ी थोड़ी दूरी पर बदल जाती है परंतु भारतीय जनता पार्टी की मानसिकता केवल और केवल भाजपा के प्रचार की है ना की जन कल्याण की। उन्होंने कहा भाजपा की ओर से स्मार्ट सिटी जोकि एक सरकारी योजना है की आड़ में अपने संगठन को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है जोकि गलत है।

## सरकारी भूमि पर कब्जा कर रहे भू-माफिया

- जिलाधिकारी सोनिका के समक्ष लोगों ने की शिकायतें

भास्कर समाचार सेवा



जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की शिकायतें सुनती जिलाधिकारी सोनिका।

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में सोमवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 116 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें नत्थनपुर में सरकारी भूमि पर कब्जा करने, सिघनी गंढ़ी कैंट भू-माफियाओं द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा करने, पानी के बिल अधिक आने, खुशहालपुर में नशा बेचने आदि प्रमुख शिकायतें प्राप्त हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित शिकायतों पर निस्तारण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियो को निर्देशित किया कि जनसुनवाई एवं ई-चौपाल में प्राप्त हो रही शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ई-चैपाल में जिन विभागों से शिकायतें प्राप्त हुई थी उसके निस्तारण की आख्या मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित करना सुनिश्चित करें ऐसा न करने वाले विभागों पर नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी। उन्होंने शिकायत पटल को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में अब तक नगर निगम से संबंधित प्राप्त हुई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति प्रेषित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनमानस की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने तथा जिन शिकायतों पर मौका मुआवना व जांच की जानी है पर भी प्राथमिकता से समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. एसके बरनवाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज उप्रेती, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विद्याधर कापड़ी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास अखिलेश मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सूबे के एक हजार गांवों को रोशन करने का लक्ष्य

भास्कर समाचार सेवा

- सोलर ऊर्जा पर ड्राफ्ट बनाने को सीएम ने दिए निर्देश

**देहरादून।** उत्तराखंड के एक हजार गांवों को सोलर ऊर्जा से रोशन किए जाने के लक्ष्य पर काम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बारे में प्रस्ताव कैबिनेट में पास कराने के लिए विभाग को तुरंत ड्राफ्ट बना कर देने को कहा है।

उत्तराखंड में सौर ऊर्जा उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। सरकार ने एक हजार गांवों में बंजर पड़ी पूरब मुखी जमीनों को चिन्हित भी कर लिया है।

सरकार चाहती है कि इन गांवों में सौर ऊर्जा से ही विद्युत सप्लाई की जाए। धामी सरकार का मानना है कि इससे स्थानीय रोजगार के साथ-साथ सस्ती बिजली भी लोगों को मिल सकेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने ऊर्चा सचिव को ये निर्देशित किया है कि एक हजार गांवों में सोलर ऊर्जा के प्रोजेक्ट को कैबिनेट में लाने के लिए उसका फाइनल ड्रॉफ्ट तैयार करे, ताकि इस पर सरकार इसे पास करके योजना को निर्धारित समय के साथ पूरा कराया जा सके। सौर ऊर्जा पॉलिसी को ड्राफ्ट करने का काम चल रहा है।

इस प्रोजेक्ट उन स्थानीय लोगों को निवेश करने का मौका मिलेगा जो गाँवों को छोड़कर अन्य स्थानों पर रह रहे हैं उनकी बंजर भूमि से आय भी होगी।

## लाखों की ठगी करने वाला शातिर किया गिरफ्तार

**पिछले पांच सालों से दे रहा था पुलिस को चकमा, एसटीएफ टीम ने की गिरफ्तारी**

भास्कर समाचार सेवा



एसटीएफ टीम की गिरफ्त में ठगी का आरोपी शातिर।

**देहरादून।** एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल की ओर से ईनामी अपराधियों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का ही परिणाम है कि एसटीएफ टीम की ओर से एक ऐसे शातिर ठग को चंडीगढ़ से गिरप्तार करने में कामयाबी हासिल की है जो पिछले 5 सालों से पुलिस को छकाता रहा है। इसकी गिरप्तारी के लिए पहले 5 हजार के इनाम की घोषणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार ने की थी, परन्तु यह ठग इतना शातिर था कि पुलिस से बचने के हर हथकंडे अपनाता रहता था, जिसके कारण अभी तक पुलिस की गिरप्त में नहीं आ सका था, जिस कारण से इस आरोपी की गिरप्तारी के लिए 25 हजार रूपये के इनाम की घोषणा की गई थी।

इस बार इसकी गिरप्तारी के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई गई और एसटीएफ के बिछाये जाल में फंस गया। गौरतलब है कि आरोपी अमर सिंह ग्राम कुंजा बहादुरपुर हरिद्वार का पूर्व ग्राम प्रधान था और अपनी ग्राम प्रधानी के दौरान ही उसने अपने प्रभुत्व का इस्तेमाल कर कई लोगों को इस झांसे में ले लिया था कि वह उनकी नौकरी राजकीय इंटर कॉलेज में क्लर्क के पद पर अथवा बीएचईएल हरिद्वार में लगा सकता है।

इस व्यक्ति ने नौकरी लगाने का झांसा देकर कई लोगों से लाखों रुपए प्राप्त करके एक दिन अचानक जनपद हरिद्वार से गायब हो गया और अपने पूरे परिवार से संपर्क भी खत्म कर लिया। जिस पर कोतवाली रूड़की में उसके विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा वर्ष 2018 में दर्ज किया गया था। तब से आरोपी लगातार फरार चल रहा था।

पुलिस अधीक्षक एसटीएफ चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि एक टीम कोतवाली रूड़की से वर्ष 2018 से घोखाधड़ी के एक मामले में वाछित शातिर अमर सिंह को पकड़ने के लिये पिछले काफी प्रयास कर रही थी, परन्तु वह काफी प्रयास के बाद भी अब तक गिरप्तार नहीं हो सका था, क्योंकि वो हर माह में अपना नया ठिकाना बदल लेता था। इस बार आरोपी अमर सिंह के लगातार ठिकाने बदलने के पैटर्न को विश्लेषित कर एसटीएफ टीम को एक नयी रणनीति बनाकर इस आरोपी की गिरप्तारी के लिए पुनः निर्देशित किया। परिणाम स्वरूप एसटीएफ की टीम ने इस शातिर अपराधी को चंडीगढ़ के एक होटल में दबिश देकर गिरप्तारी की गई। अमर सिंह होटल में अपना वेश बदलकर रखता था, ताकि कोई उसे पहचान न सके और हर महीने राजस्थान के नागौर जिले में स्थित ओशो ध्यान सेंटर में जाया करता था।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**देहरादून।** उत्तराखण्ड विक्रम, ऑटो रिक्शा परिवहन महासंघ के अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत एवं संघ के महामंत्री इन्द्रजीत कुकरेजा के संयुक्त नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर करन माहरा ने संघ के महत्वपूर्ण मांगों का समर्थन करते हुए सरकार के इस अव्यवहारिक निर्णय का कड़े शब्दों में आलोचना की है।

उन्होने कहा है कि सरकार ने 10 वर्ष से अधिक पुराने ऑटो, विक्रमों को 1 मार्च 2023 से एवं अन्य सभी डीजल चलित वाहनों को 31 दिसंबर को समाप्त करने का निर्णय लिया है जिसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। उन्होंने सरकार की मंसा पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले से ही कोरोना के कारण दो वर्ष तक विक्रम ऑटो रिक्शा चालको को बेरोजगारी का दंश झेलना पड़ा है।

## हिमाचल से प्रशिक्षण लेंगे सूबे के सेब किसान

- किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर मंत्री जोशी ने किया रवाना

भास्कर समाचार सेवा




किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कृषि मंत्री।

**देहरादून।** न्यू कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान विभाग में संचालित जिला योजनांतर्गत चकराता, कालसी एवं सहसपुर के सेब उत्पादक किसानों को सेब पौध रोपण, काटाई छटाई, उर्वरक खाद, उन्नत पैदावार तथा फल तुड़ाई उपरांत प्रबंधन आदि विषय पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण देने के लिए जनपद के 30 चयनित किसानों का दल डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हाट्रिकल्चर एंड फारेस्ट्री नौणी सोलन हिमांचल प्रदेश के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

गौरतलब है कि वर्तमान समय सेब के पौधों की कटाई छटाई एवं पौधो को ऊर्वक खाद आदि दिये जाने का उपयुक्त समय है फलस्वरूप किसानों को प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी प्राप्त हो पाएगा, तथा प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण संस्थान से सेब उत्पादन के लिए नवीन तकनीकी की जानकार प्राप्त कर स्वयं भी लाभ उठायेगें एवं अन्य किसानों को भी नवीन एवं उच्च तकनीकि की जानकारी देगें जिससे कि सेब उत्पादकता में बृद्धि हो तथा भविष्य में इसी प्रकार से किसानों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए समय समय पर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा यह 30 चयनित किसान जब हिमाचल से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटेंगे तो यह प्रदेश के किसानों को ट्रैनिग देंगे। मंत्री जोशी ने कहा कि निश्चित ही जो हमारा संकल्प है कि सेब के उत्पादन को दुगना करेंगे उसके लिए यह सार्थक कदम होगा। इस अवसर पर उद्यान निदेशक एचएस बवेजा, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ. मीनाक्षी जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## उत्तराखंड को थाईलैंड नहीं बनने देंगेः धीरेंद्र

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि उत्तराखंड को थाईलैंड नहीं बनने देंगे वे दो दिवसीय गढ़वाल के दौरे से लौटने के बाद यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। अंकिता भंडारी और किरण नेगी हत्याकांडों से आक्रोश से भरे धीरेंद्र प्रताप ने कहा उत्तराखंड हमने इसलिए नहीं बनाया था यहां की मातृशक्ति की आबरू खतरे में पड़ जाए उन्होंने कहा कि जिस तरह से उत्तराखंड में मातृशक्ति अपमानित हो रही है कलुषित हो रही है उसके लिए भाजपा सरकार की जितनी आलोचना की जाए कम है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा उत्तराखंड में मसाज कल्चर को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## 286 किलो कचरा इकट्ठा कर भेजा हर्रावाला केंद्र



अभियान के दौरान कचरा एकत्र करते एनसीसी कैडेट्स।

भास्कर समाचार सेवा

**वेस्ट वॉरियर्स व एनसीसी कैडेट्स ने चलासा स्वच्छता अभियान**

**देहरादून।** एलआईसी एचएफएल एवं वेस्ट वॉरियर्स संस्था ने पुनीत सागर अभियान के तहत सोमवार को एनसीसी कैडेट्स 11 यूके गर्ल्स एनसीसी और 29 यूके बीएन एनसीसी के द्वारा शहर भर में जो पानी बचाने के लिए एक मुहिम चलाई जा रही है, जिसमे नदी के आसपास गंदगी और जो कचरा उत्तपन हो रहा है उसको एक अभियान के द्वारा साफ किया जा रहा हैं । इसी अभियान के अंतर्गत सहस्त्रधारा में आज सफाई अभियान चला 286 किलो कचरा इकठ्ठा कर हर्रावाला स्थित स्वच्छता केंद्र भेजा गया। सुबह सभी कैडेट्स और संस्था के वॉरियर्स एवं व्यापार मंडल ने मिलकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया तथा एक स्वछता की रैली सहस्त्रधारा मार्केट से होकर निकाली गई, जिसमे सभी ने एक स्वर में कचरा न करने के नारे लगाए। संस्था से असलम खान ने बताया की सिर्फ आज ही नही आगे भी स्वच्छता को लेकर सबके साथ मिलकर कार्य करने होंगे ताकि हर निवासी और पर्यटक स्वच्छता का महत्व जान सके। सूबेदार लक्ष्मी राय एवं लेफ्टीनेट निहारिका जी ने बस यूनियन और व्यापारी से अनुरोध किया है कि कचरा नदी में नही बल्कि संस्था की गाड़ी को ही दे, जहा इस कचरे को रिसाइलिंग किया जा सके। इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापार संघ से अनूप पयाल, राकेश जवाड़ी, दिनेश सिंह जवाडी, उप प्रधान कार्लिगार्ड हुकुम एवं संस्था से आकाश मालिक,पूजा, अंकिता कुंवर मौजूद रहे।

## तय समय से पहले ही होगा सैन्य धाम का निर्माणः जोशी

भास्कर समाचार सेवा

- सैनिक कल्याण मंत्री ने कार्य प्रगति की जानकारी ली

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को गुनियाल गांव पहुंचकर सैन्य धाम के निर्माण कार्यों को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर पहुंचे मंत्री गणेश जोशी ने निर्माण कार्यों का मौका मुआयना कर सैन्य धाम के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य को तय समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा निर्माण कार्यों में इस्तामेल हो रही सामग्री में गुणवत्तता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के स्वरूप उत्तराखंड में सैन्य धाम निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा यह मेरा भी ड्रीम प्रोजेक्ट है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार सैन्य धाम की मॉनिटरिंग करते रहते है। इसके लिए सैन्य धाम को भव्य रूप दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि 2023 के अंत से पहले ही हम सैन्य धाम का निर्माण पूर्ण कर लेंगे। इस अवसर पर ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, वीर सिंह, अनुराग सिंह, नीतू पुंडीर, कमलेश सती सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कैंट विधायक ने शुरू कराई योग कक्षा

- स्थानीय महिलाओं ने उठाया इसका लाभ

भास्कर समाचार सेवा



विजय वाटिका में योगाभ्यास करतीं महिलाएं।

**देहरादून।** मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की ओर से बल्लुपुर रोड विजय पार्क स्थित विजय वाटिका में योगा इंस्ट्रक्टर गीता वर्मा की ओर से योग कक्षा प्रारंभ की गयी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैंट विधायक सविता कपूर रही। विशिष्ट अतिथि संजीव चांदना रहे। इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर ने योगा क्लास शुरू करने के लिए मधु जैन को बधाई दी कि स्वास्थ्य की दृष्टि से उन्होंने यह बहुत अच्छा कार्य प्रारंभ किया है। जिस तरह से आज इस कक्षा का प्रारंभ हुआ है उम्मीद है कि इसमें और स्थानीय निवासी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और स्वास्थ्य लाभ लेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संजीव चांदना ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मधु जैन की ओर से हर तरह की सेवा हर जगह दी जाती रही है। यह भी उन मे से एक है इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन ने कहा कि इस शानदार पारी की प्रारंभ हमारी कैंट विधायिका सविता कपूर ने आशीर्वाद देकर किया। भविष्य में भी जहां मुझसे जो हो पड़ेगा जो हर जगह कार्य करने में तत्पर हूं जिस तरह आज योगा इंस्ट्रक्टर गीता वर्मा ने बहुत सुंदर तरीके से योगाभ्यास कराया और सभी स्थानीय महिलाओं ने इसका लाभ उठाया मैं उनका धन्यवाद और आभार प्रकट करती हूं। इस अवसर पर संगठन के चेयरमैन सचिन जैन रजनी राणा अंजलि सिंह इंदु गोसाई आभा अग्रवाल सुमन शर्मा प्रिया शर्मा सुषमा, शशि जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
स्वात्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक संजय कुमार अग्रवाल द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सेक्टर-6 नोएडा, यूपी, 201301 से मुद्रित एवं 12/20, आशीर्वाद एनक्लेव, चकराता रोड देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक :** संजय कुमार अग्रवाल
**स्थानीय संपादक :** गिरीश चंद्र तिवारी*
**संपादकीय कार्यालय :** 51/5 राजपुर रोड, नियर सीएन. आई. चर्च, देहरादून, 248001
**कार्यालय :** 0135-2655500
**मोबाइल :** +91-6396754808
**website:** dainikbhaskaruk.com
Editbhaskaruk@gmail.com
*इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं प्रकाशन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।
UTTHIN/2017/74028

## आज का राशिफल

**मेष :** आज ऑनलाइन शॉपिंग कर सकते हैं। आपको आज सम्मान मिल सकता है। कारोबार में अच्छी खासी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। प्रगतिशील विचारों का प्रभाव आपके करियर को नये आयाम दे सकता है। परिजनों की कोई बात बुरी लग सकती है। कोशिश यह करनी होगी की निजी जीवन में अपनों को समझें और उनसे तालमेल बनाये रखें।

**वृष :** आमोद-प्रमोद में दिन बीतेगा। अधूरे कार्यों को शीघ्रता से पूरा करेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी ख्याति बढ़ेगी। सोच-समझकर ही किसी मुद्दे पर अपनी राय दें। किसी रिश्ते की ओर इच्छा बढाते चले जाने की बजाए अपनी मेहनत को सुदृढ़ करने की कोशिश करनी होगी।

**मिथुन :** जॉब और व्यापार में नयी तकनीकी का प्रयोग करेंगे। सही और गलत का निर्णय करने में चूक हो सकती है। अति आत्मविश्वास आपको भारी पड़ सकता है। दूर स्थान की यात्रा करने से बचें। प्रेम की अभिव्यक्ति में अतिश्योक्ति न करें।

**कर्क :** स्वास्थ्य को लेकर परेशानी रहेगी। दोपहर के बाद मन कुछ अशान्त हो सकता है। सहयोगी लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं। जॉब में अस्थिरता जैसी स्थिति रहेगी। परिवार के सदस्यों के बीच अविश्वास की स्थिति बन सकती है। बहुत सारी अच्छाईयां भी हैं साथ जुडी हुई इसलिए अपनी कोशिशों से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है ऐसा ही कहते हैं आपके तारे।

**सिंह :** अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक चिन्ता आज दूर हो सकती है। पुराने मित्रों से मिलाप होने के योग बन रहे हैं। आपका साहस और आत्मविश्वास बढ़ेगा। आय के स्रोतों से विशेष लाभ के योग धार्मिक यात्रा के योग जल विभागों से सफलता की प्राप्ति होगी।

**कन्या :** जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। चुनौतियों का बेहतर सामना करेंगे। पारिवारिक मामलों में तनाव कम होगा। बच्चों की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रतिष्ठित लोगों से सहयोग मिलेगा। अपनी कोशिशों को थोड़ा सा भाव दे लेने से बहुत कुछ आपके हित में बन सकता है।

**तुला :** आपके कार्य की प्रशंसा होगी। गूढ़ विद्याओं और उच्च शिक्षा में रुचि लेंगे। आपका कोई कर्ज उतर सकता है। शरीर में उत्साह और ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। आपकी आय बहुत ही अच्छी रहेगी। वैवाहिक जीवन में सुख की अनुभूति होगी। कोई भी कदम उठाने से पहले सोच लें की उसका असर कहाँ तक जाएगा ताकि फैसले सूझबूझ से किये जा सकें।

**वृश्चिक :** अनावश्यक खर्चे आपको परेशान कर सकते हैं। नजदीकी मित्रों का सहयोग मिलेगा। आपकी प्रतिभा का लोग सम्मान करेंगे। गुप्त बातें बाहर आ सकती हैं। भाग्य का साथ नहीं मिलेगा। धन के लेन-देन को लेकर परेशानी रहेगी। एक तरफ आप सामाजिक समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहेंगे।

**धनु :** नौकरी में आपको प्रमोशन मिल सकता है। समाज की भलाई का काम करेंगे। आपके अधिकार और योग्यता में वृद्धि होगी। आपकी जीवनशैली बहुत रोमांटिक रहेगी। उधार लिया हुआ धन वापस मिलेगा। माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा नया संबंध लाभकारी रहेगा। कोई मित्र सहयोग नहीं करेगा।

**मकर :** नये कार्यों का शुभारम्भ होने की सम्भावना है। व्यापार में तेजी रहेगी। आपकी दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का सम्पर्क बढ़ेगा। परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का प्रयास करेंगे। मानसिक अस्थिरता को दूर करें और समय पर समाप्त करने का प्रयास करें।

**कुंभ :** ज्ञान-विज्ञान में रुचि लेंगे। धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि लेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले लोगो को सफलता मिलेगी। दूर स्थान की यात्रा सौभाग्यदायी रहेगी। बुजुर्ग रिश्तेदारों से काफी कुछ सीखने को मिलेगा। परेशानी यह ही की कुछ समय से आपकी मेहनत में कमी आ चुकी है जिस ओर आप पूरी तरह से ध्यान नहीं दे पा रहे।

**मीन :** लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। माता की सेहत को लेकर चिन्ता रहेगी। व्यापार में आपको कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है। अनावश्यक मामलों में टांग न अड़ायें। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी आवश्यक है। रोग, विपत्ति आदि में व्यय के योग।



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री, हरिद्वार
मो. 9837081951
Email: astro@aatrayshri.com
Website: www.aatrayshri.com

## सारसुर्खियां

### वन पट्टों पर भू माफियाओं की नज़र

**डोईवाला।** सरकार वन ग्रामों को मालिकाना हक देने का प्रयास कर रही है, पर भू माफिया ऐसी जमीनों पर बाज की तरह नजर गढ़ाए है। ताकि पहले से ही इन जमीनों को ओने पौने दामों पर खरीद बड़ा मुनाफा कमाया जा सके। डोईवाला के लालतप्पड़ चांडी प्लांटेशन, टोंगिया, सत्तिवाला में वर्षों पहले भूमिहीन लोगों को वन पट्टे आवंटित किए गए थे, जिस पर भू माफियाओं की बुरी नजर पड़ने लगी है। और यह माफिया इन जमीनों को ओने पौने दामों में खरीद रहे हैं। इसी को लेकर कांग्रेस सेवा दल व ग्रामीणों ने डोईवाला तहसील दार को ज्ञापन सौंपा।

# प्रदेशभर में आयोजित होंगे मिलेट्स मेले: डॉ. धन सिंह

- मोटे अनाजों को बढ़ावा देन है मेलों का उद्देश्य

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** पोषक तत्वों से भरपूर मोटा अनाज सिर्फ गरीबों की थाली तक सीमित रह गया है। मोटे अनाजों के पौष्टिक गुणों को देखते हुये इसे आम लोगों की डाइट में शामिल करने के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रदेशभर में मिलेट्स थीम पर ईट राइट मेलों का आयोजन करने जा रही है, जिसकी शुरूआत ऋषिकेश से की जाएगी। मिलेट्स मेलों के माध्यम से आम जनमानस को मोटे अनाजों और उनके पौष्टिक गुणों के प्रति जागरूक करना है ताकि लोग इस सुपर फूड को अपने भोजन की थाली में शामिल कर सके।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि शीघ्र ही प्रदेशभर में मिलेट्स मेलों का आयोजन किया जायेगा। जिसका मकसद आम जनमानस को मोटे अनाजों के प्रति जागरूक करना है साथ ही लोगों की डाइट में मिलेट को वापस लाना है। डॉ. रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेशभर में मोटे अनाजों के प्रोत्साहन के लिये लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में जनवरी माह में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से ऋषिकेश में मिलेट थीम पर ईट राइट मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें लोगों को मोटे अनाजों के प्रति जागरूक किया जायेगा। इसके उपरांत फरवरी माह में श्रीनगर जबकि मार्च माह में अल्मोड़ा में ऐसे मेले आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि मिलेट्स मेले में कम से कम 5 फूड स्टॉल पर मिलेट्स से बने व्यंजनों का प्रदर्शन किया जायेगा, मिलेट से बने व्यंजनों से जुड़े इंफोग्राफिक्स प्रदर्शित किये जायेंगे, मोटे अनाजों से बने स्वास्थ्यवर्धक आहारों की विधियां बताई जायेगी, मिलेट्स पर आयोजित पाक कला के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता के साथ ही नुक्कड़-नाटकों का आयोजन किया जायेगा। कोदो, समा, कंगनी आदि सुपर फूड हैं जो स्वास्थ्य के लिये बहुत फायदेमंद हैं, इनमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, कैल्शियम, आयरन, मैंजीन, मैग्नीशियम, फासफोरस, जिंक जैसे अनेकों पोषक तत्व हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का रिजल्ट जारी: डॉ. आर. राजेश

**देहरादून।** आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के अंतर्गत 664 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की नियुक्ति को लेकर रिजल्ट जारी किया जा चुका है व काउंसलिंग प्रक्रिया शीघ्र ही आरंभ होगी, जिसके बाद चयनित सीएचओ को मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री की ओर से नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। यह बात प्रभारी सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा व एनएचएम मिशन निदेशक डॉ. आर. राजेश कुमार की ओर से बतायी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सीएचओ के पदों के लिए एचएनबी मेडिकल यूनिवर्सिटी के माध्यम से रिजल्ट जारी किया जा चुका है व काउंसलिंग प्रक्रिया भी शीघ्र ही आरंभ होगी। नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की ओर से दिए जाएंगे। डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि सीएचओ की नियुक्ति के बाद सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में गैर-संचारी रोग जैसे टीबी, तंबाकू निषेध, मेंटल हेल्थ, डायबिटीज, कैंसर, बल्ड प्रेशर (हाइपरटेंशन), आंखों की कमजोरी, नाक, गले आदि से जुड़ी बिमारियों की स्क्रीनिंग में तेजी आएग व इलाज संभव होगा। सीएचओ द्वारा टारगेट पोपुलेशन जो कि मैदानी क्षेत्रों में 5 हजार व पहाड़ी क्षेत्रों में 3 हजार है में 30 से अधिक उम्र के लोगों की स्क्रीनिंग की जाती है।

### एनएसयूआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**डोईवाला।** शहीद दुर्गा मल्ल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला में राहुल गांधी की ओर से चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा का समर्थन करते हुए एनएसयूआई ने हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सावन राठौर ने कहा की राहुल गांधी की ओर से चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा विभिन्न प्रदेशों से होकर गुजर रही है और इस यात्रा का मकसद है, देश की समस्याओं को उठाना है। इसी संदर्भ में डोईवाला डिग्री कॉलेज में भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमे कई सौ छात्र-छात्राओं ने समर्थन किया है। हस्ताक्षर अभियान में सावन राठौर, हिमांशु, मनीषा, हरमन प्रीत कौर, शोएब अली, अशद, संजू ठाकुर, वशाली, आदि मौजूद रहें।

# अपराधियों में दिखना चाहिए पुलिस का खौफ: अशोक

**पुलिस महानिदेशक ने दी दून पुलिस को नसीहत, अपराध के पीछे नहीं अपराधियों के पीछे भागे**

- अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षक व थाना प्रभारियों की ली बैठक

भास्कर समाचार सेवा



पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार।

**देहरादून।** पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षक तथा थाना प्रभारियों की अपराध एवं कानून व्यवस्था पर बैठक ली। गोष्ठी के दौरान डीजीपी ने कई दिशा-निर्देश भी दिए।

सामान्य आम जन पर पुलिस का विश्वास बढ़े तथा अपराधियों पर पुलिस का डर दिखाई दे। अपराधियों को पुलिस का डर होना चाहिये, जनपद में कोई भी अपराधी प्रवेश करने की हिम्मत न करें, यदि प्रवेश करता है तो जनपद से बाहर न जाने पाये।

इसके अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने सभी थाना प्रभारियों के विचार तथा उनकी समस्याएं सुनी, जिसका निस्तारण किया गया। अपराध की प्रकृति की पूर्ण जानकारी करते हुए किसी भी दशा में हल्की धाराओं में अभियोग पंजीकृत न करते हुए बडी धाराओं में अभियोग पंजीकृत करें। जिससे किसी भी दशा में आरोपी को हल्की धाराओं का लाभ न मिलने पाए। विवेचना में 7 साल तक की सजा के अपराधों में भी आरोपियों से पूछताछ अवश्य की जाए। 2 माह अभियान चलाकर वांछित, इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की जाए। वांछित अपराधियों पर इनाम घोषित किया जाए तथा इनाम की धनराशि बढाई जाए।

गैंगस्टरों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करते हुए उनकी अवैध संपत्ति को सीज करने की कार्यवाही की जाए। प्रत्येक पुलिस अधिकारी तत्परता से काम करें, अपराध के पीछे नहीं बल्कि अपराधियों के पीछे भागे। पुलिस उपाधीक्षक से नीचे कोई भी पुलिस अधिकारी-कर्मचारी किसी भी अपराध से संबंधित किसी प्रकार की मीडिया बाइट न दे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की सहमति से ही विवेचक मीडिया बाइट दे। शिकायतकर्ता को सुने, उनकी समस्या का समाधान करें। शिकायतकर्ता को अपनी समस्या के लिए अधिकारियों के पास भटकना न पड़े। अपराधों में नशे में लिप्त व्यक्तियों की संलिप्तता अधिक पाई जा रही है, नशें के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। किसी भी स्थान पर जाम लगने पर इसकी जानकारी सोशल मीडिया, अन्य स्त्रोत के माध्यम से आम जनता को पंहुचाये जिससे आम जनता को अनावश्यक जाम का सामना न करना पड़े।

### यूओयू कुलपति ने की राज्यपाल से मुलाकात

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जरनल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर ओमप्रकाश नेगी ने शिष्टाचार भेंट की। कुलपति प्रो. नेगी की ओर से अवगत कराया गया कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति की ओर से दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओमप्रकाश सिंह नेगी की ओर से यह भी अवगत कराया गया कि यह पुरस्कार विश्वविद्यालय की ओर से दिव्यांगजनों के लिए पुनर्वास पेशेवरों को तैयार किए जाने व कार्यशालाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों की समस्याओं को निराकरण के लिए दिया गया है।

# मनीहॉप ने नियो-बैंक के लिए किया स्टोर लॉंच

- फिजिटल प्लेटफॉर्म का निर्माण करेगा नियो बैंक: मयंक

भास्कर समाचार सेवा



कार्यक्रम के दौरान मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल व सीईओ एवं फाउंडर मयंक गोयल।

**देहरादून।** भारत के पहले क्रॉस-बॉर्डर नियो-बैंक, मनीहॉप ने सोमवार को अपने ऑफलाईन, वॉक-इन स्टोर का लॉंच किया। इस स्टोर का उद्घाटन वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया, जो यहां डिजिटल बैंकिंग के जरिए जनमानस के लिए किफायती तरीके से वैश्विक अवसरों के द्वार खोलने के मनीहॉप के उद्देश्य का समर्थन करने के लिए आए थे। यह स्टोर एक फिजिटल प्लेटफॉर्म का निर्माण करेगा, जो डिजिटलाईज़ेशन के अंतर को दूर करने में मदद करेगा। टियर 2 और टियर 3 शहरों पर केंद्रित यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को टेक्नॉलॉजी अपनाने, डिजिटल फाईनेंसिंग पार्टनर्स पर भरोसा करने, बिगिनर्स की शंकाओं का समाधान करने में मदद करेगा। सर्विस आधारित ब्रांड होने के नाते मनीहॉप स्टोर एक फिजिटल एक्सपीरियंस सेंटर बनाने की ओर एक पहल है, ताकि ग्राहकों को प्रयोगात्मक जागरुकता प्राप्त हो सके। यह पहल डिजिटल, क्रॉस-बॉर्डर बैंकिंग के फर्स्ट हैंड अनुभव द्वारा उनके डिजिटलाईज़ेशन के सफर में मदद करेगी। मनीहॉप के सीईओ एवं फाउंडर मयंक गोयल ने कहा कि इस बाजार में स्टार्टअप परिवेश को बढ़ता हुआ देखकर बहुत खुशी हो रही है। मनीहॉप बाजार की समस्याओं का समाधान करने के लिए शुरू किया गया था और आज यह ब्रांड भारत एवं विश्व में फिनटेक के परिवेश में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस स्टोर के लॉंच के साथ समाज को अपना योगदान देते हुए डिजिटल बैंकिंग का पहला फिजिटल अनुभव प्रदान करने के लिए मैं गौरवान्वित हूँ।

### धामी सरकार कहने में नहीं काम करने में विश्वास करती है: चौहान

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य द्वारा कम समय अवधि मे सत्र समाप्त करने को लेकर दिये बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सवालों के संतोषजनक उत्तर पर कांग्रेस सवाल उठाती तो बेहतर होता। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि सदन मे विपक्ष के द्वारा पूछे गए सभी सवालों पर सरकार ने साफगोई से पक्ष रखा और हर सवाल का जवाब भी दिया है। उन्होंने कहा कि सदन मे राज्य हित मे बेहतर निर्णय भी लिए गए, लेकिन कांग्रेस उन निर्णयों पर कुछ कहने से बचने का प्रयास करती है।

**संबंध विच्छेद**

मैंने रामेश्वर दास को वर्ष 2016 में अपना शिष्य बनाया था। रामेश्वर दास अब हमारे कहने सुनने में नहीं है इसलिए मैं उसे बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
चंद्रमा दास शिष्य हरभजन दास निवासी राम औषधालय, होली चौक कनखल हरिद्वार

**सूचना**

मैंने रामेश्वर दास को वर्ष 2016 में अपना शिष्य बनाया था। रामेश्वर दास अब हमारे कहने सुनने में नहीं है इसलिए मैं उसे बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
चंद्रमा दास शिष्य हरभजन दास, निवासी- राम औषधालय, होली चौक, कनखल, हरिद्वार

# खट्टा पानी जाने वाले मार्ग पर भरे जा रहे गड्ढे

भास्कर समाचार सेवा



मार्ग के गड्ढे भरते हुए सुमित कुमार।

**मसूरी।** मसूरी से खट्टा पानी जाने वाला मार्ग गत बरसात के बाद से इतना खराब है कि वहां पैदल चलना भी मुश्किल हो रखा है। जबकि मार्ग खराब होने के कारण आये दिन लोग चोटिल हो रहे हैं।

मसूरी से खट्टा पानी जाने वाले मार्ग की दशा अत्यंत खराब है, जिस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। पूरे मार्ग पर जगह जगह गड्ढे बन गए हैं और आये दिन पैदल चलने वाले व दुपहिया वाहन चलाने वाले चोटिल हो रहे हैं।

मालूम हो कि खट्टा पानी ग्रामीण क्षेत्र को मसूरी से जोड़ने वाला यह एक मात्र मार्ग है तथा सबसे अधिक परेशानी किसी बीमार को लाने में हो रही है। हालांकि नगर पालिका ने रोड मरम्मत के टेंडर कर रखे हैं लेकिन कार्य शुरू न होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। इस क्षेत्र के निवासी सुमित कुमार ने जब देखा कि इस मार्ग पर आये दिन लोग चोटिल हो रहे हैं तो उन्होंने अपने खर्चे पर रोड के गड्ढे भरने का निर्णय लिया व कार्य शुरू कर दिया ताकि लोग चोटिल होने से बच सकें। सुमित कुमार अपनी यूटीलिटी से मलवा भर कर ला रहे हैं व सड़क पर जहां गढढे हैं उसमें मजदूरों से मिट्टी भरवा रहे हैं ताकि लोगों को परेशानी न हो। उनके इस कार्य की इस मार्ग से जाने वाले ग्रामीण सराहना कर रहे हैं।

### जरूरतमंद लोगों को भेंट करें गरम कपड़े: प्रशासन

**देहरादून।** जिला प्रशासन की ओर से जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े भेट किए जाने को की गई पहल के तहत स्मार्ट सिटी लि की ओर से चलाई जा रही इलैक्ट्रिक बसों में कपड़े भेंट करने के लिए बाक्स लगाया गया जिसका मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से जरूरतमंदो के लिए कपड़े भेंट कर शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन की इस पहल को अच्छा बताते हुए जनमानस से अपेक्षा की है, वे भी इसमें बढचढकर सहयोग करें ताकि सर्दियों में जरूरतमंद लोग जिनके पास गर्म कपड़े आदि क्रय करने के संसाधन नहीं है। उनको छोटा स्नेह दे सकें। जिलाधिकारी सोनिका ने कहा कि सर्दियों का मौसम आ गया है बहुत सारे लोग होते हैं, जिनको गर्म कपड़े नहीं मिल पाते हैं, इसके लिए जिला प्रशासन ने पहल की है।

# सौर ऊर्जा बनाएगी उतराखंड को आत्मनिर्भर: महेंद्र भट्ट

भास्कर समाचार सेवा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने धामी सरकार के निर्णय का किया स्वागत

**देहरादून।** भाजपा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से एक हज़ार गांवों को सोलर ऊर्जा से रोशन करने के निर्णय का स्वागत किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि सरकार का यह कदम गांवों को विधुत सप्लाई में आत्मनिर्भर भाजपा अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार मुफ्त बिजली के बजाय बिजली उत्पादन और उसे बेचकर आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं और इसके दृष्टिगत एक हजार गांवों में बंजर भूमि को इस कार्य के लिए चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सौर ऊर्जा पॉलिसी का ड्राफ्ट तैयार कर शीघ्र कैबिनेट में लाने के निर्देश इस विषय को लेकर उनकी गंभीरता को दर्शाता है। भट्ट ने कहा कि सोलर गांवों को विकसित करने की नीति कई मायनों में बेहद महत्वपूर्ण है। पहला, यह सभी 1000 गांव सौर ऊर्जा से ही विद्युत सप्लाई के बाद बिजली को लेकर आत्मनिर्भर हो जाएंगे, दूसरा सोलर प्लांट लगने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं गांवों की जरूरत से अधिक उत्पादन होने पर बाहर बिजली आपूर्ति कर गांव की आय में भी बढ़ोतरी होगी। इस प्रोजेक्ट से उन लोगों को निवेश करने का मौका मिलेगा जो अन्य स्थानों पर रह रहे हैं।

**सूचना**

मेरे पुत्र दिनेश, महेश व योगेश गलत आचरण के चलते मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं रहे है। मैंने अपनी चल-अचल संपत्ति से अपने पुत्रों व पुत्रवधुओं को बेदखल करते इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन के यह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सूचनाकर्ता-**
तेजपाल पुत्र श्री भरत सिंह निवासी ग्राम बुधवाशहीद थाना बुग्गावाला तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार।

**मोर्टगेज संपत्ति बिक्री/खरीद के संबंध में, जनहित में जारी**

प्रार्थिया की रुड़की स्थित संपत्ति को टाटा कैपिटल हा० फा० लि० ने लोन स० 9660264 (पड़ोसी संपत्ति) की रिकवरी प्रक्रिया के दौरान दस्तावेजों की हेरफेर व सरफेशी कानून का दुरूपयोग कर, जिलाधिकरी को झूठा शपथ पत्र देकर, प्रार्थिया की संपत्ति का एक हिस्सा जोड़कर कब्ज़ा आदेश प्राप्त कर लिया। RTI से प्राप्त, दस्तावेजों से ज्ञात हुआ कि कब्ज़ा नोटिस व प्रार्थना पत्र भी गलत व कानून का उल्लंघन करके बनाये गए थे, इस बाबत जिला मजिस्ट्रेट को शिकायत व कंपनी अधिकारियों के खिलाफ पुलिस FIR दर्ज कराई गई है।
उक्त कंपनी ने रिकवरी दस्तावेजों को, मेरे 38 नोटिस प्रेषित करने के बाद भी, अभी तक कानून संगत व लैंड रिकोर्ड के अनुरूप नहीं किया तथा कंपनी की लीगल सर्च रिपोर्ट भी फर्जी है जिस कारण व गलत नीति/नीयत के अनुभवों को देखते हुए प्रार्थिया का परिवार डर के माहौल मे जी रहा है तथा मानसिक पीड़ा झेल रहा है
अत: जनहित मे सूचित किया जाता है कि सभी खरीदार, संशोधित दस्तावेज जारी होने तक संपत्ति सौदा करने से सावधान रहे तथा कंपनी के बताये विवरण के बजाय, मौका मुयाना कर पडोसी से सलाह ले क्योंकि कंपनी के काफी दस्तावेज गलत या फर्जी है तथा गलत दस्तावेज के साथ खरीद जोखिम भरा निर्णय होगा। कब्ज़ा आदेश निरस्ती के वाद/शिकायत दर्ज है तथा सरफेशी कानून उल्लंघन की सूची न्यायालय मे प्रस्तुत है।
**संगीता त्यागी (9521421383)**

**कौशल विकास विभाग एवं टाटा स्ट्राईव के बीच हुआ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**

# आईटीआई की प्रशिक्षण की गुणवत्ता में होगा सुधार: यादव

भास्कर समाचार सेवा



**देहरादून।** कौशल विकास विभाग एवं टाटा स्ट्राईव के बीच आईटीआई में प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधार के लिए एमओयू किया गया। सोमवार को सर्वे चौक स्थित कौशल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय के सभागार में सचिव कौशल विकास एवं सेवायोजन की उपस्थिति में निदेशक प्रशिक्षण एवं टाटा स्ट्राईव तथा सीमेंस लि. के बीच देहरादून, हरिद्वार व ऊधमसिंहनगर जनपद के 12 राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधार के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए जिसके अंतर्गत इन संस्थानों में संचालित विद्युतकार, इलैक्ट्रॉनिक्स मैके, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडिशनिंग तथा वैल्डर व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी लाभांवित होगें। एमओयू के अनुसार 12 संस्थानो के चयनित व्यवसायों के अनुदेशकों का प्रशिक्षण, इन व्यवसायों की इंडस्ट्री में मांग के लिए सर्वे करना, प्रशिक्षणार्थियों की इंडस्ट्री में इन प्लॉट ट्रेनिंग, अप्रैंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए आईटीआई को सहयोग करना आदि कार्य किए जाएंगे। सचिव कौषल विकास एवं सेवायोजन विजय कुमार यादव ने बताया कि विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न आईटीआई में इन्फ्रास्ट्रकचर का उन्नयन विभिन्न बाहय सहायतित, केन्द्र सहायतित, नाबार्ड एवं राज्य सैक्टर से किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों की रोजगारपरकाता में वृद्धि के लिए उनको सॉफ्ट स्किल में प्रशिक्षित करना, उद्योगों में उपयोग हो रही नवीनतम तकनीक को जानने के लिए उनकी इंडस्ट्री में ट्रेनिंग कराना आवश्यक है, जिस के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है, उसी कड़ी में विभाग की ओर से यह एमओयू किया गया है, जो कि आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार, स्वरोजगार पाने में सहायक सिद्ध होगा। एमओयू के समय संयुक्त निदेशक गढवाल मंडल अनिल सिंह, उपनिदेशक प्रशिक्षण पंकज कुमार तथा टाटा स्ट्राईव से कुमार मनीश एवं प्रसान सिंह नेगी तथा सीमेंस की ओर से मनमोहन सिंह कोरंगा मौजूद रहे।

### प्रशिक्षणार्थियों की रोजगारपरकता में वृद्वि होगी: गोस्वामी

निदेशक प्रशिक्षण विनोद गोस्वामी ने बताया कि विभाग के अंतर्गत वर्तमान में 104 आईटीआई संचालित हो रहे है। विभाग का प्रयास इन आईटीआई में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। जिसके लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है, जिसमें आईटीआई के इन्फ्रास्ट्रकचर में सुधार, आईटीआई एवं इंडस्ट्री के बीच समन्वय, सीएसआर के अंतर्गत इण्डस्ट्री से सहयोग प्राप्त करना एवं आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी एवं प्रशिक्षकों को इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे है। एमओयू से प्रशिक्षणार्थियों की रोजगारपरकता में वृद्वि होगी।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**वि०/यां० खण्ड, लो०नि०वि०, देहरादून।**
Phone/Fax-0135-2725680, E-mail-eeemddun.pwduk@gov.in, pwd.dehradun@yahoo.com

उत्तराखण्ड राज्य

पत्रांक:- 2760/निविदा    दिनांक:- 01/12/2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता वि०/यां० खण्ड लो०नि०वि० देहरादून द्वारा निम्नलिखित कार्य की सीलबंद निविदाएं दिनांक 23.12.2022 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 09.12.2022 से दिनांक 22.12.2022 तक किसी भी कार्यदिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 23.12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1. कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 11वां वृत्त लो०नि०वि०, देहरादून।
2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, दुगड्डा।
3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, वि०/या० खण्ड लो०नि०वि०, देहरादून।
4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता वि०/यां० खण्ड लो०नि०वि०, ऋषिकेश।

| क्र. सं० | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | निविदा की वैधता | कार्य की समाप्ति अवधि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सचिवालय परिसर स्थित विभिन्न भवनों में आउटडोर कूलर्स स्थापित किये जाने का कार्य | 20000/- | 1000+ जी.एस.टी. | 60 दिन | 2 माह | मूल निर्माता/ अधिकृत विक्रेता |

निविदा दिनांक 24.12.2022 को अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून।**

page-4_page 1 12/5/2022 10:17 PM Page 1



आज ही के दिन 1971 में भारत ने बांग्लादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी थी।

## सारसुर्खियां

### बीज मंगवाकर किसानों को उपलब्ध कराएं

**रुड़की।** उत्तराखंड किसान मोर्चा से जुड़े किसानों ने शेखपुरी कार्यालय पर बैठक की। बैठक में कृषि विभाग से गेंहू का बीज न मिलने पर नाराजगी जतायी गयी। किसानों ने मांग की कि विभाग तत्काल कम समय में पकने वाली गेंहू की पछेती प्रजातियों का बीज मंगवाकर किसानो को उपलब्ध कराए। मोर्चा के तहसील अध्यक्ष सतवीर प्रधान ने बैठक की शुरूआत करते हुए किसानों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्होनें गन्ने की कटाई के बाद खाली खेतों की जुताई करके गेंहू की बुआई के लिए तैयार किया है लेकिन अब उन्हें कृषि विभाग के कार्यालय से गेंहू का बीज नहीं मिल रहा है। किसानो ने मांग करते हुए कहा कि विभाग कम समय में पककर तैयार होने वाली गेंहू की प्रजातियों का बीज मंगवाकर किसानो को मुहैया कराए, मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और कृषि सचिव को भेजा गया।

# वसीम हत्याकांड के दोषी को आजीवन कारावास

## चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव ने सुनाई सजा, 56 हजार का जुर्माना भी लगाया

भास्कर समाचार सेवा

**हरिद्वार।** इब्राहिमपुर गांव में वसीम की हत्या करने के कादर खान को हत्या करने वाले को चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव ने आजीवन कारावास व 56 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता नीरज कुमार गुप्ता ने 30 नवम्बर 2015 में मुंतजार के छोटे भाई वसीम पर तेज धारदार हथियार चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया था। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में वसीम की मौत हो गई थी। मुंतजार ने हत्यारोपी कादर खान पुत्र बाबर खान व उसके चाचा इकबाल उर्फ बालू पुत्र कय्यूम निवासी गण इब्राहिम पुर पथरी के खिलाफ हत्या, गाली गलौज व आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कराया था। पुलिस जांच में शिकायतकर्ता मुंतजार व हत्यारोपी कादर खान के बीच रास्ते के विवाद को लेकर दोंनो का आपस में विवाद चला आ था। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि उसका व हत्यारोपीय कादर खान के घर मिले हुए हैं। घर के बाहर सरकारी नल लगा, कि हुआ है। आरोप लगाया था कि हत्यारोपी कादर खान उस नल के सामने दरवाजा खोलना चाहत है। दरवाजा खोलने का वादी पक्ष विरोध करते आ रहे थे। इसी रंजिश पर हुई कहासुनी में हत्यारोपी ने उसके भाई वसीम पर चाकू से वार कर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में विवेचना करने के बाद हत्यारोपी कादर खान व उसके चाचा इकबाल उर्फ बालू के खिलाफ कोर्ट में अलग अलग आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस ने हत्यारोपी कादर खान व इकबाल उर्फ बालू को गिरफ्तार जेल भेज दिया था। सरकारी अधिवक्ता ने साक्ष्य में 13 गवाह पेश किए। सह आरोपी इकबाल उर्फ बालू को ठोस सबूत के अभाव में न्यायालय ने बरी कर दिया गया है। न्यायालय ने अर्थदंड की राशि में से 50 हजार रुपये मृतक वसीम के आश्रितों को प्रतिकर राशि के रूप में देने के आदेश दिए हैं।

# पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

भास्कर समाचार सेवा



पुलिस की गिरफ्त में हत्याकांड के आरोपी।

उधार की रकम मांगने पर की थी फैक्ट्रीकर्मी की हत्या

**रुड़की।** भगवानपुर में उधार की रकम मांगने पर आरोपियों ने फैक्ट्रीकर्मी की हत्या की थी। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों से घरेलू सामान, बुलेट और 1 लाख 10 हजार रूपए और जरूरी कागजात बरामद किए है। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। सिविल लाइंस कोतवाली में एसएसपी अजय सिंह ने सोमवार को भगवानपुर में हुए हत्याकांड का प्रेस वार्ता में खुलासा किया। उन्होनें बताया कि नितिन भंडारी निवासी चौडिक थाना पौडी तहसील पौडी गढवाल का पिछले सप्ताह चांद कॉलोनी के एक कमरे से शव बरामद किया था। सिर पर चोटके निशान थे और हत्या के बाद शव को टंकी में छिपाया था। मकान मालिक ने वारदात की सूचना पुलिस तक पहुंचाई थी। पुलिस ने मकान में रहने वाले परिवार को ढूंढ निकाला। प्लॉट की रकम लेकर नितिन और नौशाद में 2 दिसंबर को कमरे पर विवाद हुआ था। पुलिस ने बताया कि नौशाद ने प्लॉट खरीदने के लिये नितिन से ढाई लाख रूपये की रकम उधार ली थी। इसी रकम को वापस मांगने नितिन नौशाद के घर गया था। उस दौरान नौशाद और उसके भाई आजाद से पैसे मांगने को लेकर नितिन की हाथापाई हो गयी। हाथापाई में नौशाद ने नितिन के गले में गमछा डालकर गला घोंटने का प्रयास किया साथ ही जमीन पर पटक कर नितिन को मार दिया था। इस दौरान नौशाद की मां और छोटा नाबालिग भाई दूसरे कमरे में थे। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि हत्या के बाद सभी ने शव को ठिकाने लगाने के लिए बाजार से अनाज की टंकी खरीदी और उसमें शव को डालकर छिपा दिया था। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने गुलशन पत्नी जफर, आजाद, नौशाद निवासी धमेडा अड्डा, थाना कोतवाली नगर बुलंदशहर और नाबालिग पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से गैस सिलेण्डर, फ्रीज, बुलेट, 1 लाख 10 हजार रूपये, फोन, पेन कार्ड, मृतक का पफ्रीज, बुलेट, 1 लाख 10 हजार रूपये, फोन, पेन कार्ड, मृतक का पर्स, एटीएम कार्ड आदि बरामद किया।

### महिला को चाकू मारकर किया लहूलुहान

**रुड़की।** महिला के सर में सरिया और चाकू मारकर घायल करने के आरोपी युवक के खिलाफ महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। महिला की गर्दन पर चाकू से वार किए गए है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू और सरिया आरोपी की निशानदेही पर उसके किराये के घर से बरामद कर लिया है। महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी के महिला से कई साल पुराने संबंध है। घटना शनिवार देर रात की है। शनिवार देर रात हेत्तमपुर गांव में प्रेमिका आरोपी को चाय देने उसके कमरे में गई थी। वहां पर किसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गयी थी। आरोपी प्रेमी ने दरवाजा बंद कर महिला के साथ मारपीट की। महिला के सिर में सरिया से भी हमला कर दिया। ये ही नहीं आरोपी ने चाकू से उसकी गर्दन पर भी वार कर दिया। खून से लथपथ महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# प्रतिबंधित इंजेक्शनो व टैबलेट के साथ एक दबोचा

- मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया आरोपी

भास्कर समाचार सेवा



पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्करी का आरोपी।

**पिरान कलियर।** पुलिस ने प्रतिबंधित इंजेक्शनो और टैबलेट के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

कलियर एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन अभियान के तहत नशे की तस्करी रोकने के लिए क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रविवार रात को पुलिस टीम कलियर क्षेत्र में चौकिंग कर रही थी। चैकिंग के दौरान मेहवड कलां श्मसान घाट के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति हाथ मे पन्नी पकड़े कलियर की तरफ आता दिखाई दिया। व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस को शक होने पर पीछा कर व्यक्ति को पकड़ लिया।व्यक्ति की तलाशी ली गई तो उसके पास से 25 प्रतिबंधित ब्यूपिन ब्यूप्रेनोर्फिनइंजेक्शन, 25 शीशी एविल और 28 टैबलेट अल्प्राजोलम की बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपने नाम संजय चौधरी निवासी गणेशपुर रुड़की बताया। बरामद इंजेक्शनों और टैबलेट को ड्रग्स इंस्पैक्टर मानवेंद्र राणा के मोबाईल पर वाट्सअप किया गया। ड्रग्स इंस्पेक्टर मानवेन्द्र राणा ने ब्यूप्रेनोर्फिन इंजेक्शन और अल्प्राजोलम को एनडीपीएस एक्ट की श्रेणी में आना बताया। एसओ ने बताया कि आरोपी इंजेक्शनो का लाइसेंस नहीं दिखा सका। आरोपी इन इंजेक्शनों और टेबलेट को कलियर में बेचने के लिए लाया था। आरोपी इंजेक्शनों को कहां से लाया था और किसे बेचने के लिए जा रहा था इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी संजय चौधरी निवासी गणेशपुर के खिलाफ के एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। टीम में एसओ मनोहर सिंह भंडारी, एसआई अश्वनी बलूनी राहुल नेगी, सोनू कुमार शामिल रहें।

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**रुड़की।** क्षेत्र के सिकंदरपुर भैंसवाल गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही 12 लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने आदि का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सिकंदरपुर भैंसवाल गांव निवासी सदाकत ने ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

गांव के ही 12 लोगों को नामजद करते हुए बताया कि रंजिश के तहत आरोपी घर में घुस गए। साथ ही महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि सिकंदरपुर के रहने वाले आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



प्रत्याशी की जीत पर खुशी मनाते समर्थक।

# शमा परवीन ने 6 मतों से विजय हासिल की

- वार्ड के उप चुनाव के परिणाम हुए घोषित

भास्कर समाचार सेवा

**रुड़की।** बढेड़ी राजपुतान ग्राम पंचायत के 11वे वार्ड के उप चुनाव के परिणाम सोमवार को आ गए हैं। वार्ड नंबर 11 से शमा परवीन ने कुल 6 मतों से विजयी हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी को हराया है। वहीं शमा परवीन को जीत हासिल कराने वाले आजम खैमे की भी क्षेत्र में खूब वाहवाही हो रही है। हर तरफ जश्न का माहौल है।विदित हो कि पंचायत चुनाव में कुछ ग्राम पंचायत वार्डों के चुनाव नहीं हो सके थे। सोमवार को बढेड़ी राजपुतान ग्राम पंचायत के वार्ड 11 के संपन्न हुए उप चुनाव के परिणाम आये। यहां राजा राणा की धर्मपत्नी शमा परवीन अपनी किस्मत आजमाने को चुनावी मैदान में थीं। शमा परवीन ने अपने प्रतिद्वंदी को मात देकर जीत हासिल की है। जीतने के बाद गांव पहुंचे राव आजम शकील व राजा राणा का ग्रामीणों की ओर से फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इसके अलावा पूरे गांव में ढोल नगाड़े के साथ जश्न मनाया गया। बता दें कि शमा परवीन की जीत में आजम खेमे का अहम रोल रहा है क्योंकि, शुरु से ही राव आजम शकील ने राजा राणा के चुनाव की बागडौर अपने हाथों में ले रखी थी।

## खबर एक नजर

### भगवान की आत्मा है गोपी गीतः पवन कृष्ण

**हरिद्वार।** श्री राधा रसिक बिहारी भागवत परिवार सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में मोहल्ला मेहतान पीठ बाजार ज्वालापुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्टम दिवस पर भागवताचार्य पंडित पवन कृष्ण शास्त्री ने गोपीकाओं एवं भगवान श्रीकृष्ण के मिलन की लीला महारास की कथा का श्रवण कराते हुए बताया कि सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलयुग प्रत्येक युग में भगवान के भक्त भगवान को पाने के लिए भगवान का भजन पूजन किया करते हैं। शास्त्री ने बताया श्रीमद्भागवत भगवान श्रीकृष्ण का श्री विग्रह है जो भक्त सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ नित्य गोपी गीत का पाठ करता है। भगवान श्रीकृष्ण उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर मुख्य यजमान सुमन अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, गौरव अग्रवाल सहित समस्त अग्रवाल परिवार ने भागवत पूजन कर देवी रुक्मणी का कन्यादान किया।

### युवक के साथ की गई मारपीट

**रुड़की।** सिकरोडा मार्ग पर एक फार्म हाउस के समीप युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया गया। सिकरोडा गांव निवासी उवैश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह एक फार्म हाउस के समीप खड़ा था। तभी वहां पर एक युवक बाइक पर सवार होकर आया और स्टंट दिखाने लगा। स्टंट दिखाते समय बाइक सवार गिर गया, पास खड़ा युवक हंसने लगा। जिस पर बाइक सवार युवक उत्तेजित होकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगा, जिससे उवैश घायल हो गया। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सारिक निवासी भक्तोवाली थाना झबरेड़ा व उसके तीन साथियों के खिलाफ मारपीट की धारा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### संभाषण शिविर का उद्घाटन किया

**रुड़की।** संस्कृत भारती की ओर से श्री सनातन धर्म प्रकाश चंद्र कन्या इंटर कॉलेज में सरल संस्कृत संभाषण शिविर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. फणिद्र मिश्रा, प्रधानाचार्य अंजू सिंघल, कार्यक्रम संयोजिका अनीता रानी, कार्यक्रम मुख्य संयोजक नवल किशोर पंत ने दीप जलाकर किया। अनुराधा ने सरस्वती वंदना का गान किया। डॉ. फणिद्र मिश्रा ने छात्राओं को संस्कृत के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान गीता मेहंदीरत्ता, दीपा पाल, दिव्या भारती, रेनू सैनी, प्रीति पैन्यूली, दीप्ति सैनी आदि मौजूद रहे।

### पांच लोगों को नामजद किया गया

**रुड़की।** चुड़ियाला गांव निवासी लियाकत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने खेत में गेंहू की बुवाई कर रहा था। तभी गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर डाली। जिससे वह घायल हो गया। पांच लोगों को नामजद किया गया। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अमित, मुकेश, अतुल, बिट्टू, ज्ञानचंद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# फिटनेस सेंटर डोईवाला में बनाने का विरोध किया

- राज्य सरकार और परिवहन विभाग का पुतला फूंका

भास्कर समाचार सेवा

रुड़की। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्टस कांग्रेस की ओर से ओटोमैटिक फिटनेस सेंटर डोईवाला में बनाने का विरोध किया गया। ट्रांसपोर्टरों ने नारेबाजी करते हुए राज्य सरकार और परिवहन विभाग का पुतला फूंका।

आरोप लगाया कि सरकार ट्रांसपोर्टरों के हितों के खिलाफ काम कर रही है। सोमवार को ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट के कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन के प्रदेश महासचिव आदेश सैनी सम्राट ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार राज्य के परिवहन कारोबारियों का उत्पीड़न कर रही है।

डोईवाला में सेंटर खोलने का विरोध किया। बैठक के बाद कारोबारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभाग एवं सरकार का पुतला दहन किया। परिवहन कारोबारियों ने कहा कि पूरे उत्तराखण्ड में सभी परिवहन कारोबारियों को बाहरी राज्यों में अपने वाहनों के रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सरकार मजबूर कर रही है। कहा कि गढ़वाल मण्डल में सीएनजी पम्पों की संख्या केवल सात है।

ऐसे में सीएनजी वाहनों को ईंधन कहां से मिलेगा। प्रदर्शन में अफजाल त्यागी, आमिर, संजय सैनी, रजनीश, जावेद, मुकीम, सरफराज, कुलदीप, शहजाद, इमरान, जहांगीर, सहादत राणा, अय्यूब, तरूण सैनी, मुकेश शर्मा, आदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सावधानी से करें सोशल मीडिया का प्रयोग

- सावधानी से करें सोशल मीडिया का प्रयोग

भास्कर समाचार सेवा



कार्यक्रम में मौजूद एसएमजेएन कॉलेज की छात्राएं।

छात्राओं को दी गौरा शक्ति एप की जानकारी

**हरिद्वार।** एसएमजेएन कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में महिला पुलिस हेल्प लाईन ने कॉलेज की छात्राओं को गौरा शक्ति ऐप की जानकारी दी।

महिला सुरक्षा अधिकारी सीता पांडे ने छात्राओं को गौरा शक्ति ऐप डाउनलोड करने एवं इसे संचालित करने के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि गौरा ऐप के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा के क्षेत्र में प्रंशसनीय कदम है। इसके माध्यम से एक बटन दबाते ही उत्तराखंड पुलिस आपकी सहायता के लिए पहुंच जाएगी। साईबर सेल के कांस्टेबल शक्ति सिंह ने गौरा शक्ति ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में इस प्रकार के अपराधों की संख्या में लगातार बढोत्तरी हो रही है। सोशल मीडिया का प्रयोग सिक्योरिटी के साथ करें। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि देवभूमि हमेशा से महिलाओं के सम्मान एवं आत्मसुरक्षा के लिए तत्पर रहा है। प्रभारी आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ डा. संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि वर्तमान समाज में नारी को शिक्षा, सेना, राजनीति, प्रशासन, विज्ञान, खेलकूद प्रत्येक क्षेत्र में एक दर्जा प्राप्त है। कार्यक्रम संयोजक डा.नलिनी जैन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे जागरूक कार्यक्रमों के माध्यम से नारी सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और महिलायें अपने अधिकारो के प्रति सजग भी होगी। गौरा शक्ति ऐप की कांस्टेबल लक्ष्मी बिष्ट व नेगी ने विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विनय थपलियाल, डा. पुनीता शर्मा, डा.पूर्णिमा सुन्दरियाल, डा.पदमावती तनेजा, डा. सुरभि प्रधान, कु. आस्था आनन्द, डा. सुगन्धा वर्मा, डा.रश्मि डोभाल, डा. मीनाक्षी शर्मा, सहित छात्रा अर्शिका, स्नेहा, पूजा, आरती, कृतिका, निशा आदि सहित अनेक छात्राओं ने जानकारी प्राप्त की।

# अंकिता भंडारी प्रकरण पर एक मंच पर आएं संभी संगठन



- गांधी पार्क में बैठक कर भावी रणनीति की गई तैयार

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** गांधी पार्क मे विभिन्न आंदोलनकारी संगठनों की एक बैठक हुई जिसमें अत्यावश्यक विषयों पर जिम्मेदारी दी गई। बैठक मे तय किया गया कि 8 दिसंबर को मसूरी शहीद स्थल से छेड़छाड़ किए जाने के विरुद्ध में बैठक की जाएगी, जिसमें अंकिता भंडारी प्रकरण का विषय मुख्य रूप से रखा जाएगा। बैठक मे तय किया गया कि 12 दिसंबर को श्रीनगर में महिलाओं की एक वृहद बैठक अंकिता भंडारी को न्याय दिलवाने के लिए आयोजित की जाएगी। 15 दिसंबर को देहरादून मे ही अंकिता भंडारी को न्याय के विषयगत विशाल मशाल जुलुस निकाला जाएगा। बैठक मे मसूरी (8 दिसंवर ), श्रीनगर (12 दिसंबर) एवं देहरादून (15 दिसंबर) को होने वाले कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदारियां तय की गई। मसूरी मे बैठक हेतु उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी प्रदीप भंडारी को, श्रीनगर के लिए पूर्व बार एसोसिएशन सदस्य एडवोकेट प्रमिला रावत को एवं देहरादून कार्यक्रम के लिए भैरव सेना के अध्यक्ष संदीप खत्री को संयोजन की जिम्मेदारियां प्रदान की गई। बैठक मे शिरोमणि मनोज ध्यानी, एडवोकेट प्रमिला रावत, पत्रकार प्रदीप भंडारी, तारा देवी, संजय पंवार, दिनेश भंडारी आदि मौजूद रहे।

## नेशनलिस्ट यूनियन आफ जर्नलिस्ट की ओर से किया गया विचार गोष्ठी का आयोजन

# आंदोलनकारी से कम नहीं है पत्रकारों की भूमिका

भास्कर समाचार सेवा




वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी।

**हरिद्वार।** नेशनलिस्ट यूनियन आफ जर्नलिस्ट की ओर से यहां आयोजित एक संगोष्ठी में पत्रकारों ने राज्य आंदोलन में मीडिया कवरेज के अनुभव और आंदोलन में उनकी भूमिका पर विचार साझा किये। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (एनयूजे उत्तराखंड) की हरिद्वार जनपद इकाई की ओर से राज्य आंदोलन की कहानी, कलमकारों की जुबानी विषय पर आयोजित संगोष्ठी में उत्तराखंड राज्य आंदोलन में अपनी लेखनी से योगदान देने वाले पत्रकार और राज्य आंदोलनकारी एक मंच पर जुटे। कार्यक्रम में यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार पाल ने अपनी कार्यकारिणी के साथ अतिथियों का स्वागत करते हुए अतिथियों के सम्मान में स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के संरक्षक एवं गोष्ठी के संयोजक त्रिलोक चंद्र भट्ट ने राज्य आंदोलन में पत्रकारों की भूमिका को रेखांकित करते हुए हरिद्वार जनपद में हुए घटनाक्रम का सिलसिलेवार ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन को कवर करने वाले पत्रकारों की भूमिका किसी भी आंदोलनकारी से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि असली क्रांति पैदा करने और उसका विस्तार देने में मीडियाकर्मियों की बहुत बड़ी भूमिका रही है जिसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर नेशनलिस्ट यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे उत्तराखंड) द्वारा राज्य आंदोलन को कवर करने वाले वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण झा, रतनमणि डोभाल, शशि शर्मा, विक्रम छाछर, ललितेन्द्र नाथ, श्रीगोपाल नारसन, दीपक नौटियाल, बालकृष्ण शर्मा आदि को राज्य आंदोलन में निष्पक्ष और उत्कृष्ट कवरेज के लिए सम्मानित किया गया। जबकि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने भी राज्य आंदोलनकारियों को उनकी सराहनीय भूमिका के लिए अपने संगठन की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय पक्षी विज्ञानी डा. दिनेश भट्ट, जगत सिंह रावत, जसवंत सिंह बिष्ट एसपी चमोली, वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा, ख्यातसिंह रावत, घनश्याम जोशी, विजय जोशी, शांति मनोड़ी, सरिता पुरोहित, डा. शिवा अग्रवाल, सुनील पाल, बालकृष्ण शास्त्री, शैलेन्द्र सिंह, संजू पुरोहित आदि मौजूद रहे।

### लघु व्यापारियों को सौंपी दुकानों की चाबी

**हरिद्वार।** नगर निगम प्रशासन द्वारा फेरी समिति के निर्णय के अनुसार रोड़ी बेलवाला में विकसित किए गए महिला पिंक वेंडिंग जोन के अंतिम चरण की आवंटन प्रक्रिया के तहत पिंक वेंडिंग जोन विकसित कर रही कंपनी किरण सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के मैनेजर शैलेंद्र पांडेय की ओर से सभी लाभार्थी महिलाओं को दुकानों की चाबी सौंप कर अधिकृत किया।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर महिला पिंक वेंडिंग जोन के उद्घाटन व लोकार्पण के साथ पिंक वेंडिंग जोन की सभी लाभार्थी महिलाओं को अनुदान राशि दिए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

page-5_page 1 05-Dec-22 10:32 PM Page 1

आज ही के दिन 2007 में ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों में सिख छात्रों को अपने साथ कृपाण ले जाने और मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने की इजाजत मिली थी।



## सारसुर्खियां

### रकम वापस मिलने पर जताया आभार

**उत्तरकाशी।** चिन्यालीसौड निवासी महेश चमोली को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया, जिसमें ईनाम का लालच देकर एटीएम कार्ड की जानकारी ले ली गई। इसके बाद उनके खाते से 47 हजार की रकम उड़ा ली गई। पुलिस को शिकायत करने पर धरासू पुलिस ने उनसे तुरंत साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर डायल कर शिकायत दर्ज करवाई। साइबर पुलिस द्वारा उनकी धनराशि वापस कराए जाने पर महेश ने पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी को पत्र लिखकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## सैन्य बाहुल्य गांव सवाड़ से अमर शहीद मेले का होगा आगाज

- **अतिथियों के स्वागत को तैयार हुआ गांव, कल से होगा आयोजन**

भास्कर समाचार सेवा

**थराली।** एक बार फिर से राज्य के सैनिक बाहुल्य गांवों में सुमार सवाड़ गांव में स्थापित वीर सैनिकों को समर्पित सैन्य स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करने एवं देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा देने वाले वीर सैनिकों की यादों को चिरस्थाई बनाएं रखने के लिए 7 दिसंबर से आयोजित हो रहे 15वें अमर शहीद मेले के लिए सवाड़ गांव सज धजकर अतिथियों के स्वागत के लिए तैयार हो गया है। देवाल ब्लाक के सवाड़ गांव के पूर्व सैनिकों, सैन्य वीरांगनाओं, सेना में कार्यरत सैनिकों के साथ ही सवाड़ गांव के अन्य लोगों ने कुछ ब्लाक के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सैन्य इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित सवाड़ गांव में 2008 में पहला अमर शहीद सैनिक मेले की शुरुआत की। इसके बाद तमाम उतार-चढ़ावों के बावजूद शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मेला आयोजन किया जाता रहा और आज छोटे स्तर से शुरू किया गया शहीद मेला 15वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। मेले के आयोजन को लेकर गांव में खाशा उत्साह भी देखा जा रहा हैं।




> पिछले वर्षों तक शहीद मेला एक या दो दिन चलता था। इस बार कमेटी ने मेले को तीन दिनों तक चलने का निर्णय लिया है। मेला 7 से 9 दिसंबर तक चलेगा। इस मेले को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राजकीय मेले के रूप में घोषित करने की कार्रवाई शुरू करने पर क्षेत्रीय जनता में काफी अधिक खुशी बनी हुई है।
> **-आलम सिंह बिष्ट, अध्यक्ष शहीद मेला कमेटी, सवाड़।**

### प्रथम विश्वयुद्ध से आज तक अग्रणी रहे सवाड़ के रणबांकुरे

सवाड़ गांव के रणबांकुरों का इतिहास उपलब्धियों भरा है। 1914 से 1919 के बीच हुए प्रथम विश्वयुद्ध में यहां के 22 रणबांकुरों ने, 1939 से 1945 के बीच हुए द्वितीय विश्व में 38, पेशावर कांड में 14 वीर सैनिकों ने भाग लिया। आजादी की लड़ाई में 18 स्वतंत्रता सेनानियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके अलावा जब-जब भी देश के ऊपर खतरे के बादल मंडराए, यहां के जवान हमेशा अग्रिम पंक्ति पर खड़े रहे। इस गांव के वीर जवानों की वीरता से अंग्रेज इस कदर प्रभावित हुए कि उन्होंने सवाड़ गांव को ही वीरों की भूमि बताते हुए पूरे गांव को सलाम करते हुए एक शिलापट्ट ग्रामीणों को सौंपा, जो कि आज इस गांव में बने शहीद स्मारक पर स्थापित किया गया है।

## स्कूल सेफ्टी पर छह दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**द्वाराहाट।** ब्लॉकस्तरीय एफएलएन एवं स्कूल सेफ्टी का छह दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड द्वाराहाट सहित जीआईसी मजखाली व सीआरसी बग्वालीपोखर में किया गया। कार्यशाला के दौरान उपशिक्षाधिकारी डीएल आर्या ने शिक्षकों से कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चों को मजबूत करना प्रमुख लक्ष्य है। इसीलिए प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन अवधारणा के विषय बिंदुओं के प्रति शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बच्चों को बुनियादी रूप से प्रारंभिक स्तर पर मजबूत करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। अब शिक्षा लक्ष्य केंद्रित है, अतः शिक्षकों को मनोयोग से समयावधि में दक्षताएं पूर्ण करने पर ध्यान देना चाहिए।

# प्रत्येक नागरिक का बने हेल्थ आईडी कार्ड

## स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न विभागों के साथ विकास कार्यों को लेकर बैठक में दिए निर्देश

- **सभी विद्यालयों में हों दिव्यांग फ्रेंडली सुविधाएं**

भास्कर समाचार सेवा


बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत।

**पौड़ी।** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की बैठक ली। बैठक में उत्तराखंड को 2025 तक अग्रणी राज्य को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल किये जाने तथा 2023-24 तथा 2025 तक इस दिशा में बहुत से क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के अधीन तय किये गये लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जनपद पौड़ी में उन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बेहतर कार्य योजना बनाने और उसका समुचित क्रियान्वयन करने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, उद्यान, कृषि, बाल विकास, पर्यटन, पशुपालन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारियों स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गई।

मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को जनपद में प्रत्येक नागरिक की हेल्थ आईडी बनाने, प्रत्येक ब्लाक में चिकित्सकों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने, चिकित्सकों की सक्रिय व उपस्थिति नियमित से सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य केंद्रों में बायोमेट्रिक प्रणाली और ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने वर्ष 2024-25 तक जनपद को टीबीमुक्त, एनिमिया मुक्त, एड्स की बीमारी से मुक्त, 1 लाख लोगों के आंख के ऑपरेशन का लक्ष्य पूर्ण करने, शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव करवाने, सिजेनियन माध्यम से किये जाने वाले प्रसव में कमी करने तथा सभी चिकित्सालयों में मानक के अनुरूप मूलभूत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी का आयोजन करें।

उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अगले 10 दिनों के भीतर सभी विद्यालयों में दिव्यांग फ्रेंडली वातावरण की उपलब्धता, बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर तथा सुरक्षा इत्यादि से संबंधित मूलभूत सुविधाओं के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे, अपर निदेशक माध्यमिक महाबीर बिष्ट, अपर निदेशक प्रारम्भिक बीरेंद्र सिंह रावत, एएसपी अनूप काला, जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अटल टिंकरिक लैब का किया उद्घाटन



**पौड़ी।** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में अटल टिंकरिक लैब का उद्घाटन किय। इस अवसर पर 77.96 लाख रुपये की धनराशि से राजकीय इंटर कॉलेज विकासखंड कोट में कंप्यूटर कक्ष, आर्ट/क्राफ्ट कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय कक्षा तथा राजकीय इंटर कॉलेज कालेश्वर विकासखंड पौड़ी में 36.52 लाख रूपये धनराशि से आर्ट/क्राफ्ट कक्ष एवं कंप्यूटर कक्ष के निर्माण कार्यो का भी लोकार्पण किया। जीआईसी पौड़ी में टिंकरिक लैब के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह की लैब स्कूली बच्चों को चीजों को व्यावहारिक और प्रयोगत्मक तरीके से समझने में सहायक होती हैं। प्रदेश में लेक्चररों की कमी को दूर करने के लिए शीघ्रता से विज्ञप्ति निकाली जाएगी। तब तक गेस्ट फेकल्टी से कमी की पूर्ति की जाएगी। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का 15 दिवस की अवधि में टेस्ट लिया जाए तथा जो विद्यार्थी जिस विषय में कमजोर हैं, उसको अतिरिक्त कक्षा लगाकर उसमें सुधार लाया जाए, ताकि परिक्षा परिणाम को और बेहतर किया जा सके। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक से कम-से-कम एक-एक मेधावी बच्चों को परीक्षा की टॉप मेरिट में स्थाने पाने के लिए भी विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

## हनोल को धाम बनाए जाने पर महाराज का जताया आभार

**विकासनगर।** बद्री धाम और केदारनाथ धाम की तर्ज पर हनोल स्थित महासू मंदिर का विकास किया जाएगा। यह बात प्रदेश के संस्कृति और पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कही। इसके लिए मास्टर प्लान बनाकर तैयार किया जा रहा है। समाजसेवी कमल बिजल्वाण, पुजारी शांतिराम डोभाल, वजीर जयपाल सिंह पवार, दीवान सिंह राणा आदि ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि जौनसार बावर के ईष्ट देवता महासू मंदिर हनोल को धाम बनाए जाने पर यहां की काया पलटेगी। धाम बनने से क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। महासू मंदिर हनोल की ख्याति दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। यहां पर श्रद्धालु देश-विदेश से दर्शन करने आते हैं।

महासू देवता का जागडा मेला हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। मेले में लोग हजारों की तादाद में शरीक होते हैं। पर्यटन मंत्री ने मेले को राजकीय मेला भी घोषित किया जा चुका है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जल्द ही जागड़ा मेले को राजकीय अवकाश घोषित किया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने कैबिनेट मंत्री की इस पहल पर खुशी जताई है।


बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी अभषिक रुहेला।

## एनएचएम योजनाओं का हो सही क्रियान्वयन: रुहेला

- **काल सेंटर का नियमित संचालन नही करने पर किया जवाब तलब**

भास्कर समाचार सेवा

**उत्तरकाशी।** जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने कलक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एनएचएम के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। जिले की गर्भवती महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित काल सेंटर का नियमित संचालन नही करने पर जिलाधिकारी ने प्रभारी सीएमओं का स्पष्टीकरण तलब किया है। साथ ही एएनसी प्रगति संतोषजनक नही होने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी मोरी एवं नौगांव का भी स्पष्टीकरण लेने के निर्देश सीएमओ को दिए।

जिलाधिकारी ने कॉल सेंटर का दूरभाष नंबर 7417162869 का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला अस्पताल सीएचसी और पीएचसी में भी कॉल सेंटर का नंबर प्रदर्शित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन, नियमित टीकाकरण, परिवार कल्याण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य और एनीमिया मुक्त कार्यक्रम की गहनता से समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन दिवस मनाया जा रहा है, इस हेतु अभी से तैयारियां करना सुनिश्चित करें।

## जनता दरबार मे कुल सात शिकायतें हुईं दर्ज

- **समाधान के लिए दिए अधिकारियों को निर्देश**

भास्कर समाचार सेवा


जनता दरबार में शिकायतें सुनते अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा।

**टिहरी।** जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशन मे जनता दरबार कार्यक्रम सोमवार को अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा की उपस्थिति में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर कुल शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें पुनर्वास, भूमि आवंटन स्वीकृति, रोजगार, आर्थिक सहायता आदि की शिकायतें प्रमुख रहीं। अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को जांच एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

जनता दरबार कार्यक्रम में ग्राम चवादंत बीपुरम के अजवीर सिंह ने खेमड़ा कुंडाली मोटर मार्ग निर्माण से बरसाती पानी चवादंत के आम रास्ते को हो रहे नुकसान एवं खेतों, मकानों को खतरे की समस्या से अवगत कराते हुए अतिशीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग टिहरी को आवश्यक कार्यवाही कर तीन दिन के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराने एवं संबंधित को भी अवगत कराने के निर्देश दिए।

जनता दरबार कार्यक्रम में डीडीओ सुनील कुमार, एसडीएम टिहरी अपूर्वा सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी विनायक श्रीवास्तव, जीएम डीआईसी महेश प्रकाश आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्मैक तस्करी में एक दबोचा

**विकासनगर।** थाना सेलाकुई पुलिस ने स्मैक तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस तहत मुकदमा दर्ज किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप रावत ने बताया कि देर रात को पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक युवक बाइक पर दिखाई दिया। रोकने का इशारा किया तो बाइक को भगाने की कोशिश करने लगा, जिस पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के पास से पुलिस ने 7.30 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कि भाऊवाला व आसपास क्षेत्र में बिक्री करने की फिराक में था। आरोपी की पहचान विक्की सागर पुत्र हेमकरण निवासी हाथीखाना मौहल्ला बिलसण्डा थना बिलसण्डा जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश हाल ईदगाह के पास पीठवाली गली जमनपुर सेलाकुई थाना सेलाकुई जनपद देहरादून के रूप में हुई।

## छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग पर धरना

- **छात्रों ने कुलपति का किया घेराव, मुख्य गेट बंद कर किया प्रदर्शन**

भास्कर समाचार सेवा

**नैनीताल।** छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर सोमवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय परिसर में छात्र नेताओं ने कुलसचिव का घेराव किया। छात्र-छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन कर सरकार पर चुनाव तिथि घोषित न करने के आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की व छात्र नेताओं ने मुख्य गेट पर बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और चुनाव कराने की मांग को लेकर धरने पर डटे रहे।

इस दौरान मल्लीताल कोतवाली प्रभारी प्रीतम सिंह के समझाने के बावजूद भी अपनी मांगो को लेकर डटे रहे छात्रों ने किसी भी कर्मचारी व दूरदराज से आए छात्रों को भी प्रवेश नहीं करने दिया। कुमाऊं विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे कॉलेज व विभिन्न छात्र संगठनों से जुड़े छात्रों ने कुलसचिव से कहा कि पिछले 2 सालों से कोविडकाल के कारण छात्र संघ चुनाव नहीं कराए गए। अब, जबकि स्थिति सामान्य हो चुकी है, इसके बावजूद भी सरकार छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर गंभीर नहीं है। छात्र राजनीति छात्रों के हित के लिए है। ऐसे में छात्रों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों को अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। विवि में ही प्रिटिंग मशीन स्थापित कर यहीं छात्रों के उपाधि पत्र और अंकतालिकाएं बनाई जाएं, जिससे उन्हें अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। साथ ही नई शिक्षा नीति से पढ़ रहे वर्ष 2022 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं नियत समय छह माह के अंतराल में हों। आंतरिक परीक्षाओं के अंकों में हुई ऑनलाइन त्रुटि को सही से अपडेट कराया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव की तिथि घोषित नहीं की जाती, तब तक धरना जारी रहेगा।

उधर कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने कहा कि छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर विवि प्रशासन शासन को पत्र भेज रहा है। जो भी शासन के निर्देश होंगे, उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अन्य मांगों को लेकर भी उन्होंने आवश्यक कार्रवाई की जाने की बात कही। इस दौरान शुभम बिष्ट, करन दनाई, कंचन भट्ट, रतिक, सूरज शाह, संजय जोशी, भास्कर भट्ट, रवि बिष्ट आदि थे।


धरना प्रदर्शन के दौरान छात्रों को समझाती पुलिस।

### विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य पर किसान गोष्ठी में 'प्राकृतिक खेती की ओर जाना है, मृदा को बचाना है' का दिया संदेश

## पारंपरिक बीजों का संरक्षण समय की मांग: जड़धारी

भास्कर समाचार सेवा

**रानीचौरी।** सोमवार को वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड उद्यानिकी और वानिकी विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र रानीचौरी द्वारा नागनी ग्राम पंचायत में विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में किसान गोष्ठी एवं कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम प्राकृतिक खेती व मृदा स्वास्थ्य थी।

कार्यक्रम में केंद्र की मृदा वैज्ञानिक डॉ. शिखा द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड की महत्ता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही मृदा के नमूने किस तरह से लिए जाते हैं, रबी मौसम की फसलों में एकीकृत पोषण प्रबंधन के बारे में जानकारी साझा की। इसके साथ आज के परिवेश में हमे मिट्टी को बचाने के प्राकृतिक खेती को अपनाना हेतु प्रेरित किया।


किसान गोष्ठी के अवसर पर किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

इस कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. आलोक येवले द्वारा प्राकृतिक खेती के चार सिद्धांतो जैसे बीजामृत, जीवामृत, आच्छादन व वापसा आदि के बारे चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अथिति प्रगतिशील किसान एवं बीज बचाओ आंदोलन के प्रणेता विजय जड़धारी ने मृदा को संरक्षित के लिए प्राकृतिक खेती पद्धति का महत्त्व के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि हमारे पारंपरिक बीजों का संरक्षण भी आज के समय की मांग है। साथ ही कृषि विभाग से सोनी रावत सहायक कृषि अधिकारी, अमित रावत बीटीएम द्वारा रबी मौसम की फसलों के बारे में तथा प्राकृतिक खेती के संबंध की विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की।

इस कार्यक्रम में लगभग 70 से अधिक किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके में कुशाल सिंह, दीवान सिंह, रविंद्र सिंह, आशा देवी, विनीता देवी, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।

## 17 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं का मतदाता के लिए पंजीकरण

भास्कर समाचार सेवा

**टिहरी।** राजकीय इंटर कॉलेज मरोड़ा सकलाना में इलेक्ट्रोरल लिटरेसी क्लब के तहत 17 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम लिखवाने के लिए पंजीकरण करवाया गया। बीएलओ हटवाल गांव, मरोड़ा, लामकांडे व मजगांव ने 80 छात्र-छात्राओं व गांव के लोगों का पंजीकरण करवाया।

स्वीप कार्यक्रम के तहत नियुक्त एंबेसडर वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा कि 17 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण भी कराया गया। यह कार्यक्रम स्वीप के माध्यम से किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदाता बनाएं। इस कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी धनोल्टी लक्ष्मी राज चौहान भी उपस्थित रहीं।

प्रधानाचार्य बीआर शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि वे बेहतर जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकें।


### सूचना

मेरा एक मूल विक्रय पत्र जिसका खसरा न0- 2477/1 रकबा 188.12 स्कवायर मीटर मौजा - रायपुर, तहसील व जिला - देहरादून जिसका बही न0-1 जिल्द - 498 पृष्ठ - 155 ए डी फा बुक-1 जिल्द - 1191 पृष्ट 379 / 390 में न0-4798 दिनांक-23-7-2002 है। एवं एक पूर्व का मूल विक्रय पत्र जो श्री कुलवन्त सिंह पुत्र स्व. श्री जोगेन्द्र सिंह ने श्री हरीश चन्द्र थपलियाल पुत्र श्री नारायण दत्त विक्रय की गई है जिसका भूमि खसरा सख्या - 2477/1 रकबा 2025 वर्गफिट स्थित मौजा रायपुर देहरादून जिसका बही न0-1 जिल्द - 498 में पृष्ठ 105 ए डी फा बुक - 1 जिल्द - 817 में पृष्ठ-775 / 798 में न0-1344 दिनांक - 6-4-2000 के दो विक्रय पत्र पूर्व में मेरे द्वारा मकान शिप्ट करते समय नेहरू ग्राम से आराघर के आस-पास खो गये है, जिसको मैंने काफी तलाश किया उपरोक्त दोनों विक्रय पत्र नही मिल पाये हैं। किसी के द्वारा उपरोक्त विक्रय पत्रों का उपयोग करना गैर कानूनी होगा।

सूचनाकर्ताः-
राजीव मित्तल
पुत्र स्व0 श्री जे०पी० मित्तल
निवासी - 177/3 कलिंगा कालोनी,
आराघर, हरिद्वार रोड, जिला- देहरादून ।

page-6_page 1 05-Dec-22 9:35 PM Page 1



आज ही के दिन 1978 में स्पेन में 40 साल के तानाशाही शासन के बाद देश के नागरिकों ने लोकतंत्र की स्थापना के लिए मतदान किया था।

## सारसुर्खियां

### बिजली चोरी में दो पर मुकदमा दर्ज

**खटीमा।** ऊर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए चकरपुर में दो लोगों को एलटी लाइन में कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। एसडीओ अंबिका यादव ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। ऊर्जा निगम के एसडीओ अंबिका यादव के नेतृत्व में टीम ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी की शिकायत मिलने पर रविवार को चकरपुर क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम को भारत पेट्रोल पंप चकरपुर के सामने गणेश चंद एवं तसविम को एलटी पोल से पहले कट लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया।

# स्वस्थ रहेंगे पर्यावरण मित्र, तभी स्वस्थ रहेगा शहर: भट्ट

- पर्यावरण मित्रों के लिए कृष्णा हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

भास्कर समाचार सेवा

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर सिविल लाइन स्थित कृष्णा हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर सेंटर द्वारा नगर निगम रुद्रपुर के सभागार में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के महापौर रामपाल ने की। इस दौरान शहर के विधायक शिव अरोड़ा, सीडीओ विशाल मिश्रा, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, कृष्णा हॉस्पिटल एण्ड क्रिटिकल केयर सेंटर के चेयरमैन विजय कुमार अग्रवाल व मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। शिविर में दर्जनों पर्यावरण मित्रों ने चिकित्सकों से परामर्श लिया। स्वास्थ्य शिविर में फिजिशियन डॉ. गौरव अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र चिकित्सक, गायनोलोजिस्ट चिकित्सकों ने उपचार किया। शिविर में मुफ्त परामर्श दिया गया। इसके साथ ही दवाइयां व शुगर की जांच भी मुफ्त की गई। कृष्णा हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर सेंटर के चेयरमेन विजय कुमार अग्रवाल द्वारा बताया कि शहर के लोगों को स्वस्थ रखने में पर्यावरण मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसलिए कृष्णा हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर सेंटर के द्वारा नगर निगम के सभागार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फिजिशियन डॉ. गौरव अग्रवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र चिकित्सक, गायनोलोजिस्ट चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया व परामर्श, दवाईयां एवं शुगर की जांच भी मुफ्त की गई। शिविर में दर्जनों पर्यावरण मित्रों ने चिकित्सकों से परामर्श कर अपना उपचार कराया। संबोधन में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि पर्यावरण मित्र हमारे जीवन का एक बड़ा हिस्सा हैं। इनकी बदौलत ही हम स्वच्छ वातावरण में रह पाते हैं, जिसके लिए इनका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

इस दौरान पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, वरिष्ठ भाजपा नेता भारतभूषण चुघ, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उत्तम दत्ता, अनुसूचित मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


शिविर का शुभारंभ करते केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट। साथ में हैं रुद्रपुर के मेयर व अस्पताल के एमडी गौरव अग्रवाल।

## खबर एक नजर

### उत्तरांचल पंजाबी महासभा ने किया स्थानीय इकाई का विस्तार



**काशीपुर।** उत्तरांचल पंजाबी महासभा की स्थानीय इकाई का सोमवार को विस्तार किया गया। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव घई की संस्तुति पर काशीपुर मीडिया सेंटर में जिलाध्यक्ष प्रवीन सेठी ने मुकेश चावला को महानगर अध्यक्ष, जतिन नरूला को महामंत्री की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रदेश संरक्षक जसपाल चड्डा, प्रदेश महामंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, जिला महामंत्री चेतन अरोरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजीव परनामी आदि मौजूद थे।

### उपचुनाव में नजीमाबाद प्रधान पद पर भाजपा की बड़ी जीत



**किच्छा।** ग्रामसभा नजीमाबाद में प्रधान पद पर हुए उपचुनाव में मीना साहनी की ऐतिहासिक जीत पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं सहित शुक्ला ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर शुक्ला ने कहा कि समाज विरोधी लोगों द्वारा गलत तथ्य पेशकर अजय साहनी को अयोग्य घोषित करा दिया गया, परंतु ग्राम नजीमाबाद में हुए उपचुनाव में निर्वतमान प्रधान अजय साहनी की अनुज वधू मीना देवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जसविंदर सिंह की पत्नी सिमरनजीत कौर के बीच कांटे की टक्कर में मीना साहनी ने 278 वोटों से जीत हासिल की। इस दौरान अजय साहनी, चरणजीत सिंह, रमेश सिंह, शेर सिंह विर्क, सुरजीत सिंह, परमजीत सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि थे।

### सड़क सुरक्षा नियमों पर किया जागरूक



**किच्छा।** सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इससे पूर्व आरटीओ ऑफिसर एपी गुप्ता, हेड कांस्टेबल गुलाब सिंह का प्रधानाचार्य ने स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान गुप्ता ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट के वाहन न चलाने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने दुपहिया वाहनों के प्रयोग के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य बताया। गुप्ता ने कहा कि नियमों का पालन करने से आए दिन होने वाली वाहन दुर्घटनाओं मे कमी आएगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य फादर अलेक्जेंडर मोंतेरो, सिस्टर लूसिया, सिस्टर शिल्वी आदि थे।

### छात्र-छात्राओं को बांटे स्वेटर



**खटीमा।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला विद्यालय मे रुद्रपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बीएस पाल एवं डॉ. पोपली ने विद्यालय में अध्ययनरत 107 छात्र-छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए। विद्यालय की शिक्षिका सरस्वती पाल के प्रयास से चिकित्सक पाल व चिकित्सक पोपली ने विद्यालय मे अध्यनरत सभी छात्र-छात्रओं स्वेटर वितरित करते हुए निर्धन छात्रों की फीस तथा जूते, मोजे भी अति शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु घोषणा की। डॉ. पाल ने कहा कि सर्दियों मे निर्धन बच्चों को गर्म कपड़ों की कमी से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बच्चों की परेशानियों को देखते हुए उनको स्वेटर उपलब्ध कराए गए। भविष्य मे भी जरूरतमंद बच्चों की मदद की जाती रहेगी। प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप पांडेय ने चिकित्सकों का अभिनंदन करते हुए आभार जताते हुए अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस इस दौरान प्रीति सक्सेना, संगीता रेहाली, कमल जोशी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भावना बोरा आदि मौजूद थे।

# दो साल बाद हत्थे चढ़ा दस हजार का इनामी बदमाश

## वैवाहिक समारोह में होने आया था शामिल, पुलिस ने मौके से किया गिरफ्तार


प्रेसवार्ता के दौरान एसपी अभय सिंह व पुलिस टीम।

- लाखों का चावल गबन करने के मामले में चल रहा था फरार

भास्कर समाचार सेवा

**केलाखेड़ा/काशीपुर।** लाखों के चावल को गबन करने के मामले में फरार चल रहे 10 हजार के वांछित आरोपी को एसओजी व पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रिश्तेदारी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश किया।

बता दें कि केलाखेड़ा निवासी जलालुद्दीन पुत्र हनीफ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बीती 21 जनवरी 2021 को रुद्रपुर की शारदा कॉलोनी निवासी जगदीश कुमार गुप्ता अपने तीन अन्य साथियों के साथ उसके पास आया तथा साढ़े चार लाख के चावल खरीदने की बात कही। इस पर उसने अपने पिकअप पर चावल लदवा दिये। इस पर जगदीश गुप्ता ने कहा कि तुम वाहन निकाल लो, उसका पार्टनर पैसे लेकर आ रहा है।

उसके निकलने के बाद सभी आरोपी कार से भाग निकले। जब उसने जगदीश को फोन किया तो वह बोला काशीपुर पैसे लेने जा रहा हूं, वापसी में तुम्हे पैसे देकर जाऊंगा। दूसरे दिन जगदीश को फोन किया तो वह आनाकानी करने लगा। जब उसने रूद्रपुर उसके घर पर पहुंचकर जगदीश को फोन किया तो उसने नहीं उठाया। बाद में जगदीश ने उसे फोन किया और पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को एसपी अभय सिंह ने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आरोपी जगदीश घटना के बाद से फरार चल रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसके ऊपर दस हजार का इनाम भी घोषित किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए यूपी के अलग-अलग क्षेत्रों में ठिकाना बदल-बदलकर रह रहा था।

इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि वह अपनी रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में आएगा। इस पर काशीपुर, रुद्रपुर एसओजी व केलाखेड़ा पुलिस ने आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया। एसपी अभय सिंह ने बताया कि आरोपी पर पूर्व में भी धोखाधड़ी आदि के दो मुकदमे दर्ज हैं।

### 430 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार



**काशीपुर।** पुलिस ने अवैध नशे के कारोबार में लिप्त एक तस्कर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 430 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया। कटोराताल चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान मानपुर रोड स्थित नोगजा पुलिया के पास बिना नंबर की कार से आ रहे मोहल्ला कटोराताल निकट पोस्टमार्टम हाउस निवासी नूर मौहम्मद उर्फ नूरा पुत्र अमीरदुल्ला खां को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 430 ग्राम अवैध चरस व चरस बेचकर कमाए 5,500 रुपये बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चरस हल्द्वानी निवासी इदरीश नामक व्यक्ति से खरीदकर लाया था। चरस को वह काशीपुर में नशेड़ियों को ऊंचे दामों पर बेचता है। चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर न्यायालय में पेश किया है। वहीं पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को भी सीज कर दिया।

### महल सिंह हत्याकांड: वादी को मिली जान से मारने की धमकी

**काशीपुर।** महल सिंह हत्याकांड के वादी भतीजे को हत्याकांड के एक आरोपी के पिता ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के ग्राम जुड़का निवासी कर्मपाल सिंह पुत्र हरदेव सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि वह अपने चाचा महल सिंह हत्याकांड का वादी है। हत्याकांड के एक आरोपी प्रभजोत उर्फ जीके को पुलिस ने जेल भेज दिया था, जिसकी कोर्ट से जमानत होनी है। कहा कि 3 दिसंबर की शाम को वह अपने खेत में गया था, जहां हत्याकांड के आरोपी प्रभजोत के पिता हरजाप सिंह मिल गए। उन्होंने उसे धमकी देते हुए कहा कि तुम मेरे बेटे की जमानत रोकने की कार्रवाई कर रहे हो। यदि तुमने उसमें कोई अड़चन डाली तो मेरे संबंध हरजीत उर्फ काला व उसके बेटे तनवीर से हैं। वह उसको जान से मरवा देगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



### निर्वाचन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**बाजपुर।** एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने तहसील सभागार में विभिन्न योजनाओं एवं निर्वाचन कार्य को लेकर तहसील अक्षय कुमार भट्ट बाजपुर एवं तहसील गदरपुर के तहसीलदार रजिस्टर कानूनगो राजस्व निरीक्षक राजस्व उपनिरीक्षको की बैठक लेकर सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करें। योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्यों में तेजी लाई जाए। लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की विभिन्न योजनाओं से विधानसभाओं की जनता वंचित नहीं रहनी चाहिए। जनता को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। जनता के जनहित के कार्य एवं उनके निजी कार्यों को जांच कर तुरंत किया जाए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी सुरेश पंत, कुंदन बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# यूएसनगर और हरिद्वार से क्यों है नेताओं को मोह: आर्य

- नेता प्रतिपक्ष ने पत्रकार वार्ता में राज्य सरकार पर साधा निशाना

भास्कर समाचार सेवा

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पीसी के दौरान बताया सदन में मेरे द्वारा मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार मुद्दों को छोड़कर भाग रही है। हरिद्वार-ऊधमसिंह नगर में ऐसा क्या है, जो अधिकारी यहां से जाना नहीं चाहते? भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पार कर चुका है पुलिस प्रशासन ने तो भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दी हैं।

उन्होंने कहा कि विधानसभा का सत्र दो दिन चलाकर सरकार ने दिखा दिया है कि वह जनता के प्रति जबाबदेह नहीं है। जिन दो दिनों सत्र चला, उसमें भी सरकार ने सदन के सम्मुख आए विषयों का जवाब देने में लापारवाही की है।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सदन को विधानसभा परिचालन नियमावली और परंपराओं के अनुसार नहीं चलाया जा रहा है। यशपाल आर्य ने कहा कि सदन में प्रश्नकाल के लिए 7 दिनों को मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों में बांटा रहता है। उत्तराखंड में सोमवार के दिन सालों से सत्र आहूत नहीं है।


पत्रकार वार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य।

### कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**खटीमा।** चकरपुर पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। चकरपुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रियांशु जोशी को मुखबिर ने सूचना दी कि नई बस्ती पचौरिया नाले के पास एक युवक कच्ची शराब बेच रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने नई बस्ती पचौरिया निवासी कमलेश कुमार को एक प्लास्टिक के कट्टे में 31 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### पर्यावरण मित्र के निधन पर शोक सभा आयोजित

**किच्छा।** पर्यावरण मित्र प्रेमपाल के निधन पर पालिका प्रशासन द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली सहित पालिका कर्मचारियों एवं पर्यावरण मित्रों ने प्रेमपाल की आत्मिक शांति हेतु ईश्वर से कामना की।

# सुरई रेंज में पर्यटकों के लिए विकसित होगा चूका स्पॉट

- शारदा सागर किनारे चूका पर बनेगी बर्ड वाचिंग ट्रेल, शासन को भेजा प्रस्ताव

भास्कर समाचार सेवा

**खटीमा।** खटीमा सहित प्रदेश के प्रकृतिप्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही सुरई रेंज में चार हेक्टेयर क्षेत्र में चूका स्पॉट विकसित किया जा रहा है, जिसमें बर्ड वाचिग ट्रेल बनाई जाएगी। यहां से पर्यटक विदेशी पक्षियों के नजदीक से नजारे ले सकेंगे।

प्रभारी रेंज अधिकारी सुखदेव मुनि ने बताया कि शारदा सागर किनारे पर्यटकों के एडवेंचर के लिए लगभग 70 से 80 मीटर लंबी लोहे के एंगल पर पेराफिट बनाई जाएगी, जिसके बीच से सागर के अंदर की ओर चार से पांच मीटर अंदर सुंदर हट बनाई जाएगी। चूका स्पॉट में एक गजीबो (बंगला) का निर्माण भी किया जाएगा, जहां बैठकर पर्यटक प्रकृति का आनंद उठाएंगे। चूका स्पॉट के अंदर जाने के लिए मुख्य सड़क से सागर किनारे तक पहुंचने के लिए 225 मीटर फुटपाथ बनाया जाएगा।

डिप्टी रेंजर सतीश रेखाड़ी और सेक्शन इंचार्ज अजमत खां ने बताया कि निर्माण में पर्यावरण का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सुरक्षा को लेकर भी चूका स्पॉट में वन विभाग के अलग से स्टाफ मौजूद रहेगा। बच्चो के लिए बर्मा झूले, चैन वाले झूले लगाए जाएंगे। स्पॉट पर दो ब्रिज बनाए जा रहे हैं, जो गहरी और लंबी खाई को जोड़ेंगे। सुरई में जंगल सफारी, क्रोकोडाइल प्वाइंट के बाद अब चूका स्पॉट बनने से पर्यटकों के लिए खटीमा एक हब बनने जा रहा है।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जताया आभार, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने कहा, पहली बार पत्रकार जगत को मिला है सम्मान

# योगेश भट्ट की ताजपोशी पर कुमाऊं युवा प्रेस क्लब ने जताई खुशी

भास्कर समाचार सेवा

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ पत्रकार योगेश भट्ट को राज्य सूचना आयुक्त बनाए जाने पर पत्रकार जगत में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहली बार उत्तराखंड में एक पर्वतीय मूल के पत्रकार की सूचना आयुक्त के पद पर ताजपोशी कर यह संदेश दे दिया कि वास्तव में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को भी हर सरकार में स्थान मिलना चाहिए।

बता दें कि इससे पहले त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, भुवन चंद्र खंडूड़ी, भगत सिंह कोश्यारी जैसे कई दिग्गज मुख्यमंत्री के पद पर रहे, लेकिन पत्रकार जगत को ऐसा सम्मान कभी नहीं मिला। खुशी जताते हुए कुमाऊं युवा प्रेस क्लब रुद्रपुर के पदाधिकारियों ने एक बैठक करते हुए योगेश भट्ट के सूचना आयुक्त होने पर हर्ष व्यक्त किया।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक कदम है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने योग्य व्यक्ति को सही जगह पर स्थापित किया है। वहीं प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष भास्कर पोखरियाल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरुबाज सिंह ने कहा कि योग्य व्यक्तियों को किस पद पर रखना है, इस पर मुख्यमंत्री धामी का जो मंथन है, वह वास्तव में सराहनीय है।

बता दें कि योगेश भट्ट की उत्तराखंड सरकार ने राज्य सूचना आयुक्त जैसे पद पर ताजपोशी की है। धामी उत्तराखंड के पहले ऐसे सीएम साबित हुए, जिन्होंने उत्तराखंड के पत्रकार को इस महत्वपूर्ण पद में तवज्जो दी। अभी तक उत्तराखंड के बाहर से आयात होने वाले राजनैतिक बैकग्राउंड वाले लोगों को सूचना आयुक्त जैसे पद पर लाया जाता था, लेकिन पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उत्तराखंड के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार आंदोलनकारी एवं उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष पद पर रहे योगेश भट्ट को सूचना आयुक्त के पद पर बनाए जाने का फैसला लिया, जिसकी हर ओर तारीफ हो रही है।


वरिष्ठ पत्रकार योगेश भट्ट को राज्य सूचना आयुक्त मनोनीत होने पर बधाई देते मुख्यमंत्री धामी।



# आधा साल बीतने पर भी ध्वस्त पुलों का कोई सुधलेवा नहीं

- तीन ग्रामसभाओं के सैकड़ों ग्रामीणों को हो रही परेशानी
- जान जोखिम में रखकर स्कूल पहुंच रहे छात्र-छात्राएं

भास्कर समाचार सेवा

**मुनस्यारी।** दैवीय आपदा के 6 महीने बीतने के बाद भी मल्ला गैला कठियागाड़ में और खुटगनी (खुटानी) गाड में दो ध्वस्त पैदल पुलिया का मरम्मत कार्य नहीं किया गया। दैवीय आपदा से जून माह में दोनों पैदल पुलिया ध्वस्त हो गई थी जिससे गैला, राप्ती, तोमिक 3 ग्राम सभा के लोगों को एवं स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित विभाग विकासखंड मुनस्यारी एवं जिला पंचायत पिथौरागढ़ को ध्वस्त पैदल पुलिया की मरम्मत कार्य करने की मांग की गई तो उनका कहना था कि हम लोगों ने जिलाधिकारी को पैसे की मांग की है। धनराशि आते ही ध्वस्त पैदल पुलिया का निर्माण कार्य करेंगे।

सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम दानू द्वारा दो बार जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर शीघ्र ध्वस्त हुए पैदल पुलिया की मरम्मत कार्य करने की मांग की गई, लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ध्वस्त पुलों को ठीक न किया गया तो तीनों ग्राम सभा के ग्रामीणों को साथ लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पिथौरागढ़ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान मथुरा देवी, भागीरथी देवी, तुली देवी आदि थे।

आज ही के दिन 1946 में भारत में होमगार्ड की स्थापना हुई थी।



## सारसुर्खियां

### वन विभाग ने एकत्र किया प्रतिबंधित प्लास्टिक

**खटीमा।** प्रभागीय वनाधिकारी व वन क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर वन विभाग टीम ने आरक्षित वन क्षेत्र लालकोठी पचौरिया में प्लास्टिक व प्रतिबंधित अवशिष्ट से मुक्त रखने को लेकर वन क्षेत्र से लगी दुकानों व मार्गों से सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्र किया। इस दौरान टीम ने दुकानों पर भी छापेमारी की। टीम ने दो दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त कर जुर्माना वसूला तथा भविष्य मे सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन का प्रयोग न करने की चेतावनी दी। इस दौरान टीम मे वन दरोगा परवेश सिंह राणा, भैरव सिंह आदि थे।

## डीएवी में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन



**बाजपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बाज़पुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक चले इस साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता भिन्न-भिन्न खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी (उत्तराखंड खेल परिषद चयन कमेटी) के अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी ने डीएवी ध्वज फहराकर एवं मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के चारों सदनों ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। डीएवी एंथम, स्वागत गीत एवं लोक नृत्यगीत तथा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों ने समारोह में समा बांध दिया। इसके बाद विभिन्न खेलों की शुरुआत हुई। छोटे बच्चों के चॉकलेट रेस में बालिका वर्ग में नर्सरी कक्षा की अमानिया प्रथम, वेदिका द्वितीय तथा वसुंधरा चौहान को तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में अर्नव प्रथम, अयांश द्वितीय, गुरफतेह सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## आज परंपरागत कॅरियर से आगे बढ़कर सोचने की है जरूरत

- डीपीएस में 'लांच माई कॅरियर' काउंसलिंग प्रोग्राम की शुरुआत

भास्कर समाचार सेवा

**रुद्रपुर।** विद्यार्थी जीवन को जीवन की आधारशिला माना जाता है। इसी समय विद्यार्थी अपने भावी जीवन के स्वप्न देखता है, किंतु सही दिशा-निर्देशन के अभाव में उसका जीवन त्रिशंकु की भांति हो जाता है। कई बार अभिभावक भी दुविधा में पड़ जाते है कि बच्चों को किस स्ट्रीम में भेजें।

दिल्ली पब्लिक स्कूल ने छात्रों तथा अभिभावकों की इसी कठिनाई के समाधान के लिए रविवार को लांच माई कॅरियर के संयुक्त तत्वावधान में काउंसलिंग सेशन का आयोजन विद्यालय में किया। काउंसलिंग की प्रमुख वक्ता तूलिका कृष्णा सीनियर कॅरियर कोच तथा मेंटोर हैं तथा ऋषभ जैन कॅरियर काउंसलिंग में बीस वर्षों से जुड़े हैं। दोनों ही काउंसलर लां माई कॅरियर में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन काउंसलिंग से जुड़े हैं। काउंसलिंग में कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के साथ ही उनके अभिभावक भी शामिल हुए।

काउंसलर तूलिका कृष्णा ने कहा कि आज परंपरागत कॅरियर से आगे बढ़कर सोचने की आवश्यकता है क्योंकि 800 से अधिक नए कॅरियर के अवसर उपलब्ध हैं। इसलिए बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करें। सही समय पर सही अवसर चुनें। काउंसलर ऋषभ ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें बताया कि शिक्षा के साथ ही पाठ्येत्तर क्रियाकलाप भी आज कॅरियर निर्माण में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने छात्रो का पर्सनलिटी परीक्षण करके उनका मार्गदर्शन किया।



कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करते सुरजीत सिंह ग्रोवर।

अभिभावकों को उन्होंने बताया कि बच्चों की रुचि तथा जिस कौशल में वे श्रेष्ठ हैं, उसी ओर बच्चों को कॅरियर बनाने में सहायता करें। इस अवसर पर छात्रों तथा उनके अभिभावकों ने दोनों ही काउंसलरों से अनेक प्रश्नो के माध्यम से विस्तृत जानकारी के साथ ही अपनी शंकाओ का भी समाधान प्राप्त किया। तूलिका कृष्णा ने बताया कि स्वाभाविक कौशलों को पहचानते हुए यदि बच्चों का मार्गदर्शन किया जाए तो कॅरियर तथा स्ट्रीम चुनाव में बहुत मदद मिल सकती है। विद्यालय प्रबंधक सुरजीत सिंह ग्रोवर ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि आपसी विश्वास तथा सहयोग से अवश्य ही बच्चों को उचित दिशा निर्देशन दे पाएंगे। दिल्ली पब्लिक स्कूल ने स्वप्न देखा है कि इस विद्यालय से पढ़े बच्चे एक सफल जीवन जिएं तथा देश का नाम विश्व मे रोशन करें। इसी के साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर यह सुविधा देने वाला इस क्षेत्र का अग्रणी स्कूल बन गया है।

# सिप्टी गांव में ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा गया हमलावर गुलदार

**रविवार की सुबह नेपाली मजदूर पर किया था जानलेवा हमला, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**

भास्कर समाचार सेवा

**चंपावत।** विकासखंड चंपावत के सिप्टी गांव में आतंक मचा रहे गुलदार को चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ लिया गया। रविवार की रात गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में कैद करने के बाद रानीबाग रेस्क्यू सेंटर ले जाया गया। वन विभाग के अनुसार गुलदार नर है तथा उसकी उम्र सात से आठ साल के बीच है। रानीबाग में गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि यह वही गुलदार है, जिसने रविवार की सुबह नेपाली मजदूर पर हमला बोलकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सिप्टी और आस-पास के क्षेत्र में गुलदार पिछले एक सप्ताह से लगातार मंडरा रहा था। नेपाली मजदूर पर हमले के बाद उसके और अधिक हिंसक होने की संभावना बढ़ गई थी।

रविवार की घटना को वन विभाग ने गंभीरता से लिया और उच्चाधिकारियों से गुलदार को ट्रेंकुलाइज करने की अनुमति लेकर रानीबाग रेसक्यू सेंटर से डॉ. हिमांशु पांगती को बुलाया, जिन्होंने रविवार की रात 9:30 उसी स्थान के समीप गुलदार को ट्रेंकुलाइज गन से निशाना बनाया, जहां उसने रविवार की सुबह मजदूर पर हमला कर दिया था। बेहोशी की हालत में गुलदार को वनकर्मियों ने पिंजरे में रखा और उसे रात में ही रानीबाग रेसक्यू सेंटर ले जाया गया। भिंगराड़ा के रेंजर हिमालय सिंह टोलिया ने बताया कि शाम छह बजे से गुलदार को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया गया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद रात में रानीबाग से आए डॉ. हिमांशु पांगती ने उसे ट्रेंकुलाइज कर लिया। गुलदार की उम्र सात से आठ साल के बीच है तथा वर नर है। गुलदार को पकड़ने में चंपावत, भिंगराड़ा और देवीधुरा रेंज के वनकर्मियों ने सहयोग किया।

इधर गुलदार को पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार के भय से वे दिन में भी घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे थे। पकड़े गए गुलदार ने रविवार की सुबह आठ बजे करीब सिप्टी में नेपाल के डडेलधुरा जनपद के पूरनपानी गांव निवासी गणेश बिष्ट (53) पुत्र प्रताप बिष्ट पर जानलेवा हमला कर दिया था। मजदूर का उपचार अभी भी जिला चिकित्सालय चंपावत में चल रहा है।

डीएफओ आरसी कांडपाल ने बताया कि पकड़ा गया गुलदार वही है, जिसने नेपाली मजदूर पर हमला किया था। जिले के अन्य स्थानों पर भी गुलदार के मंडराने की सूचना मिल रही है। उन्होंने लोगों से जंगलों में न जाने और शाम होते ही सावधानी बरतने व बच्चों पर नजर रखने की अपील की।



बेहोश गुलदार को ले जाते वनकर्मी।

### एक सप्ताह बाद भी नहीं लगा गुलदार का सुराग

**रानीखेत।** तहसील के सुदूरवर्ती दैना गांव में वृद्ध को निवाला बनाने वाले गुलदार का एक सप्ताह बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। शिकारियों व वन विभाग की टीमें आदमखोर गुलदार की रेकी करने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन उनके हाथ कोई सफलता नहीं लग पाई। कैमरा ट्रैप में भी गुलदार की कोई मूवमेंट रिकॉर्ड नहीं हो सकी। गुलदार के अब तक क्षेत्र में सक्रिय होने से गांव सहित इलाके में दहशत व्याप्त है। गौरतलब है कि 29 नवंबर को दैना गांव में गुलदार ने 65 वर्षीय बुजुर्ग पर हमला कर मार डाला था। आदमखोर गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग ने गांव के आसपास दो पिजरे भी लगाए हैं। साथ ही गुलदार की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए कैमरा ट्रैप भी लगाए गए हैं। मुरादाबाद से पहुंचे शिकारी राजीव सालोमन और वन विभाग की टीमें गुलदार की रेकी के लिए क्षेत्र में लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक गुलदार की कोई चहलकदमी नहीं मिल पाई है।

## आज से राज्यस्तरीय कला उत्सव प्रतियोगता शुरू



### देहरादून रवाना हुई चंपावत से टीम

भास्कर समाचार सेवा

**लोहाघाट।** 6, 7 व 8 दिसंबर को देहरादून में आयोजित होने वाले कला उत्सव 2022 की प्रतियोगता में सम्मिलित होने हेतु जनपद चंपावत से टीम टीम प्रभारी ब्लॉक कला समन्वयक प्रकाश चंद्र उपाध्याय, कृष्ण प्रिया त्रिपाठी तथा लीला तिवारी के नेतृत्व में देहरादून रवाना हुई। टीम में संगीत (गायन)-शास्त्रीय, संगीत(गायन)-पारंपरिक लोक संगीत,संगीत (वादन)- स्वर वाद्य, संगीत (वादन)- अवनद्ध वाद्य,नृत्य-शास्त्रीय नृत्य, नृत्य- लोक नृत्य, दृश्य कला( द्वि आयामी),दृश्य कला (त्रिआयामी), स्थानीय खिलौने एवं खेल, नाटक (एकल अभिनय) आदि विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अति दूरस्थ दुर्गम विद्यालयों के छात्र छात्राएं शामिल हैं। दल को मुख्य शिक्षा अधिकारी जितेंद्र सक्सेना, समग्र शिक्षा अभियान समन्वयक जसवंत सिंह पोखरिया, रमेश सिंह रावत, मनोज बिष्ट आदि ने रवाना किया। प्रतियोगता में सरकारी और निजी विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। संगीत(गायन), पारंपरिक लोक संगीत,स्वर वाद्य, अवनद्ध वाद्य,शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला( द्वि आयामी), दृश्य कला( त्रिआयामी), स्थानीय खिलौने एवं खेल, एकल अभिनय आदि विधाओं में दूरस्थ विद्यालय लुवाकोट से गौरव सिंह, कामाजयूला से ममता, दयूरी से संदीप कुमार, बापरू से संगीता फर्त्याल, बाराकोट से समीर कुमार, खेतीखान से भुवन टम्टा, लोहाघाट से किरन उपाध्याय, चंपावत से वरदा जोशी और डॉली बोहरा, टनकपुर अंकिता गहतोड़ी तथा नेहा अटवाल और उदयन इंटरनेशनल स्कूल से मनीषा भट्ट और बृजेश गोस्वामी प्रतिभाग कर रहे हैं।

## अभियान बेअसर, नहीं रेंग रही अभिभावकों के कानों पर जूं





- तीन बाइक सवार नाबालिग छात्र-छात्राएं फिर हुए दुर्घटना के शिकार

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** पुलिस द्वारा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाए जाने के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के बावजूद भी अभिभावकों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। इसका खामियाजा सोमवार सुबह तीन स्कूली नाबालिग छात्रों को उस समय भुगतना पड़ा, जब वह एक ही बाइक पर सवार होकर स्कूल जा रहे थे। अभी वह स्कूल पहुंचे भी नहीं थे कि तेज रफ्तार केंटर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार एक छात्र व दो छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गईं।

तीनों को पहले सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां उनकी हालत चिंताजनक होने पर तीनों को दो अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। छात्र की हालत चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर निवासी नसीब सिंह, उसकी बहन सर्वजीत कौर पुत्रगण नरेंद्र सिंह व रजपुरा रानी चापट निवासी अजीमा नाज पुत्री रईस अहमद यहां बाजपुर रोड स्थित विवेकानंद इंटर कालेज में 9वीं के छात्र हैं। सोमवार की सुबह तीनों ही एक बाइक पर सवार होकर स्कूल आ रहे थे। बाइक नसीब सिंह चला रहा था। दोनों छात्राएं बाइक पर पीछे बैठी थीं।

घर से चलकर अभी वह बाजपुर रोड स्थित आईजीएल गेट नं. 1 के पास पहुंचे थे कि इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार केंटर ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। आईटीआई थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि घटना के बाद केंटर चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केंटर को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है।

## सफल उद्यमी बनने को कौशल विकास का होना जरूरी: प्रो. पंत

भास्कर समाचार सेवा



**पंतनगर।** उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बॉयोटेक विभाग) में सार्क एजुकेशन फाउंडेशन, कंचनपुर, नेपाल से आए छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) देहरादून के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि सफल उद्यमी बनने के लिए युवाओं में कौशल विकास का होना जरूरी है। उन्होंने हिमालय को जैव संपदा का विशाल भंडार बताते हुए उसके सतत और नियंत्रित सदुपयोग की आवश्यकता के साथ हिमालयी जैव विविधता को स्टार्टअप का उत्कृष्ट जरिया बताया।

परिषद के निदेशक प्रो. संजय कुमार ने जैव प्रौद्योगिकी के नवीन शोध, नवाचार व उपलब्धियों की विधिवत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को फसल उत्पादकता में वृद्धि के साथ हरित क्रांति में बायोटेक्नोलॉजी की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम समन्यवक वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों में बायोटेक्नोलॉजी में अभिरूचि के लिए प्रयोगशालाओं में चल रही गतिविधियों से रूबरू कराया और पेयजल गुणवत्ता जांच के मानक, संक्रमण के स्रोत, जलजनित बीमारियों के लक्षण और उपायों की जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. सुमित पुरोहित नें ऊतक संवर्धन से कीवी फल उत्पादन, हाइड्रोपोनिक कृषिकरण की विधि विद्यार्थियों से साझा की। विद्यार्थियों नें बीमारियों की जांच में आण्विक जीवविज्ञान की भूमिका और उसकी उपयोगिता के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया। विद्यार्थियों के जिज्ञासाओं व सवालों के अनुरूप परिषद के वैज्ञानिकों नें जवाब दिया और जैवप्रौद्योगिकी में उच्च शिक्षा और नौकरी के अवसर के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन शर्मा, डॉ. सुमित पुरोहित, रे फाउंडेशन के कौशल कुमार आदि थे।

## दहेज की मांग कर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

भास्कर समाचार सेवा

- पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने ससुरालियों पर दहेज में लाखों रूपये की मांग कर उसके साथ मारपीट करने व पति का किसी अन्य युवती से संबंध होने का आरोप लगाते हुए महिला हेल्पलाइन को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ला कविनगर निवासी आसिया तरन्नुम पुत्री अनवार हुसैन ने महिला हेल्पलाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह बीती 7 मार्च 2021 को मोहल्ला महेशपुरा निवासी मौ. इस्लाम पुत्र अब्दुल सलाम के साथ हुआ था। शादी में मायके पक्ष ने करीब 12 लाख रूपये खर्च किए थे। कहा कि उसका विवाह मौ. इस्लाम से यह कहकर कराया गया था कि वह सरकारी स्कूल में संविदा पर शिक्षक है। जब उसने पति मौ. इस्लाम से स्कूल के बारे मे पूछा तो वह उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। जब उसने ससुरालियों से इसकी शिकायत की तो वह भी दहेज में 5 लाख रूपये व कार की मांग करने लगे। जब उसने दहेज लाने में असमर्थता जताई तो पति मौ. इस्लाम, ससुर अब्दुल सलाम, सास नूरजहां, देवर मौ. सलमान उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे।

## नियमितीकरण की मांग पर डटे रहे कर्मचारी

- संयुक्त कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन छठे दिन भी रहा जारी

भास्कर समाचार सेवा

**नैनीताल।** सरोवरनगरी में संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर चलाया जा रहा धरना प्रदर्शन सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। कर्मचारी अपनी एक सूत्री मांग को लेकर धरने पर डटे रहे। कर्मचारियों का कहना था कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि प्रातः आंदोलनकारी कर्मचारियों ने वृहद स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। उसके बाद हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाकर पौधारोपण किया और राष्ट्रगान के बाद कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। निगम के कर्मचारी अपनी एक सूत्री मांग नियमितीकरण के लिए 29 नवंबर से देहरादून व नैनीताल में धरना कर रहे हैं। बता दें कि निगम कर्मचारी अनोखे अंदाज में अपना आंदोलन चला रहे हैं। वे पर्यावरण के दृष्टिकोण से पौधा लगाकर और संरक्षण को लेकर कर्मचारियों को शपथ दिलाकर आंदोलन को चला रहे हैं। फिलहाल प्रशासन ने कोई सुध नहीं ली है और अभी तक वार्ता को कोई भी प्रशासनिक अधिकारी उनसे मिलने नहीं आया है, ना ही उन्हें वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया है। गुरुरानी ने सरकार से मांग की कि अति शीघ्र हमारी द्वारा मांगी जा रही एक सूत्री मांग को मान ली जाए नहीं तो कर्मचारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।



कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर (नैनीताल) पिन कोड-244715
(ई-मेल : eecdujnramnagar@gmail.com, फोन : 05947-251259)

पत्रांक : 2704 / विविध-14 / 166 — दिनांक 05.12.2022

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा विकासखण्ड-बेतालघाट जनपद-नैनीताल की निम्न पेयजल योजनाओं के निर्माण एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक एकल निविदा पद्वति निविदा प्रणाली के अन्तर्गत मुहरबन्द निविदायें टैण्डर बॉक्स के माध्यम से दिनांक 13.12.2022 को अपरान्ह् 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाऐं दिनांक 13.12..2022 को ही अपरान्ह् 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.12.2022 की सायं 05:00 बजे तक बिक्री किये जायेंगे।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | योजना का नाम | धरोहर धनराशि रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% GST सहित) रुपये | कार्य पूर्ण करने की अवधि | विभाग में न्यूनतम पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | बेतालघाट | रोपा सेरा पेयजल योजना पाइप लाइन, श्रोत मरम्मत कार्य एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 32500.00 | 2360.00 | दो माह | क्लास 'डी0' पाईप लाईन |
| 2 | बेतालघाट | पत्थरखानी पेयजल योजना पाइप लाइन, श्रोत मरम्मत कार्य एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 5500.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 3 | बेतालघाट | डोमास पेयजल योजना पाइप लाइन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 6000.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 4 | बेतालघाट | तौराड़ पेयजल योजना पाइप लाइन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 5100.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 5 | बेतालघाट | कौल पेयजल योजना पाइप लाइन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 3100.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 6 | बेतालघाट | खैराली बूंगा पेयजल योजना पाइप लाइन, श्रोत मरम्मत कार्य एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 16200.00 | 1180.00 | दो माह | |
| 7 | बेतालघाट | हल्सों कोरड़ मल्ला वर्धो पेयजल योजना पाइप लाइन, श्रोत मरम्मत कार्य एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 14500.00 | 1180.00 | दो माह | |
| 8 | बेतालघाट | नया चौरसा पेयजल योजना पाइप लाइन, श्रोत मरम्मत कार्य एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 3500.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 9 | बेतालघाट | हरौली पेयजल योजना पाइप लाइन, श्रोत मरम्मत कार्य एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 3500.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 10 | बेतालघाट | जोग्याड़ी पेयजल योजना पाइप लाइन, श्रोत मरम्मत कार्य एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 6000.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 11 | बेतालघाट | फल्यानी पेयजल योजना पाइप लाइन मरम्मत एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 4300.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 12 | बेतालघाट | बजूनिया हल्दू पेयजल योजना पाइप लाइन एवं श्रोत मरम्मत कार्य | 9500.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 13 | बेतालघाट | कटीमी पेयजल योजना पाइप लाइन एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 28000.00 | 2360.00 | डेढ़ माह | |
| 14 | कोटाबाग | बजूनिया हल्दू पे0यो0 के अन्तर्गत हर घर जल संयोजन हेतु पाइप लाइन एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 49000.00 | 2360.00 | तीन माह | |

नोट- 1. निविदा शर्तो का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में शाखा नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना में किया जा सकेगा।
2. निविदा क्रय करने हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीकरण प्रमाण-पत्र एवं ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता

डीआईजी कुमाऊं डॉ. नीलेश आनंद भरणे ने कन्या श्री प्रोजेक्ट द्वितीय चरण का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

## रोटरी क्लब ने 104 छात्राओं को बांटे 'ई-टेबलेट'

भास्कर समाचार सेवा

**काशीपुर।** रोटरी क्लब के कन्या श्री प्रोजेक्ट के द्वितीय चरण में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की कक्षा 9 की 104 छात्राओं को ई-टेबलेट वितरण किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक कुमाऊं मंडल डॉ. नीलेश आनंद भरणे तथा विशिष्ट अतिथि रोटरी मंडल अध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं पूर्व मंडलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान छात्राओं द्वारा गणेश वंदना के बाद स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

रोटरी क्लब के मंडलाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि रोटरी के 117 वर्षों के इतिहास में पहली बार अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व एक महिला जेनिफर जोंस द्वारा ग्रहण किया गया है। इसलिए रोटरी क्लब द्वारा यह निर्णय लिया गया कि यह सत्र पूर्ण रूप से महिलाओं एवं छात्राओं को ही समर्पित किया जाए। इसी क्रम में सत्र के प्रारंभ में ही 1 जुलाई 2022 को कन्या श्री प्रोजेक्ट के प्रथम चरण के अंतर्गत अध्ययनरत छात्राओं को एक करोड़ की 2100 साइकिलों का वितरण किया गया था। कहा छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिये लगभग 5000 छात्राओं का रक्त संबंधी जांच का लक्ष्य रखा गया है। छात्राओं को चिकित्सकों के परामर्श पर आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उनके शैक्षिक विकास में योगदान के लिए मेधावी छात्राओं को, जिनका चयन ऑनलाईन परीक्षा द्वारा किया गया, उनको सोमवार को ई-टेबलेट का वितरण नैनी ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सीएसआर के सहयोग से किया गया है। पूर्व मंडलाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने कहा कि रोटरी के इसी तरह के प्रयास वर्षपर्यंत निर्बाध रूप से चलते रहेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रो. राजीव खरबंदा, राज मेहरोत्रा, मुक्ता सिंह, डॉ. केके अग्रवाल, मनोज चौधरी, डॉ. वीना जोशी आदि उपस्थित रहे।



टेबलेट मिलने के डीआईजी एवं रोटरी क्लब के पदाधिकारियों के बीच छात्राएं।

# संवाद

आज ही के दिन 1921 में आयरलैंड को एक स्वतंत्र राष्ट्र और ब्रिटिश राष्ट्रमंडल का स्वतंत्र सदस्य घोषित किया गया था।

## जेल सुधार की दरकार

बीते दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान दिवस के मौके पर अपने अभिभाषण में क्षमता से अधिक भरी जेलों और बड़ी संख्या में बंद कैदियों के प्रति चिंता जताते हुए जेल सुधार पर बल दिया। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी देशभर के जेल प्रशासन को 15 दिनों के भीतर ऐसे कैदियों का ब्यौरा देने को कहा ताकि उनकी रिहाई के लिए एक राष्ट्रीय योजना बन सके। 'जेल सुधार का मुद्दा स्वतंत्रता के पश्चात हमेशा से ज्वलंत विषय रहा है। भारतीय संविधान में' जेलों एवं उसमें रखे कैदियों को भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची की प्रविष्टि 4 के तहत राज्य सूची के विषय के तहत रखा गया है। जेलों का प्रशासन और प्रबंधन संबंधी राज्य सरकारों की जिम्मेदारी होती है। हालांकि गृह मंत्रालय जेलों और कैदियों से संबंधी मुद्दों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित मार्गदशर्न तथा सलाह देता है। आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान में जेलों का बुरा हाल होता जा रहा है। कैदी नारकीय जीवन जी रहे हैं, कैदियों के संदिग्ध स्थिति में मरने, उनके हंगामा मचाने और भागने की खबरें आती रहती हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार भारत में जेलों का कुल ऑक्यूपेंसी रेट 130.2 प्रतिशत है। 19 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 100 प्रतिशत से अधिक ऑक्यूपेंसी दर है, जो चिंताजनक है। एनसीआरबी के अनुसार इन कैदियों में अस्सी प्रतिशत से अधिक वंचित वर्ग से आते हैं, जिनके पास पर्याप्त विधिक सहयोग और आर्थिक संसाधनों का अभाव है, ऐसे में वे महंगी और धीमी कानूनी प्रक्रिया को नहीं झेल सकते। क्षमता से अधिक भीड़ होने की वजह से पर्याप्त बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का अभाव, समुचित जेल प्रशासन के लिए धन एवं स्टाफ की कमी, स्वच्छ वातावरण, साफ-सफाई, पर्याप्त चिकित्सकीय सुविधाओं एवं जागरूकता की कमी से कैदियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता है। ट्रांसजेंडरों, महिला कैदियों और उनके बच्चों के अलग से रहन-सहन, सुरक्षा और स्वास्थ्य आदि के लिए भी अपर्याप्त व्यवस्था इन्हें बदहाल जीवन में जीने को मजबूर कर देते हैं। वर्तमान में कैदियों के सामने अपर्याप्त विधिक सहायता, विचाराधीन कैदियों की बढ़ती संख्या, हिरासत में होने वाली यातनाएं एवं मृत्यु तथा पारदर्शिता न होने की वजह से भ्रष्टाचार ने स्थितियों को गंभीर बनाया है। रित के बदले कारावास में मोबाइल, ड्रग्स या हथियार पहुंचने की घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ-साथ कानून के शासन को स्थापित करने के लिए भी चुनौती हैं। बड़ी चुनौती अपराध-अपराधियों पर अंकुश लगाना एवं साथ ही जेल से बाहर आने पर अपराधी अपराध की दुनिया मे वापस न लौटें यह सुनिश्चित करना है। देश भर की जेलों में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का विस्तार, क्षमता निर्माण एवं नई जेलों की स्थापना की जरूरत है ताकि जेलों में जरूरत से ज्यादा कैदियों को रखे जाने की समस्या का निदान हो सके। कैदियों की अनावश्यक भीड़ कम करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए। समाधान धीमे व जटिल न्यायिक तंत्र के दुरु स्तीकरण से ही होगा, लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता तब तक ऐसे विचाराधीन कैदियों को चिह्नित करके जमानत पर रिहा किया जा सकता है।

## ओपीएस के आगे दब गए असल मुद्दे

गत 12 नवंबर 2022 को हिमाचल प्रदेश की कुल 68 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव एक ही मरहले में सम्पन्न हो गए। सूबे की सियासी हरारत कुछ हद तक शांत हुई है, लेकिन आठ दिसंबर 2022 को राज्य एक बार फिर देश-दुनिया की निगाहों का मरकज बनेगा, जब चुनावों में किस्मत आजमा रहे प्रदेश के 412 सियासी सितारों के मुकद्दर का फैसला ईवीएम की कैद से बाहर आएगा। चुनावी नतीजों के साथ ही पलकों से सियासी जज्बातों का सैलाब छलकेगा तो पहाड़ की शांत शबनम पर गिरने वाले अश्क भी सियासी होंगे। एक तरफ जीत का श्रेय लेने की होड़ मचेगी तो वहीं शिकस्त के लिए तोहमतों का दौर पुनः शुरू हो जाएगा। चुनाव प्रचार में कई बड़े सियासी चेहरों ने शिरकत की थी। मगर इस बार पहाड़ की फिजाओं का सियासी मिजाज़ भांपना सियासत के ज्योतिषाचार्यों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा है। सूबे की सियासत में वर्षों पुरानी सियासी रवायत बदलेगी या हुकूमत का तख्तोताज तब्दील होगा। मतदाताओं का खामोश फैसला आठ दिसंबर को सियासी तस्वीर साफ कर देगा। प्रत्याशियों को जम्हूरियत का हाकिम बनाने के लिए युवावर्ग से लेकर सौ वर्ष से अधिक उम्रदराज बुजुर्गों ने मतदान में दिलचस्पी दिखाई। पुरुषों की अपेक्षा महिला शक्ति ने अधिक भागीदारी दर्ज कराई, मगर चुनावी मैदान में केवल 24 महिला प्रत्याशी हिस्सा ले रही हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए कई लोकलुभावन वादे किए गए लेकिन चुनाव में 'ओपीएस' का मुद्दा हावी होने से पहाड़ की समस्याओं के कई अन्य मुद्दे दब कर रह गए। सरकारी अहलकार सेवानिवृति के बाद ओपीएस बहाली की पुरजोर मांग कर रहे हैं। ओपीएस पर सियासी मरहम लगाने की कोशिश भी हो रही है मगर सरकारी इदारे कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। लाखों डिग्रीधारक युवा रोजगार मांग रहे हैं। प्रदेश हजारों करोड़ रुपए के कर्ज में डूब चुका है। बेरोजगारी के सैलाब में मुब्तरिब हो चुके प्रजातंत्र की बुनियाद युवावर्ग को कोई साहिल नजर नहीं आ रहा। मगर सियासत मुफ्तखोरी के हसीन ख्वाब दिखा रही है। पर्वतीय प्रदेश में रोजगार के सीमित साधन होने के कारण पहाड़ के उच्च शिक्षित युवा रोजगार के लिए देश के दूसरे राज्यों में भटक रहे हैं। **- प्रताप सिंह पटियाल**

## प्रेरणाप्रद मोती



यदि हमें जीवन से प्रेम है, तो यही उचित है कि समय को व्यर्थ नष्ट न करें।

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य (गायत्री परिवार)**

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिये भाग्यशाली है। नक्षत्र आपके लिये अत्यंत अनुकूल दिखाई देता है। सकारात्मक विचार करने से आप सकारात्मक ऊर्जा पाएंगे जिससे आप अपने मकसद तक पहुंच सकेंगे।

**वृष :** आप किसी ऐसे व्यक्ति की ओर आकर्षित होंगे जो आपकी रुचियों और इच्छाओं तथा जुनून को साझा करेगा।

**मिथुन :** आज आप जिन लोगों से मिलेंगे उनके लिए आप एक प्रेरणा होंगे। आपकी फुर्तीली ऊर्जा और आपके चारों ओर प्रेम तथा सुंदरता उन्हें प्रोत्साहित करती है।

**कर्क :** आपके इरादो से संबंधित पुस्तकों का संदर्भ लें। यह पुस्तकें आपको यशस्वी योजनायें बनाने में मार्गदर्शन करेगी।

**सिंह :** आपका दिन सामान्य रहेगा । किसी को अनचाही सलाह या तारीफ देने से बचें। मान सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक दायरा बढ़ेगा।

**कन्या :** आपको नुकसान पहुँचाने का कारण बने व्यक्ति पर दया दिखाना या उसे माफ करना आपके लिये आज मुश्किल होगा।

**तुला :** अपनी भावनाओं और मनोभावों को उस व्यक्ति के सामने स्पष्ट और खुले रूप से व्यक्त करें जिससे आप आकर्षित हैं।

**वृश्चिक :** आप एकबार पुनः दीर्घकालिक स्वप्न पर कार्य करने का प्रयास कर सकते हैं। कभी भी देरी नहीं है। वास्तव में आपको अपने सपनों को पहले की अपेक्षा पूरा करना अधिक आसान हो सकता है।

**धनु :** आपका मजाकिया स्वभाव आपको मित्रों और दूसरे लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय बनाता है जिनसे आप आज मिलते हैं।

**मकर :** महिलाएँ आज जिन पार्टियों या फंक्शनों में उपस्थित होंगी उनमें वे आकर्षक और लोकप्रिय होंगी।

**कुंभ :** आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज आपकी अथवा घर में किसी सदस्य की सेहत अकस्मात ख़राब होने या पुराने रोग के बढने से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

**मीन :** भावनात्मक रुप से आपका कठिन समय चल रहा है तथा आपके हृदय के घाव भरने में थोड़ा और समय लगेगा। परंतु आपके अपने लोगों से आपको करुणा एवं सहानुभूति प्राप्त होगी। जल्द ही यह समय भी निकल जाएगा।आज आप निष्क्रियता एवं थकावट महसूस करेंगे।

# तालिबान के साथ तालमेल के संकेत



डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र

हाल में ही तालिबान ने दावा किया है कि अब भारत, अफगानिस्तान में रुकी हुई कम-से कम 20 परियोजनाओं पर पुनः अपना काम आरंभ कर सकेगा। इसके साथ ही अफगानिस्तान भारतीय निवेश हेतु खुल जायेगा। उल्लेखनीय है भारत ने इसी वर्ष जून (2022) में काबुल स्थित अपने दूतावास में तकनीकी टीम तैनात करके अपनी राजनयिक उपस्थिति कर दी थी। इसी के साथ काबुल में अगस्त 2021 से चल रही अपनी राजनयिक अनुपस्थिति को पुनः अपनी उपस्थिति में बदल दिया था। चूंकि अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के अधिकार के बाद भारत ने अपने दूतावास से सुरक्षा कारणों के चलते अपने अधिकारियों को वापस बुला लिया था। वास्तव में शुभ संकेत भारत द्वारा की गई मानवीय सहयोग व सहानुभूति का एक प्रतिफल कहा जा सकता है।

अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय (एम.यू.डी.ए. के एक प्रवक्ता मोहम्मद के दौरान अनेक परियोजनाओं को भारत संचालित कर रहा था, किंतु अफगानिस्तान में राजनीतिक परिवर्तन व अन्य अनेक मुद्दों के फलस्वरुप उसमें अवरोध उत्पन्न हो गया था। अब भारत ने उन परियोजनाओं पर फिर से कार्य आरंभ करने में अपनी अभिरुचि दिखाई है। भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने आपसी संबंधों में सुधार व देश में रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारंभ करने में अपनी सोच व्यक्त की। वास्तव में यह टिप्पणी उस समय की गयी, जब भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्ल नोमानी के साथ एक बैठक आयोजित की। अफगानी अर्थशास्त्रियों के अनुसार इस कदम से दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां विकास को बढ़ावा मिले दूसरी ओर वहां रोजगार के अवसर भी अधिक बढ़ेंगे। स्मरणीय रहे कि भारत ने अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है, क्योंकि भारत ने तालिबान के जबरिया काबिज होने का पक्षधर नहीं रहा। भारत काबुल में एक समावेशी सरकार के गठन के लिए जोर दे रहा है इसके अलावा वह इस बात पर भी जोर दे रहा है कि किसी भी देश के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान भूमि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इसके साथ ही भारत अफगानिस्तान के समक्ष उपस्थित मानवीय संकट के दूर करने के लिए अपनी अबाध मानवीय सहायता, सहयोग, सहानुभूति एवं सुरक्षा प्रदान करने कीएक जोरदार वकालत भी कर रहा है। ज्ञात रहे कि भारत अपनी अनवरत अफगानिस्तान नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान करता रहा है। आवश्यक खाद्यान्न पदार्थों एवं आवश्यक दवाओं की आपूर्ति के द्वारा चिकित्सा सहायता भी की है। इसके तहत वह पहले ही मदद के तौर पर 20,000 मीट्रिक टन गेंहू 13 टन दवाएं, 500,000 कोविड वैक्सीन की खुराक तथा सर्दियों से बचने हेतु आवश्यक कपड़े शामिल हैं। समाचार पोर्टल टोलो न्यूज केअनुसार इस मामले में अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट रूप से मानना है कि भारत की अटकी परियोजनाओं के आंरभ होने से रोजगार के अवसर व विकास की बढ़ोत्तरी के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। अर्थाशास्त्री दरिया खान बहीर ने कहा है कि इन परियोजनाओं के फिर से शुरु होने से लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होस कते हैं और यह लोगों की आय को बढ़ावा दे सकती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह अफगानिस्तान को राजनीति अलगाव से बाहर निकालने में अपना सक्रिय सहयोग भी दे सकती है। एक अन्य अर्थशास्त्री नाजकमिर जिरमल ने कहा कि इन भारतीय परियोजनाओं के पुनः प्रारंभ हो जाने के परिणामस्वरूप अफगानिस्तान में व्याप्त गरीबी और बेराजगारी के स्तर में कभी आयेगी। इसके साथ एक नया दौर शुरु हो जायेगा। विगत 15 महीनों में अफगानिस्तान में कूटनीतिक समीकरण में एक बड़ा बदलाव आया है। तालिबान के रिश्ते पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण होते जा रहे हैं, जबकि हाल ही में अफगानिस्तान के दूतावास में कार्यरत भारतीय कूटनीतिक तकनीकी टीम से तालिबान ने अनुरोध किया कि भार यहां पर लंबित परियोजनाओं को आरंभ करे। यद्यपि अभी वहां के वर्तमान परिवेश को दृष्टि में रखते हुए भारत अपनी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए उत्साहित नहीं है। विदेश मंत्रालय का यह भी मानना है कि तालिबान वैश्विक स्तर पर अपनी सरकार को मान्यता दिलाने के मंसूबे से भी भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों को लेकर और अधिक उत्साहित नजर आ रहा है। उल्लेखनीय है कि तालिबान सरकार के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्लाह नोमानी ने भारतीय कूटनीतिक टीम से मुलाकात कर चार मांगें रखी हैं। - **लेखक हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के पूर्व प्राचार्य हैं।**



भारत ने अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है, क्योंकि भारत तालिबान के जबरिया काबिज होने का पक्षधर नहीं रहा। भारत इस बात पर भी जोर दे रहा है कि किसी भी देश के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान भूमि का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने आपसी संबंधों में सुधार व देश में रुकी परियोजनाओं को पुनः प्रारंभ करने में अपनी सोच व्यक्त की। वास्तव में यह टिप्पणी उस समय की गयी, जब भारतीय दूतावास प्रभारी भरत कुमार ने अफगानिस्तान के शहरी विकास एवं आवास मंत्री हमदुल्ल नोमानी के साथ एक बैठक आयोजित की। अफगानी अर्थशास्त्रियों के अनुसार इस कदम से दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां विकास को बढ़ावा मिले दूसरी ओर वहां रोजगार के अवसर भी अधिक बढ़ेंगे। भारत अफगानिस्तान के समक्ष उपस्थित मानवीय संकट के दूर करने के लिए अपनी अबाध मानवीय सहायता, सहयोग, सहानुभूति एवं सुरक्षा प्रदान करने कीएक जोरदार वकालत भी कर रहा है।

# विश्व गुरू बनने की राह पर सशक्त कदम



डॉ अनिल कुमार निगम

जी-20 का नेतृत्व मिलने के साथ ही भारत ने विश्व को नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ा दिया है। समृद्ध ज्ञान परंपरा और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत के पास विश्व गुरू के रूप में खुद को साबित और स्थापित करने का एक स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से घोषणा की है कि 50 से अधिक शहरों में 200 से ज्यादा आयोजन किए जाएंगे, उससे यह आभास हो रहा है कि प्रधानमंत्री जी-20 में भारत की भूमिका को लेकर बेहद सजग और सतर्क हैं। भारत में अगले वर्ष 9 और 10 सितंबर को जी-20 सम्मेलन आयोजित होगा। पहली दिसंबर से इसकी अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत को मिल चुकी है। ध्यातत्व है कि विश्व की आबादी का छठा हिस्सा भारत में रहता है और यहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाज और विश्वास की विशाल विविधता है।

जी-20 एक वैश्विक आर्थिक सहयोग का बड़ा एवं प्रभावशाली संगठन है। यह विश्व की जीडीपी का लगभग 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जिस तरीके से संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नाममात्र की रह गई है, उसे देखते हुए आगामी समय में जी-20 की भूमिका अधिक सशक्त होने संभावना बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों ने न केवल भारत का लोहा स्वीकार किया है बल्कि उनको भारत से बहुत अपेक्षाएं हैं। जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत को विश्व में अपनी छवि मजबूत बनाने का सुअवसर मिला है। हालांकि इसकी शुरुआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में इंडोनशिया में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन से कर दी है। उन्होंने इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों में बने स्वदेशी उत्पाद के तोहफ न केवल दिग्गज नेताओं को भेंट किए बल्कि जी-20 का 2023 का लोगो जारी किया, जिसमें भारत के राष्ट्रीय फूल कमल को शामिल कर विश्व को संदेश भी दे दिया कि जी-20 पर भारत की गहरी छाप पड़ने वाली है। प्रधानमंत्री ने कमल के फूल को निरंतर प्रगति का प्रतीक बताया है।



जी-20 जीडीपी का 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक व विश्व की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है।

रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ एक बार फिर 'नख दंत' विहीन संस्था साबित हो गई है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन विश्व में शांति बनाए रखने के लिए किया गया था, लेकिन 1945 के बाद खाड़ी युद्ध, अफगानिस्तान पर आक्रमण, तिब्बत पर चीन का अतिक्रमण, भारत-चीन, भारत-पाकिस्तान, करगिल युद्ध जैसे अनेक युद्ध हो चुके हैं। लेकिन संयुक्त राष्ट्र इन युद्धों को रोकने में पूरी तरह से नाकारा साबित हुआ है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की उपयोगिता पर बार-बार सवाल उठता रहा है। आज भारत विश्व की तीव्र गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। वर्ष 2020 में कोविड महामारी का प्रकोप जिस तरीके से भारत में आया था, उससे ऐसा आभास हो रहा था कि 133 करोड़ की आबादी में बहुत ज्यादा लोग काल कवलित होंगे, लेकिन भारत ने जिस तरीके से खुद को संभाला, उसे संपूर्ण विश्व समुदाय देखा। उसके पश्चात भारत ने कोविड महामारी से निपटने के लिए कोविड वैक्सीन न केवल अपने नागरिकों को बचाने के लिए विकसित की बल्कि अपने पड़ोसी राज्यों सहित विश्व के अनेक देशों को खेपें भेजकर वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर विश्व समुदाय को भारत से बहुत अपेक्षाएं रही हैं। रूस भारत का पारंपरिक मित्र रहा है। भारत-रूस के बीच में रक्षा व्यापार संबंधी अत्यंत सशक्त संबंध रहे हैं। अमेरिका और नाटो देशों ने रूस पर अनेक आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। बाजवूद इसके भारत ने रूस से क्रूड ऑयल खरीदा। इंडानेशिया में जी-20 की सम्मिट के दौरान रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भेंट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यहां तक कह दिया कि यह समय युद्ध का नहीं है, युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, समस्याओं का हल बातचीत से निकाला जाना चाहिए।

वास्तविकता तो यह है कि इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर आयोजित जी-20 देशों की शिखर बैठक में दुनिया को महाशक्ति बनने की ओर बढ़ते भारत की एक शानदार झलक देखने को मिली। जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हम सब मिलकर जी-20 को विश्व कल्याण का प्रमुख स्रोत बना सकते हैं। निःसंदेह, जी-20 की अध्यक्षता मिलना वैश्विक फलक पर जहां भारत के बढ़ते कद को दर्शाता है, वहीं अगला एक वर्ष नई दिल्ली के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण और अवसर प्रदान करने वाला होने जा रहा है। जी-20 में भारत, जर्मनी, जापान, इटली, रूस, अमेरिका, कनाडा, अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, चीन, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, साउदी अरब, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनशिया, तुर्की और येरापीय संघ शामिल हैं। ये विश्व के सभी प्रमुख सशक्त देश हैं, जिसमें भारत की अहम भूमिका होने वाली है। भारत ने 2023 के शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश, मारिशस, मिस्र, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर और यूई को अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया है। यह भारत की दूरदर्शिता को दर्शाता है। **- लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

जी-20 एक वैश्विक आर्थिक सहयोग का बड़ा एवं प्रभावशाली संगठन है। यह विश्व की जीडीपी का लगभग 85 प्रतिशत, व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। जिस तरीके से संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका नाममात्र की रह गई है, उसे देखते हुए आगामी समय में जी-20 की भूमिका अधिक सशक्त होने संभावना बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों ने न केवल भारत का लोहा स्वीकार किया है बल्कि उनको भारत से बहुत अपेक्षाएं हैं। जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत को विश्व में अपनी छवि मजबूत बनाने का सुअवसर मिला है।

# अंबेडकर की सामाजिक-राजनीतिक सोच



अरविंद जयतिलक

राष्ट्रवाद के मोर्चे पर डॉ. अंबेडकर बेहद मुखर थे। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति के लिए मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग दोनों की कटु आलोचना की। हालांकि शुरुआत में उन्होंने पाकिस्तान निर्माण का विरोध किया किंतु बाद में मान गए। इसके पीछे उनका तर्क था कि हिंदुओं और मुसलमानों को पृथक कर देना चाहिए क्योंकि एक ही देश का नेतृत्व करने के लिए जातीय राष्ट्रवाद के चलते देश के भीतर और अधिक हिंसा होगी। वे कतई नहीं चाहते थे कि भारत स्वतंत्रता के बाद हर रोज रक्त से लथपथ हो। वे हिंसामुक्त समानता पर आधारित समाज के पैरोकार थे। उनकी सामाजिक व राजनीतिक सुधारक की विरासत का आधुनिक भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा। मौजूदा दौर में सभी राजनीतिक दल चाहे उनकी विचारधारा और सिद्धांत कितनी ही भिन्न क्यों न होए सभी डॉ. अंबेडकर की सामाजिक व राजनीतिक सोच को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।


डॉ. अंबेडकर के राजनीतिक-सामाजिक दर्शन के कारण ही आज विशेष रुप से दलित समुदाय में चेतनाएं शिक्षा को लेकर सकारात्मक समझ पैदा हुआ है। इसके अलावा बड़ी संख्या में दलित राजनीतिक दलए प्रकाशन और कार्यकर्ता संघ भी अस्तित्व में आए हैं, जो समाज को मजबूती दे रहे हैं। डॉ. अंबेडकर समानता के सच्चे पैरोकार थे। हालांकि उन्हें जब भारत सरकार अधिनियम 1919 तैयार कर रही साउथबोरोह समिति के समक्ष गवाही देने के लिए आमंत्रित किया गया तो उन्होंने सुनवाई के दौरान दलितों एवं अन्य धार्मिक समुदायों के लिए पृथक निर्वाचिका और आरक्षण की मांग की। तब उनकी इस इस मांग की तीव्र आलोचना हुई और उन पर आरोप लगा कि वे भारतीय राष्ट्र एवं समाज की एकता को खंडित करना चाहते हैं। पर सच तो यह है उनका इस तरह का कोई उद्देश्य नहीं था। उनका असल मकसद इस मांग के जरिए ऐसे रुढ़िवादी हिंदू राजनेताओं को सतर्क करना था जो जातीय भेदभाव से लड़ने के प्रति गंभीर नहीं थे। इंग्लैंड से लौटने के बाद जब उन्होंने भारत की धरती पर कदम रखा तो समाज में छुआछुत और जातिवाद चरम पर था। उन्हें लगा कि यह सामाजिक कुप्रवृत्ति और खंडित समाज देश को कई हिस्सों में तोड़ देगा। सो उन्होंने हाशिए पर खड़े अनुसूचित जाति-जनजाति एवं दलितों के लिए पृथक निर्वाचिका की मांग कर परोक्ष रुप से समाज को जोड़ने की दिशा में पहल तेज की। अपनी आवाज को जन.जन तक पहुंचाने के लिए 1920 मेंए बंबई में साप्ताहिक मूकनायक के प्रकाशन की शुरुआत की जो शीध्र ही पाठकों में लोकप्रिय हो गया। दलित वर्ग के एक सम्मेलन के दौरान दिए गए उनके भाषण से कोल्हापुर राज्य का स्थानीय शासक शाहु चतुर्थ बेहद प्रभावित हुआ और डॉ. अंबेडकर के साथ उसका भोजन करना रुढ़िवाद से ग्रस्त भारतीय समाज को झकझोर दिया।

डॉ. अंबेडकर के राजनीतिक-सामाजिक दर्शन के कारण ही आज विशेष रुप से दलित समुदाय में चेतनाएं शिक्षा को लेकर सकारात्मक समझ पैदा हुआ है। इसके अलावा बड़ी संख्या में दलित राजनीतिक दलए प्रकाशन और कार्यकर्ता संघ भी अस्तित्व में आए हैं, जो समाज को मजबूती दे रहे हैं। उन्हें जब भारत सरकार अधिनियम 1919 तैयार कर रही साउथबोरोह समिति के समक्ष गवाही देने के लिए आमंत्रित किया गया तो उन्होंने सुनवाई के दौरान दलितों एवं अन्य धार्मिक समुदायों के लिए पृथक निर्वाचिका और आरक्षण की मांग की।

# कर्मों के अनुरुप मिलता है स्वर्ग-नर्क

हमें बताया जाता है कि हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख-दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी खयाल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क नीचे है? हम वहां कैसे पहुंचेंगे?

एक बार एक युवक के अंदर यह जानने की इच्छा हुई कि स्वर्ग कहां हैं और नर्क कहां हैं और वहां क्या-क्या होता है? एक दिन वह एक संत के पास गया और उनसे सवाल किया कि स्वर्ग कहां है और नर्क कहां है और हम क्या करें, जिससे हम स्वर्ग जा सकें और वे कौन-से कर्म हैं, जिनसे हम नर्क में जाते हैं? संत ने उससे पूछा, 'बेटा, तुम क्या काम करते हो?' उसने कहा, 'मैं पुलिस में हूं।' संत ने कहा,'तेरी तो शक्ल नहीं है पुलिस में काम करने की, तू तो दयनीय लगता है। तुझे किसने पुलिस में भर्ती कर लिया?' उस युवक को बड़ा गुस्सा आया। उसने सोचा कि मैं तो पुलिस का हट्टा-कट्टा जवान हूं, इन्हें क्या हो गया है? गुस्से में उसने अपना हाथ तलवार पर रखा और तलवार को निकाला। उसके कुछ करने से पहले ही संत ने कहा कि यह जो तलवार तुमने निकाली है, इसकी नोक बड़ी मोटी है। इससे तो मेरी गर्दन कटेगी नहीं। यह तूने कैसी तलवार उठाई है? तू किस किस्म का सिपाही है? उसे और गुस्सा आया और जब वह गुस्से से तलवार उठा कर उन्हें मारने ही वाला था, तो संत ने कहा कि यही नर्क है। यह सुनते ही वह रुक गया और उसे ध्यान आया कि वह क्या करने जा रहा था। कैसे इनसान को एक छोटी-सी चीज से गुस्सा आ जाता है। उसके अंदर हलचल इतनी बढ़ जाती है कि वह अपने आपको उस हलचल का शिकार बना लेता है। उसने देखा कि वह तो तलवार निकाल कर संत को मारने लगा था, लेकिन संत शांत अवस्था में बैठे थे। उसने तलवार अंदर रखी, तो संत ने कहा कि यही स्वर्ग है। बहुत बार हमें समझ नहीं आता कि स्वर्ग-नर्क कहां हैं? हम सोचते हैं कि स्वर्ग कहीं आसमान में है और नर्क नीचे पाताल में है। हम यह भूल जाते हैं कि इसी धरती को हम स्वर्ग बना सकते हैं और इसी को नर्क यह इनसान के हाथ में है कि वह अपनी जिंदगी को बेहतर बनाता है या कि खराब।



हम जैसी जिंदगी बिताएंगे, उसी के मुताबिक हमें मरने के बाद स्वर्ग या नर्क में जगह मिलती है। ऐसे में इनसान सोचता है कि मैं क्या करूं, जिससे स्वर्ग में पहुंच जाऊं, क्योंकि नर्क में कोई नहीं जाना चाहता। यह बताया जाता है कि वहां (नर्क में) बड़ी गर्मी है, बहुत दुख-दर्द हैं, इनसान को वहां बड़ी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। हर एक की कोशिश होती है कि वह स्वर्ग में जाए। हम नर्क से कैसे बचें? वह सोचता रहता है कि मैं क्या करूं, जिससे मेरी जिंदगी बेहतर हो। कई बार यह भी खयाल आता है कि क्या स्वर्ग ऊपर है और नर्क

page-9_page 1 05-Dec-22 10:23 PM Page 1

आज ही के दिन 1917 में फिनलैंड ने खुद को रूस से स्वतंत्र घोषित किया था।



# दलित बेटी को जिंदा या मुर्दा बरामद करने की कमिश्नर से लगाई गुहार

## कार्रवाई नहीं होने पर कही मुस्लिम धर्म अपनाने की बात

भास्कर ब्यूरो,

भोजपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित की नाबालिग बेटी डेढ़ वर्ष पूर्व घर से कालेज जाने के लिए गई थी। बेटी के घर नही लौटने पर ग्रामीण ने थाना क्षेत्र के गांव बीजना निवासी युवक और उसके दोस्त समेत तीन के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर अगवा करने के आरोप में केस दर्ज कराया था।

पुलिस की लाख कोशिशें करने के बाद भी किशोरी बरामद नहीं हुई। पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद जेल भेज कर अपना पल्ला झाड़ लिया। ग्रामीण बेटी की बरामदगी को पुलिस,जिला प्रशासन एवं माननीय हाईकोर्ट की शरण में जाकर गुहार लगाते थक गया। डेढ़ वर्ष का लम्बा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस किशोरी को ढूंढने में नाकाम रही। हार थक कर ग्रामीण ने 4 नवंबर को मंडलायुक्त ए के सिंह को पत्र देकर बेटी को जिंदा या मुर्दा बरामद करने की गुहार लगाई। ग्रामीण की शिकायत पर कमिश्नर ने पुलिस उपमहानिरीक्षक को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एक महीना बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण ने पुनः कमिश्नर ए के सिंह को पत्र देकर बेटी बरामद नही होने पर मुस्लिम धर्म अपनाने की बात कही है। थाना प्रभारी संजय कुमार पांचाल के मुताबिक किशोरी के अगवा होने की घटना डेढ़ वर्ष पुरानी है। ग्रामीण की रिपोर्ट पर केस दर्ज करने के बाद गहनता से जांच की पर छात्रा का कोई सुराग नहीं लगा।

पीड़ित ग्रामीण के बयानों के आधार पर नामजद आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने के बाद भी कोई सफलता नहीं मिली। वादी की संतुष्टि के लिए आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। पुलिस लगातार अगवा किशोरी की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

# देश की तरक्की व उन्नति के लिए सभी को करना चाहिए मतों का प्रयोगः डीएम

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने सिविल डिफेंस द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली सोमवार को कलेक्ट्रेट से जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद महानगर के विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हुई।



रैली के दौरान मतदाताओं से मतदान के प्रति जागरूक होने जिनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं उनके नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने आदि संदेश दिए गए कहा गया कि मतदान हमारा अधिकार है लिहाजा लिहाजा अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि की जो युवा एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष के होने जा रहे हैं, वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में गलत छपे हुए हैं उन्हें भी वह सही करा सकते हैं या जो लोग अपना स्थान छोड़कर दूसरे स्थान पर चले गए हैं वह भी अपने वर्तमान पते पर मतदाता सूची में अपना नाम अंकित कराएं।

डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा देश की तरक्की व उन्नति के लिए सभी को अपने अपने मतों का प्रयोग करना चाहिए।

# नाले में मिली टेलर मास्टर की लाश, फैली सनसनी

भास्कर ब्यूरो,



बिलारी। नगर के शाहबाद रोड पर एक लाश नाले में पड़ी मिली है जिसकी पहचान राजवीर सिंह के रूप में उसकी पत्नी ने की है। लाश मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

बताते चलें कि हरोरा मोड़ पर बनी एक पुलिया के नीचे बने नाले में राजवीर

- पत्नी ने जताई हत्या की आशंका,
- परिवार में चल रहा है संपत्ति विवाद

सिंह का शव पड़ा है यह खबर एक व्यक्ति ने राजवीर सिंह की पत्नी सुनीता को दी जिसके उपरांत रोती बिलखती सुनीता लाश के पास पहुंची और फिर वहां भीड़ लग गई सूचना पाते ही मौके पर निरीक्षक अपराध राजेश यादव उप निरीक्षक राम नरेश यादव व कस्बा इंचार्ज अमित कुमार इत्यादि पुलिस बल मौके पर पहुंच गए घटना की जानकारी देते हुए मृतक राजवीर सिंह की पत्नी सुनीता ने बताया कि उनकी उम्र 40 वर्ष थी और वह मजदूरी पर कपड़े सीने का काम करते थे कहा कि हमारे पास 7 बच्चियां हैं बताया कि दोनों पति पत्नी रविवार लगभग एक बजे मिलक से 5600 रूपये का एक कटरा खरीद कर लाए थे कटरा स्वामी वा मृतक राजवीर साथ रह गए व पत्नी सुनीता लगभग दो बजे तक वापस ग्राम हरोरा में अपने घर पहुच गयी। बताया कि पति देर रात जब घर नहीं पहुंचे तो पत्नी सुनीता ने उन्हें जगह जगह ढूंढा पर वह नहीं मिले और सुबह उनकी लाश नाले में पाई गई।

मृतक की पत्नी सुनीता का कहना है मेरे पति की हत्या हुई है बताया कि हत्या का कारण पारिवारिक संपत्ति का विवाद है पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है मौके पर आई फॉरेंसिक टीम फील्ड यूनिट के प्रभारी ने भो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए है।

# अनारक्षित हुई बिलारी पालिका अध्यक्ष की सीट बदलेगी सियासी बिसात

भास्कर ब्यूरो,

बिलारी। लंबे समय से चुनाव लड़ने वाले वा चुनाव से संबंधित खबरो का संज्ञान लेने वाले लोग जगह जगह निकाय चुनाव से संबंधित आरक्षण की सूची का इंतजार कर रहे थे।

चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव से संबंधित आरक्षण की यह सूची सोमवार देर शाम घोषित कर दी है इस सूची के आने के बाद




जगह जगह सियासी बिसात बदल गई है बिलारी नगर की बात की जाए तो यहां की सीट अनारक्षित होने के बाद दिग्गजों के नाम चुनाव मैदान में आते सुनाई पड़ रहे हैं लोग कयास लगा रहे हैं कि अब साहू सुनील सहाय, देवेश शर्मा,केके गुप्ता के अलावा और भी कई लोग चुनावी मैदान में अपनी बाजी आजमा सकते हैं। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर ही चुनाव लड़ने का मन बनाए हुए हैं। अब देखना यह है कि भाजपा किस प्रत्याशी पर बिलारी निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद पर दांव खेलेगी।

बताते चलें कि बिलारी में सपा बसपा व भाजपा के प्रत्याशियों की घोषणा होनी बाकी है। आरक्षण खुलने के बाद अब इनके प्रत्याशियों की घोषणा जल्द होगी।

# मरीज की तीमारदार से आंख लगा बैठे डॉक्टर

## डॉ. रविंद्र कुमार पर एक महीना पूर्व में महिला ने मारे थे चप्पल, छेड़छाड़ का था मामला

- सीएमओ की सिफारिश का पत्र मरीज के मुंह पर मारने के मामले ने पकड़ा तूल, सीएमओ ने भी छोड़ा अपना दामन,

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। जिला अस्पताल का एमरजेंसी वार्ड चर्चाओ में रहता ही था अब जिला अस्पताल की ओपीडी का कमरा नम्बर 9 पिछले कुछ दिनों से सुर्खियों में छाया हुआ है।

### क्या होता हैं इलाज 9 नम्बर में

जिला अस्पताल की ओपीडी के कमरा नम्बर 9 में सर्जन को उन मरीजो के चेकअप के लिए बैठाया जाता हैं। जिनको कोई गम्भीर बीमारी है और ऑपरेशन से उसे ठीक किया जा सकता हैं। पिछले दिनों इसी कमरा नम्बर 9 में अपना इलाज कराने आई थाना मझोला के लाइन पार निवासी महिला मरीज के साथ उसके साथ मरीज की रिश्तेदार महिला तीमारदार भी जिला अस्पताल की ओपीडी में आई थी। जहां डॉक्टर मरीज के साथ आई महिला तीमारदार से अपनी आँख लड़ा बैठे। इतना ही नहीं डॉक्टर साहब की मेहरबानी इस हद तक हुई मरीज का सफ़ल ऑपरेशन करने के बाद उन्हें सैर सपाटा भी कराया गया। चर्चा यह भी गर्म होने लगी डॉक्टर साहब जमकर शॉपिंग करा रहे हैं। अफवाह यह भी गर्म रही जिस होटल में डॉक्टर साहब ने अपना निवास बनाया हुआ है। महिला को उस होटल में डॉक्टर साहब के साथ कार में आते जाते देखा जा सकता हैं।



डॉ रविंद्र कुमार जनरल सर्जन



इस संबंध में मुझे कोई जानकारी नहीं है और ना ही मैंने इस संबंध में कोई कार्यवाही की है,

सीएमओ, डॉ एमसी गर्ग

दूसरी महिला से नैन लगाना पड़ा भारी

डॉक्टर साहब के इस अय्याशी के खेल का उस समय पर्दाफाश हो गया जब डॉक्टर साहब ने उसी मरीज के साथ दवा लेने आई एक अन्य महिला तीमारदार को भी अपने रुतबे व पैसों के बल पर फ़ासना चाह। महिला तीमारदार डॉक्टर साहब की नीयत को समझ गई और पैरों से चप्पल निकालकर डॉक्टर साहब पर हाथ उठा लिया।

किसी तरह डॉक्टर जिला अस्पताल की ओपीडी से भाग खड़े हुए और लंबी छुट्टी पर घर चले गए।

### महिला मरीज के मुंह पर मारा सीएमओ की सिफारिश का लेटर

डॉक्टर साहब का तीमारदार से इश्क लड़ाए जाने का मामला शांत भी नहीं हुआ था डॉक्टर साहब ने फिर एक और हिमाकत जिला अस्पताल के कमरा नम्बर 9 में कर डाली जिसमें एक महिला मरीज सीएमओ का सिफारिश का लेटर मरीज के मुंह पर मारते हुए सात हजार रुपए रिश्वत की खुलेआम इलाज के नाम पर मांग कर डाली यह मामला भी यही शांत हो जाता लेकिन बदकिस्मती से उसी दिन प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुरादाबाद एक जनसभा में आए हुए थे और महिला मरीज का पति डॉक्टर की इस हरकत के बाद शिकायत करने जनसभा में ही पहुच गया लेकिन उसे सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया लेकिन उसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पहुचा दी गई थी।

### जिम्मेदार अधिकारियों ने ऐसी किसी भी जानकारी से किया साफ इंकार

जिला अस्पताल के ओपीडी के कमरा नम्बर 9 को लेकर पिछले दिनों से अबतक जो कुछ भी हुआ उसकी किसी भी घटना से स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने साफ इंकार करते हुए कहा हमे अभी इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त नही हुई हैं और न ही ऐसी किसी घटना की कोई जानकारी उनके पास है। स्वास्थ्य विभाग के मुखिया सीएमओ डॉ एम सी गर्ग की आदत में शुमार है। वह अपने डॉक्टरों की किसी तरह की कोई कार्यवाही या जांच इस तरह के मामलों में नही करना चाहते। सीएमओ की लापरवाही का आलम यह है कि पिछले दिनों डिलारी स्वास्थ्य केंद्र पर एक एएनएम को लेकर स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारी का नाम जोड़ा गया था। इतना ही नहीं एएनएम के साथ अन्य एएनएम भी अधिकारी के खिलाफ खड़ी हो गई थी लेकिन इस एएनएम मामले में भी सीएमओ ने किसी तरह की कोई कार्यवाही न करते हुए यह कहते हुए अपना दामन बचा लिया था। यह विभागीय मामला है।

# सर्दी आते ही नगर में चोरियों का सिलसिला शुरू

भास्कर ब्यूरो,

ठाकुरद्वारा। नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला से मिर्च मसाले से भरी रिक्शा डनलप चोरी कर ले गए अज्ञात चोर तो कोतवाली से महज चंद कदमो की दूरी से कई व्यापारियों की दुकानों छत से केबिल व ए सी के पाइप चोरी कर लिए गए हैं। व्यापारियों ने कोतवाली पुलिस से घटना की शिकायत की है।

बीती रात नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला निवासी आरिफ पुत्र मोहम्मद इमरान नगर में मिर्च मसालों की फेरी कर रोज़ की तरह अपने घर वापस आया था। मिर्च मसालों से लदी अपनी रिक्शा को उसने घर के बाहर ही पिन्नी आदि से लपेटकर और बांधकर खड़ा कर दिया था। इसी बीच रात में किसी समय अज्ञात



चोर उसकी माल से भरी रिक्शा को चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बताया है कि रिक्शा में लगभग 25 हज़ार रुपये का माल था। उधर नगर के बुध बाज़ार में कोतवाली से महज चंद कदमो की दूरी पर बीती रात अज्ञात चोर माया मार्केट स्थित तुषार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, व मनीष तथा कई अन्य दुकानदारों की छत पर चढ़कर वँहा से ए सी केबल, ए सी सौर ऊर्जा के केबिल तथा ए सी के कोपर पाइप आदि सामान को चोरी कर ले गए।

पीड़ित दुकानदारों ने कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह से मिलकर घटना की शिकायत की है। इस दौरान अनेक दुकानदार मौजूद रहे।

## सार सुर्खियां

### भोजपुर धर्मपुर में चेयरमैन का पद अनारक्षित

भास्कर ब्यूरो, भोजपुर। सोमवार को अध्यक्ष पद का आरक्षण घोषित होने के साथ ही संभावित प्रत्याशियों ने डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क शुरू कर दिया है। प्रत्याशी शामियाने लगाकर मतदाताओं की आवभगत करने में जुट गए हैं। सोमवार को अध्यक्ष का पद अनारक्षित घोषित होने के साथ ही नगर पंचायत में चुनावी सरगर्मियां बढ़ गईं हैं। यूं तो नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं वार्डों के सभासदों के चुनावों में किसी भी राजनीतिक पार्टी का कोई दखल नहीं रहता,चुनाव जातियों के आधार पर होता है। पर इस बार अधिकतर प्रत्याशी भाजपा का चुनाव चिह्न हासिल करने के लिए भाजपा नेताओं के घरों के चक्क र लगा रहे हैं।नगर में सर्वाधिक 9हजार शेखजादे जाति के मतदाता हैं। दूसरे नंबर पर 6हजार अंसारी एवं तीसरे नंबर पर 4हजार कुरैशी जाति के मतदाता हैं। एक हजार हिन्दू एवं 6हजार सैफी, अल्वी,धुनें,नाई,अब्बासी,दर्जी,काजी आदि छोटी जातियों से ताल्लुक रखते हैं। सिंबल किसी भी पार्टी का हो पर अधिकतर मतदाताओं का रूझान अपनी जाति के उम्मीदवार को जिताने का रहता है। इस बार चुनाव में शेखजादा जाति से मोईनुद्दीन, शफी अहमद उर्फ बाबू,नदीम चौधरी, नबी जान उर्फ भूरा, अंसारी जाति से परवेज अख्तर अंसारी,नदीम अंसारी,जफर अंसारी, इरशाद अंसारी एवं कुरैशी जाति से हसन कुरैशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 25हजार 407 मतदाता उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

### पुताई करते हुए ऊँचाई से गिरकर मजदूर की मौत

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। चिकित्सक के घर की पुताई करते हुए ऊँचाई से गिरकर मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई है। मजदूर की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। सोमवार की दोपहर नगर के वार्ड नं 21 मातावाली मन्दिर रोड पर स्थित डॉ कनवाल के घर पर पुताई का काम चल रहा था। पड़ोस का ही रहने वाला मजदूर उस्मान पुत्र मोहम्मद उमर मंसूरी एक सीढ़ी लगाकर दीवार पर पुट्टी कर रहा था अचानक उस्मान ऊपर से नीचे सड़क पर आ गिरा। इस दौरान वह नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन फानन में उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जंहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उस्मान की मौत से उसकी पत्नी सायबा, व तीन बेटियों आलिया मन्नत, व आयत सहित सभी परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।



### मोबाइल छीनने वाले दो युवकों को किया पुलिस के हवाले

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। मोबाइल देख रहे मासूम बच्चे के हाथ से मोबाइल छीन कर भाग रहे दो युवकों को बच्चे के परिजनों ने पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम असलेम पुर निवासी प्रदीप कुमार का 3 वर्षीय पुत्र सुधांशु अपने घर मे मोबाइल से खेल रहा था। इसी दौरान नगर के मोहल्ला मातावाली के रहने वाले दो युवक वंही पास में लगे नल पर पानी पीने के बहाने गए और मौका देखकर बच्चे के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगे। बच्चे के रोने पर उसके परिजनों ने दोनो युवकों को दौड़ कर पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर डाली। बाद में डायल 112 को फोन कर दोनो को पुलिस के हवाले कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले को दर्ज नही किया जा सका था।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

भास्कर ब्यूरो, ब्लॉक कुंदरकी/ थाना कुंदरकी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश में थाना कुंदरकी महिला सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना अंतर्गत थाना क्षेत्र अंतर्गत महिलाओं बालिकाओं को भूमि पावर लाइन संख्या एक हजार नवें यू .पी . महिला हेल्पलाइन संख्या एक सो इंकशी साइबर हेल्पलाइन 1930 यू सी ओ पी एप्स से प्राप्त होने वाली सुविधा के बारे में जागरूक किया।



### मामूली बात पर छात्रों में मारपीट, चले लात घूंसे

भास्कर ब्यूरो, कुंदरकी। मैनाठेर थाना क्षेत्र के डी डी यू हॉस्टल में मामूली सी बात को लेकर छात्रों में चले लात घूंसे निकली बेल्ट सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने पहुंचे सीओ बिलारी नगर पंचायत महमदपुर माफी के ईसागढ़ तिराहा पर डी डी यू जी के यू सेंटर नाम से एक संस्था चल रही है जिसमें आसपास के गांव से लेकर दूसरे जिलों के छात्र छात्राएं इस सेंटर में पढ़ाई कर रहे हैं इस सेंटर में छात्र छात्राओं को हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है जिसमें यहां पर छात्र छात्राएं रुक कर पढ़ाई करते हैं छात्रों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिसमें देखते दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और दोनों पक्षों में गाली गलौच होते हुए लात घूंसे चलने लगे और देखते ही देखते दोनों पक्ष के छात्रों में बेल्ट चलने लगी सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझा बुझाकर शांत कर दिया लेकिन कुछ छात्र कार्यवाही करने को आगे आ गए जहां पुलिस ने नदीम, सुहेल,जावेद,तीन छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है जिसमें हॉस्टल पहुंची सीओ बिलारी सलोनी अग्रवाल ने हॉस्टल सेंटर पहुंचकर छात्रों से झगड़े की पूछताछ की जहां छात्रों ने सीओ बिलारी के सामने गलती का पछतावा किया।



# हरदोई निवासी युवक की बस की चपेट में आने से मौत, मचा कोहराम



भास्कर ब्यूरो,

पाकबड़ा। थाना पाकबड़ा के ठीक सामने बस की चपेट में आए एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है।

जिला हरदोई के मुथला चौक थाना शाहबाद निवासी 25 वर्षीय युवक अर्जुन थाना पाकबड़ा के इलाके खास पाकबड़ा बाजार स्थित अजीम के रेडीमेड सिलाई की फैक्ट्री में टेलर के साथ अन्य काम करता था। कल शाम साढ़े पांच बजे वह फैक्ट्री से पैदल ही नंदन स्वीट्स व थाना पाकबड़ा के सामने सड़क पार कर रहा था। अचानक तेज रफ्तार में आती बस ने उसे रौंद डाला। मौके पर जुटी पुलिस व भीड़ की मदद से घायल अर्जुन को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसके सभी चेकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही फैक्ट्री मालिक अजीम के साथ अन्य लोग जिला अस्पताल पहुच गए थे और सुबह परिवार वाले भी जिला अस्पताल की मोर्चरी पर जमा हो चुके थे। मृतक अर्जुन के मामा विशाल ने बताया भाई बहनों में अर्जुन ही सबसे बड़ा था।

आठ माह पूर्व ही उसके पिता की मौत हो चुकी हैं। दो बहनों परिभा की शादी हो चुकी हैं और सरिता अभी पढ़ाई कर रही हैं। दो भाई अरुण व अनुज भी पढ़ाई कर रहे हैं। पूरे घर की जिम्मेदारी अर्जुन ही पूरी किया करता था। अर्जुन की मौत से परिवार में बुरी तरह कोहराम मच गया है।

## अज्ञात महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। कोतवाली क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मौके पर पँहुची कोतवाली पुलिस ने शव को पी एम को भिजवा दिया है। सोमवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा में नागनाथ मंदिर के निकट रास्ते पर एक प्लास्टिक के बोर में महिला का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पंहुचकर उक्त बोरा खोलकर शव का बारीकी से निरीक्षण किया और शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार मृतक महिला की उम्र लगभग 24 साल है और उसने काले रंग की पजामी पहन रखी थी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात शव को पी एम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# नगर पालिका परिषद चुनाव को लेकर कोतवाली परिसर में बैठक आयोजित

भास्कर ब्यूरो,

ठाकुरद्वारा। नगर पालिका परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए कोतवाली पुलिस ने सभी संभावित प्रत्याशियों तथा नगर के अन्य गण मान्य लोगों की बैठक का आयोजन कर सभी से चुनाव में शांति बनाए रखने की अपील की है। सोमवार को नगर पालिका परिषद चुनाव की सुगबुगाहट तेज़ होते ही कोतवाली पुलिस ने एक बैठक का आयोजन कर पालिका चुनाव में शामिल सभी लोगों से सहयोग की अपील की है। इस दौरान बैठक को संबोधित करते व्यापार मंडल संरक्षक हाजी मुख्तार सैफी ने कहा कि कोतवाली पुलिस चुनावो को लेकर किये जाने वाले मुचलकों पर विशेष ध्यान दे और नगर के सभ्रांत लोगों को मुचलका पाबंद न करे। उन्होंने कहा कि शस्त्र लाइसेंस जमा न कराए जाएं और खासतौर पर व्यापारियों व सर्राफा व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस तो बिल्कुल भी जमा न कराए जाएं। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष और कांग्रेस नेता संजीव सिंघल ने कहा कि ठाकुरद्वारा नगर आपसी भाईचारे की मिसाल है और हमेशा ही प्रशासन को नगर के सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिलता रहा है। सभासद नदीम सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि चुनावी माहौल में कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं जो कोतवाली पुलिस को भ्रामक खबरे देते हैं और बे वजह की अफवाहें फैलाते हैं पुलिस ऐसे तत्वों से सावधान रहे और स्वम् मामले को गम्भीरता से लेकर कठोर कदम उठाए। बैठक में मौजूद नायब तहसीलदार अंकित गिरी व कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी छोटी बड़ी घटना को प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।




इस मौके पर भाजपा नेता गौरव चौहान, अनुराग सिंघल, शिवेंद्र गुप्ता, शाहनवाज़ खान,अतीक सिद्दीकी, सत्य प्रकाश गुप्ता, साहिल खान इरफान अंसारी, हाजी वली मोहम्मद, आदि अनेक लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन हास्य कवि शरीफ भारती द्वारा किया गया।

आज ही के दिन 1907 में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी लूट की पहली घटना चिंगरीपोटा रेलवे स्टेशन पर हुई, यह स्थान अब बांग्लादेश में है।

# तीनों पालिकाओं में लड़ा जाएगा अनारक्षित चुनाव

## शामली, कांधला व कैराना समेत पांच नगर पंचायतें भी अनारक्षित, नगर पंचायत बनत ओबीसी, ऊन को महिला श्रेणी में रखा

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार को नगर निकाय चुनाव में निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों की आरक्षण सूची जारी कर दी। शामली जिले की तीनों नगर पालिकाएं अनारक्षित श्रेणी में रखी गई है, जबकि एक नगर पंचायत अन्य पिछडा वर्ग, एक को महिला श्रेणी तथा बाकी पांच नगर पंचायतों को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। नगर निकाय चुनाव के तहत आरक्षण सूची जारी होने का इंतजार कर रहे भावी प्रत्याशियों को सोमवार शाम राहत भरी खबर मिली। उत्तर प्रदेश शासन ने सोमवार शाम को नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर अध्यक्ष पदों के आरक्षण की अनुसूची जारी कर दी। शासन द्वारा पूरे प्रदेश में 17 निगम, 200 नगर पालिकाओं तथा 545 नगर पंचातयों के आरक्षण की अनुसूची जारी की गई है। जनपद शामली में तीन नगर पालिकाएं शामली, कैराना व कांधला तथा सात नगर पंचायतें बनत, एलम, ऊन, थानाभवन, गढीपुख्ता, जलालाबाद, झिंझाना हैं। आरक्षण अनुसूची में इस बार जिले की तीनों नगर पालिकाओं को अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। जबकि नगर पंचायत बनत को अन्य पिछडा वर्ग, ऊन को महिला श्रेणी तथा एलम, थानाभवन, गढीपुख्ता, जलालाबाद, झिंझाना नगर पंचायतों को भी अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। आरक्षण अनुसूची जारी होने के साथ ही निकाय चुनावों को सरगर्मियां तेज हो गई है।

चुनाव को लेकर तेज हुई सरगर्मियां सोमवार शाम को आरक्षण सूची जारी होने के बाद नगर निकाय में अध्यक्ष व सदस्य पदों के चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई है। चुनाव लड़ने की योजना बनाए बैठे प्रत्याशियों ने चुनाव की पूरी रणनीति तैयार कर ली है।

### 12 दिसंबर तक सचिवालय में दर्ज कराए आपत्ति

उत्तर प्रदेश विशेष सचिव सुनील कुमार चौधरी की तरफ से जारी आरक्षण अनुसूची पर अगर किसी व्यक्ति विशेष को आपत्ति है तो वह अनुसूची जारी होने के एक सप्ताह के अंदर यानि 12 दिसंबर शाम 6 बजे तक अपनी आपत्ति उत्तर प्रदेश सचिवालय में दर्ज करा सकता है। आपत्ति व्यक्तिगत रूप से कार्यालय पहुंचकर भी दर्ज कराई जा सकती है।

### अब रहेगा अधिसूचना जारी होने का इंतजार

आरक्षण सूची जारी होने के बाद अब प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने का इंतजार है। अधिसूचना में निर्वाचन आयोग द्वारा नामांकन भरने की तिथि, चुनाव चिन्ह आवंटन, चुनाव की समय सारणी, चरणों के अनुसार चुनाव तिथियां, मतगणना की तिथि आदि की घोषणा की जाती है। कयास लगाए जा रहे है कि दिसम्बर महीने में ही निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी जाएगी, जिसके तहत फरवरी-मार्च में निकाय चुनाव होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सार सुर्खियां

### रोटरी क्लब ने कराई विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना

कैराना। रोटरी क्लब शामली स्टार द्वारा सोमवार को ग्राम एरटी स्थित माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना की गई। प्रयोगशाला का उद्घाटन सीडीओ शंभू नाथ तिवारी एवं क्लब अध्यक्ष निखिल ऐरन द्वारा किया गया। सीडीओ शंभू नाथ तिवारी ने क्लब के कार्य की प्रशंसा करते हुए बच्चों को बताया कि वह किस प्रकार इस विज्ञान प्रयोगशाला का उपयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम में सचिव आकाश गुप्ता, मोहित बंसल, प्रमोद ऐरन, राहुल तायल, सौरभ गोयल मौजूद रहे।

### चेयरमैन की अचानक हालत बिगड़ी

कैराना। सोमवार सुबह नगरपालिका के अध्यक्ष हाजी अनवर हसन मोहल्ला आलदरम्यान स्थित अपने आवास पर थे। इसी दौरान उन्हें पीठ और छाती में दर्द की शिकायत हुई, जिसके बाद परिजनों द्वारा नगर के एक निजी हॉस्पिटल में ले जाया गया। जहां उनकी ईसीजी हुई और रिपोर्ट नॉर्मल आई। इसके बावजूद हालत में कोई सुधार न देखते हुए डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। परिजन उन्हें दिल्ली अपोलो हॉस्पिटल में ले गए।

### मारपीट में ग्राम प्रधान समेत तीन पर मुकदमा

चौसाना। चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव टोडा में ग्राम प्रधान सोनू पुत्र रामकुमार, श्रीपाल पुत्र भगत व अन्नू पुत्र बालेन्द्र ने गांव के पदम सिंह पुत्र सुरता सिंह की खेत से आते समय पिटाई कर दी थी। आरोप था कि पदम सिंह ने प्रधान पक्ष के लोगो की अवैध कब्जे की शिकायत प्रशासन को की है। राजस्व टीम व पुलिस ने अवैध कब्जे को मुक्त करा दिया था। जिससे क्षुब्ध ग्राम प्रधान व उसके साथियों ने खेत से लौट रहे किसान पदम सिंह को रास्ते में पकड लिया था और जमकर पिटाई की थी। चौकी प्रभारी सचिन पुनिया का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### चाकू समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा

कांधला। रविवार की रात्रि पुलिस टीम सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम को किवाना मोड़ के निकट संदिग्ध युवक दिखाई दिया जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कब्जे से पुलिस ने एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम आजाद पुत्र इसरार निवासी मोहल्ला खेल थाना कांधला बताया। सोमवार को पुलिस ने पकड़े गए युवक के खिलाफ अभियोग दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामवीर सिंह का कहना है कि पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया। पकड़े गए युवक के अन्य अपराधिक इतिहास भी खंगाले जा रहे हैं।

# नाहिद हसन ने तीसरी बार ली शपथ

- भाजपा प्रत्याशी को हराकर जेल से जीते थे चुनाव
- जेल में होने के कारण शपथ नहीं ले पाए थे नाहिद

भास्कर ब्यूरो



**कैराना।** सपा विधायक नाहिद हसन जेल से रिहा होने के बाद लखनऊ विधानसभा में पहुंचे। जहां उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के समक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। विधानसभा-2022 चुनाव में नाहिद हसन ने कैराना सीट से भाजपा प्रत्याशी मृगांका सिंह को जेल में रहते हुए हराकर जीत दर्ज की थी। वह जेल में बंद होने के कारण अभी तक शपथ नहीं ले पाए थे। शपथ लेने के बाद वह विधानसभा की कार्यवाही में भी शामिल हुए।

कैराना विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के नाहिद हसन ने विधानसभा-2022 चुनाव में मुजफ्फरनगर जेल से ही जीत दर्ज की थी. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मृगांका सिंह को हराया था। लेकिन, गैंगस्टर एक्ट के मामले में विधायक के जेल में बंद होने के कारण वह शपथ ग्रहण नहीं कर सके थे। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विधायक नाहिद हसन को जमानत के आदेश जारी किए थे। इसके बाद तमाम प्रक्रिया पूर्ण होने पर दो दिन पूर्व विधायक नाहिद हसन को चित्रकूट जेल से रिहा कर दिया गया था। जेल से रिहाई के बाद सोमवार को विधायक नाहिद हसन लखनऊ विधानसभा में पहुंचे। जहां उन्हें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बता दें, विधायक नाहिद हसन कैराना सीट से लगातार तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए थे। वह शपथ लेने के बाद विधानसभा की कार्यवाही में भी शामिल हुए।

# चिकित्सीय मेले में 470 मरीजों की हुई जांच

- मंडलीय होम्योपैथिक चिकित्सीय मेले का आयोजन

भास्कर ब्यूरो

कांधला। सोमवार को नगर पालिका परिषद कांधला में मंडलीय होम्योपैथिक चिकित्सकीय मेले का आयोजन किया गया। मेले में 470 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाईयों का वितरण किया गया। सोमवार को नगर पालिका कांधला के प्रांगण में मंडलीय होम्योपैथिक चिकित्सकीय मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख कांधला डा. विनोद मलिक ने डा. सैम्युअल हैनीमेन के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर डीएम के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार प्रियंका जायसाल ने मेले का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मेले में मुख्य चिकित्साधीक्षक सहारनपुर मंडल डा. विधु शेखर मलिक ने बताया कि मेले में 470 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गयी। उन्होंने बताया कि मेले में रागियों की निशुल्क रक्त की जांच भी की गयी जिसमें 26 रोगी मधुमेह के मिले जिन्हें दवाईयां दी गयी। मेले में रेडक्रास सोसायटी शामली के कोषाध्यक्ष डा. रश्मिकांत जैन ने भी भाग लिया। इस मौके पर तहसीलदार प्रियंका जासवाल को अंगवस्त्र व सभी चिकित्सकों व कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। डा. विधु शेखर मलिक ने बताया कि होम्योपैथिक सबसे अच्छी व बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के अपना काम करती है तथा रोग को जड से समाप्त करती है। इस मौके पर डा. सुधीर शर्मा, डा. अंकुज कुमार, डा. रिजवान अली आदि भी मौजूद रहे।

# जल निगम के जेई ने गुंडों से मजदूरों को पिटवाया

## गुंडों के हमले से करीब दस मजदूर घायल, भागकर बचाई जान, पुलिस ने आरोपी जेई को हिरासत में लिया

भास्कर ब्यूरो



**चौसाना।** गांव गढी हसनपुर में टंकी निर्माण के निरीक्षण को पहुंचे जल निगम के जेई ने न केवल निर्माण कम्पनी कर्मचारियों से बदसलूकी की, बल्कि अपने गुंडे बुलवाकर मजदूरों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, जिससे एक सिविल इंजीनियर समेत सात मजूदरों को गम्भीर चोटे आई। मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची ऊन चौकी पुलिस ने आरोपी जेई को हिरासत में ले लिया और घायलों का मेडिकल कराया। केन्द्र सरकार की पेयजल योजना के अन्तर्गत गढी हसनपुर मे टंकी निर्माण का कार्य चल रहा था। टंकी बनाने का टेंडर लक्ष्मी सिविल सर्विसेज के पास है। सोमवार को कम्पनी के इंजीनियर मिन्टू पुत्र नितेश व अमित कुमार टंकी के बेस की जांच कराने के लिये मौके पर आये हुये थे और जल निगम के जेई अरविन्द कुमार सिंह को भी बुलाया गया था। बताते है कि जांच के दौरान जेई अरविन्द कुमार सिंह ने सरियो के पिलर मे ज्यादा गेप होने की शिकायत पर कम्पनी कर्मचारियों व लेबर के साथ अभद्रता शुरू कर दी। कम्पनी कर्मचारियों ने कमियों को दूर करने की बात कही तो जेई अरविन्द कुमार सिंह ने यूपी से बिहार की लेबर को लेकर टिप्पणी कर दी, जिस पर कर्मचारियों ने आपत्ति दर्ज करते हुये जोनल हैड को शिकायत करने की बात कही। इस पर जेई अरविन्द कुमार सिंह उग्र हो गये और उन्होंने फोन कर दो गाडियों से अपने साथियों को बुलाकर लाठीडंडो से कम्पनी कर्मचारियों व लेबर को दौडा दौडाकर पीटा। कम्पनी कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान को बचाया। बेसमेंट मे पिलर के पास छिपकर खडे लेबर मजदूर ने बवाल की पूरी विडियों अपने फोन में कैद कर ली। सूचना पर ऊन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची, जिसे देखकर गुंडे फरार हो गए। घायल मजदूरों का पुलिस ने मेडिकल कराया। कम्पनी के सिविल इंजीनियर व लेबर के सात लोगो को गम्भीर चोटे आई है, जिसमे मिन्टू कुमार, अमित कुमार, मजदूर अमित, गिरधारी लाल, मजिस्टर कुमार, लाल सक्सैना आदि को चोटे आई है। कम्पनी के कर्मचारी मिन्टू का कहना है कि जेई जब जब टंकी पर आया तब तब लेबर व कर्मचारियों के साथ अभद्रता की। जेई को हमने कमियों को दूर करने के लिये कहा था और अतिरिक्त जांच के लिये उच्चाधिकारियों को भी बुलाने के लिये कहा था, लेकिन जेई कॉन्ट्रेक्टर के साथ लेनदेन की बात ना होने से खफा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी जेई को हिरासत में ले लिया है।



# बाबा श्याम के दर्शन को रवाना हुई दो बसें

- पूर्व चेयरमैन अरविन्द संगल ने दिखाई हरी झंडी

भास्कर ब्यूरो

शामली। श्री श्याम दर्शन सेवा समिति शौर्य फायर एकेडमी द्वारा सोमवार को चुलकाना धाम के लिए श्रद्धालुओं से भरी दो बसों को रवाना किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन को रवाना हुए।

श्री श्याम दर्शन सेवा समिति शौर्य फायर एकेडमी द्वारा सोमवार को पवित्र चुलकाना धाम के लिए दो बसों को रवाना किया गया। सोमवार को शहर के बिग्रेडियर होशियार सिंह इंटर कालेज के बाहर से पूर्व नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने श्रद्धालुओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन ने कहा कि हरियाणा राज्य के पानीपत जिला में समालखा कस्बे से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चुलकाना गांव जो अब चुलकाना धाम से प्रसिद्ध है। यही वह पवित्र स्थान हैं जहां पर बाबा ने शीश का दान दिया था। चुलकाना धाम को कलिकाल का सर्वोत्तम तीर्थ स्थान माना गया है। चुलकाना धाम का सम्बन्ध महाभारत से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि चुलकाना धाम में एकादशी व द्वादशी पर मेला लगता है। बाबा खाटूश्याम मंदिर में दर्शन के लिये भक्तों की बहुत ज्यादा भीड़ उमड़ जाती है। समाजसेवी यशपाल पंवार ने भी श्रद्धालुओं से भरी दूसरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यशपाल पंवार ने भी सभी श्रद्धालुओं की सुखद यात्रा की कामना की। इस मौके पर अंकित गुप्ता, रूबी गुप्ता, विजय बिष्ट, सपना रसंवाल, आकाश गोयल, कोमल गोयल, वासु धीमान, नीटू जैन, गौरव सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भीषण जाम से नहीं मिल रही राहत, नागरिक परेशान

**भास्कर ब्यूरो, शामली।** शहर में जाम की समस्या का समाधान होता दिख नहीं रहा है। शहर में प्रतिदिन लगने वाले जाम के चलते शामली शहर का नाम अब जामनगरी के नाम से प्रसिद्ध होता जा रहा है। यहां कोई भी दिन ऐसा नही जाता जिस दिन जाम के हालात पैदा न होते हों। जाम के कारण जहां पैदल चलने वालों को भारी दिक्कतें उठानी पडती है वहीं वाहन चालकों को भी घंटों खडा रहना पडता है। सोमवार को भी शहर में यही हालात नजर आए। वाहनों के जाम के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। सडकों पर चलने वाले वाहन रेंगते हुए नजर आए। धीमानपुरा रेलवे फाटक से लेकर भिक्की मोड, सुभाष चौंक तक वाहनों की लाइन लगी रही। मौके पर तैनात पुलिसकर्मी भी जाम खुलवाने में मशक्कत करते दिखाई दिए लेकिन ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई। वहीं फव्वारा चौंक, विजय चौंक, दिल्ली रोड, बुढाना रोड पर भी वाहनों की लाइन लगी रही। सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों को ले जा रही एम्बुलैंस को उठानी पडती हैं, वहीं जरूरी काम से घर से बाहर जाने वाले भी जाम में फंसे रहते हैं। कई बार तो प्रशासनिक अधिकारियों की गाडियां भी जाम में फंसी रहती है। जिला प्रशासन द्वारा जाम से निजात दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा चुके हैं लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है।

# जीएसटी, राज्य कर विभाग की टीम की छापेमारी

- कई दुकानों पर छापेमारी से मचा हडकंप, दर्ज किए बयान

भास्कर ब्यूरो



**शामली।** सहारनपुर से आई जीएसटी व राज्य कर विभाग की टीमों ने शामली व कैराना में छापेमारी अभियान चलाते हुए कई दुकानों पर जांच पडताल की। छापेमारी की कार्रवाई से दुकानदारों में हडकंप मचा रहा।

सोमवार को शामली के फव्वारा चौंक पर उस समय अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया जबकि जीएसटी विभाग की गाडियों में सवार अधिकारियों ने प्रसिद्ध ताहरी विक्रेता रिजवान की दुकान पर छापेमारी की। टीम को देखकर दुकान में मौजूद लोगों में हडकंप मच गया। टीम ने सभी लोगों को बाहर निकालकर दुकानदार को अंदर बैठा लिया और उससे घंटों पूछताछ की। टीम को देखकर मौके पर भीड भी जमा हो गयी। बाद में टीम पूछताछ के बाद दुकान से निकल गयी। दूसरी ओर चर्चा है कि टीम ने दो-तीन अन्य दुकानों में भी छापेमारी करते हुए दुकान संचालकों से पूछताछ की।

उधर, कैराना में सोमवार को सहारनपुर से जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अवधेश कुमार चर्तुवेदी व राज्य कर विभाग के कर अधिकारी योगेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ कैराना में कांधला तिराहे पर पहुचें। यहा पर टीम ने कई दुकानों पर पहुंच कर जीएसटी से संबधित जांच की और दुकानदारों के ब्यान दर्ज किए। जीएसटी के अधिकारी ने बताया कि कुछ शिकायतों पर जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जायेगी। वही देर शाम तक टीम कस्बे में मौजूद रही।

## ऊन व थानाभवन शुगर मिल को दिसम्बर में पूर्ण भुगतान व शामली मिल को 50 करोड़ भुगतान के निर्देश

# बकाया गन्ना भुगतान न होने पर डीएम की मिलों को फटकार

भास्कर ब्यूरो



**शामली।** कलेक्ट्रेट के सभागार में डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में किसानों के पेराई सत्र 2021-22 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में बैठक आयोजित की गई, जिसमें डीएम ने पेराई सत्र 2021-22 का भुगतान न होने पर कड़ी नाराजगी जताई और दिसम्बर माह में थानाभवन व ऊन शुगर मिल को पूर्ण भुगतान व शामली शुगर मिल को 50 करोड का भुगतान करने के निर्देश दिए। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा प्रत्येक चीनी मिल वार किसानों के गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में डीएम को अवगत कराया कि शामली चीनी मिल द्वारा 374.67 करोड़ के सापेक्ष 228.53 करोड का भुगतान किया है। इसके अलावा ऊन चीनी मिल द्वारा 337.00 करोड के सापेक्ष 292.81 एवं थानाभवन चीनी मिल द्वारा 439.99 करोड़ के सापेक्ष 321.65 करोड का भुगतान किया है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पेराई सत्र 2021-22 के भुगतान की स्थिति को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। चीनी मिल ऊन एवं थानाभवन द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा माह दिसम्बर 2022 में पेराई सत्र 2021-22 का समस्त अवशेष देय का भुगतान कर दिया जायेगा तथा चीनी मिल शामली को माह दिसम्बर 2022 में 50 करोड का भुगतान करने के निर्देश दिये गये है। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि चीनी मिल ऊन एवं थानाभवन द्वारा माह दिसम्बर में पेराई सत्र 2021-22 का सम्पूर्ण भुगतान तथा चीनी मिल शामली द्वारा 50 करोड का भुगतान नही किया जाता है तो चीनी मिल प्रबन्धन के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। पेराई सत्र 2022-23 में 5 दिसम्बर तक चीनी मिल शामली द्वारा 14.82 लाख कुंतल, ऊन मिल द्वारा 15.72 लाख कुंतल तथा चीनी मिल थानाभवन द्वारा 28.14 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गयी है। चीनी मिल शामली द्वारा पेराई क्षमता अनुरूप पेराई कार्य न करने पर डीएम ने द्वारा कडा रोष प्रकट किया गया है जिसके सम्बन्ध में चीनी मिल शामली के उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा उक्त के सम्बन्ध में कार्य किया जा रहा है उक्त समस्या से एक सप्ताह के अन्तर्गत समाधान कर दिया जायेगा। बैठक में विजय बहादुर सिंह, जिला गन्ना अधिकारी, शामली एवं चीनी मिल शामली से प्रदीप कुमार असिस्टेंट वाईस प्रेसीडेन्ट, सुशील कुमार महा प्रबन्धक गन्ना तथा विजित जैन, सहायक एकाउन्ट हेड चीनी मिल ऊन से अवनीश कुमार, यूनिट हेड, डा. कुलदीप पिलानिया, महा प्रबन्धक गन्ना एवं विक्रम सिंह, एकाउन्ट हेड तथा चीनी मिल थानाभवन से जी.वी. सिंह, यूनिट हेड एवं श्सुभाष बहुगुणा, एकाउन्ट हेड उपस्थित रहे।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

**भास्कर ब्यूरो, कांधला।** कैराना कोतवाली क्षेत्र के उंचा गांव निवासी रोबिन पुत्र पहल सिंह बाइक पर सवार होकर कस्बे में किसी कार्य से आया हुआ था। बाइक सवार युवक जैसे ही कस्बे के रेलवे मार्ग बड़ी नहर पुल के निकट पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे एक डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल युवक को कस्बे के सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# ट्रक ने एंबूलेंस में मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**भास्कर ब्यूरो, कांधला।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात 102 एंबुलेंस चालक विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि वह क्षेत्र सें गर्भवती महिला को लेकर कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आ रहा था। जैसे ही एंबुलेंस चालक अपनी एंबुलेंस को लेकर क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गांव जसाला के निकट पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने एंबुलेंस में टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी। हादसे में एंबुलेंस चालक और सहयोगी बाल-बाल बच गया। ट्रक चालक हादसे को अंजाम देकर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। 102 एंबुलेंस के चालक विकास कुमार ने थाने पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# यातायात कर्मियों ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

भास्कर ब्यूरो

**शामली।** यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है, यातायात नियमों का पालन न करने वाहन चालकों के चालान भी काटे जा रहे हैं। पुलिस कर्मी वाहन चालकों से हेलमेट, सीट बैल्ट लगाने, ट्रिपल राइडिंग न करने, मोबाइल व ईयरफोन लगाकर वाहन न चलाने के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। सोमवार को भी यातायात प्रभारी संजय राणा के नेतृत्व में शहर में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए।

## सारसुर्खियां

### इंग्लैंड ने सेनेगल को दी करारी शिकस्त

**अल खोर।** इंग्लैंड ने फीफा विश्वकप 2022 के सुपर-16 मुकाबले में सेनेगल को 3-0 से रौंदकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। अल बैत स्टेडियम पर रविवार को खेले गये एकतरफा मुकाबले में जॉर्डन हेंडरसन (38वां), हैरी केन (45+3वां) और बुकायो साका (57वां) ने विजेता टीम के गोल किये। इंग्लैंड ने शुरुआती पलों में सेनेगल के खिलाफ थोड़ा संघर्ष किया। पहली बार इंग्लैंड का सामना कर रही सेनेगल ने भी शुरुआती पलों में दो बार बढ़त हासिल करने के मौके बनाये, लेकिन इंग्लैंड ने पहला हाफ खत्म होने से पहले दो गोल करके मैच का रुख पलट दिया। दूसरे हाफ में साका के गोल ने इंग्लैंड और फ्रांस के बीच क्वार्टरफाइनल मुकाबला सुनिश्चित किया। यह किसी अफ्रीकी टीम के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार 21वीं जीत है। इंग्लैंड का सामना रविवार को क्वार्टरफाइनल में फ्रांस से होगा। इस मुकाबले पर फुटबॉल प्रेमियों की नजरें टिकी हुई हैं। यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### फ्रांस ने पोलैंड टीम को 3-1 से हरा दिया

**दोहा।** फ्रांस ने कतर में चल रहे फुटबॉल विश्व कप के तीसरे क्वार्टर फाइनल में पोलैंड को 3-1 से हरा दिया। गत चैंपियन ने आसानी से इस मैच को जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। उसके लिए युवा स्टार किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल (74वें और 90+1वें मिनट) किए। वहीं, अनुभवी ओलिवर जिरूड ने 44वें मिनट में गोल कर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा 52 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पूर्व दिग्गज थिएरी हेनरी को पीछे छोड़ा। फ्रांस ने कुल नौवीं बार विश्वकप के अंतिम आठ में जगह बनाई है। इसके साथ ही फ्रांस ने 1982 के विश्वकप में तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में पोलैंड से मिली 2-3 की हार का हिसाब 40 वर्ष बाद चुकता कर लिया। पोलैंड की ओर से एकमात्र गोल इंजरी टाइम में मिली पेनाल्टी पर कप्तान रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (90+9वें मिनट) ने किया। उधर, इंग्लैंड भी अगले चरण में पहुंच गया है।



कतर के अल खोर में अल बायत स्टेडियम में फीफा विश्वकप के दौरान इंग्लैंड के डेक्लान राइस से बॉल छीनने का प्रयास करता सेनेगल का खिलाड़ी, मैच में जीत के साथ इंग्लैंड क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर गया। एजेंसी

## विश्वकप में शेफाली होंगी भारत की कप्तान

अंडर-19 महिला

- श्वेता सहरावत को बनाया उपकप्तान

### यह होगी विश्वकप महिला टीम

शेफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत (उपकप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी त्रिशा, सौम्या तिवारी, सोनिया मेंढिया, हर्ले गाला, हर्षिता बसु (विकेटकीपर), सोनम यादव, मन्नत कश्यप, अर्चना देवी, पारशवी चोपड़ा, तीता साधु, फलक नाज, शबनम एमडी। अतिरिक्त खिलाड़ीः शिखा, नजला सीएमसी, यशश्री।



**मुंबई।** भारत की 18 वर्षीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले पहले अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। शेफाली सितंबर 2019 में वरिष्ठ टीम की ओर से पदार्पण करने के बाद दो टेस्ट, 21 वनडे और 46 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। शेफाली ने 46 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 134.52 के स्ट्राइक रेट और 24.24 की औसत से 1091 रन बनाये हैं। न्यूजीलैंड महिला विकास टीम के खिलाफ पांच टी-20 मैचों में भारत की अगुवाई कर रही श्वेता सहरावत को विश्वकप के लिये उपकप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर ऋचा घोष को भी 15-सदस्यीय स्क्वाड में जगह दी गई है। वह शेफाली के अलावा ऐसी दूसरी खिलाड़ी हैं, जो सीनियर टीम के लिये खेलने के बाद अंडर-19 विश्वकप टीम में आई हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया कि शेफाली टी-20 विश्वकप से पहले दक्षिण अफ्रीका में मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में भी अंडर-19 टीम की अगुवाई करेंगी। यह सीरीज 27 दिसंबर को शुरू होगी और सभी मुकाबले प्रिटोरिया के टुक्स ओवल में खेले जाएंगे।

भारत को अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप-डी में मेजबान दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात और स्कॉटलैंड के साथ रखा गया है।

भारत अभियान की शुरुआत 14 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ करेगा। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 27 जनवरी को पोटचेफस्ट्रूम में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला भी इसी मैदान पर 29 को आयोजित होगा।

## पाक ने इंग्लैंड के आगे टेके घुटने

### रोमांचक पहले टेस्ट मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने पाकिस्तान को 74 रनों से हराया

- 343 रनों के जवाब में 268 पर हो गई आउट

**रावलपिंडी, एजेंसी।** पहले टेस्ट मुकाबले में पाकिस्तान ने इंग्लैंड के आगे घुटने टेक दिये। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में जेम्स एंडरसन (36/4) और ओली रॉबिनसन (50/4) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत टेस्ट मैच में पाकिस्तान को 74 रन से मात दी।

इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 343 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तान 268 रन पर ऑलआउट हो गया। बेन स्टोक्स की टीम ने यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिये पूरे मैच में आक्रामकता का प्रदर्शन किया। पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने के बाद स्टोक्स ने चौथे दिन 264 रन पर पारी घोषित कर दी। बाबर की टीम ने इसके जवाब में पांचवें दिन चाय तक पांच विकेट के नुकसान पर 257 रन बना लिये, लेकिन आखिरी सत्र में एंडरसन-रॉबिनसन की जोड़ी ने महत्वपूर्ण विकेट निकाले और पाकिस्तान की बाकी टीम 11 रन के अंदर सिमट गई। पाकिस्तान ने पांचवें दिन की शुरुआत 80/2 के स्कोर से की और उसे जीत के लिये 263 रनों की आवश्यकता थी। इंग्लैंड ने पहले सत्र में दबाव बनाकर इमाम उल हक (48) को आउट किया, लेकिन इसके बाद सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान की पारी संभाल ली। शकील और रिजवान ने चौथे विकेट के लिये 87 रन की साझेदारी की।



### शायद यह हमारी सबसे बड़ी जीत : स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पाकिस्तान को पहले टेस्ट में हराने के बाद सोमवार को कहा कि यह विदेशी सरजमीन पर शायद इंग्लैंड की सबसे बड़ी विजयों में से एक है। आज हम भाग्यशाली रहे कि गेंद रिवर्स स्विंग हुई। जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिन्सन आज शानदार थे। हम बाहर आने से लगभग आठ मिनट पहले जीते होंगे।

### 22 वर्ष बाद जीता टेस्ट मुकाबला

इंग्लैंड की टीम पिछले 17 सालों में सुरक्षा कारणों से कोई टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही थी। इंग्लैंड पाकिस्तान के खिलाफ उसके घर में 22 साल बाद कोई टेस्ट जीत सका है। पिछली बार इंग्लिश टीम ने पाकिस्तान में साल 2000 में टेस्ट जीता था। तब तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में कराची में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया था और 1-0 से सीरीज अपने नाम की थी। इंग्लैंड ने पाकिस्तान में 25 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से तीन में जीत हासिल की है, जबकि चार में हार का सामना करना पड़ा है। 18 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

## पैरा बैडमिंटन में भारत को छह स्वर्ण समेत 14 पदक

- पेरू में भारतीयों को शानदार प्रदर्शन

**लिमा, एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सुकांत कदम की अगुवाई में भारत ने पेरू पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय 2022 में छह स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य सहित कुल 14 पदक जीतकर अपना अभियान समाप्त किया।

कदम ने पुरुष एसएल4 श्रेणी के फाइनल में सिंगापुर के ची होंग एंग को 21-14, 21-15 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि नेहल गुप्ता ने पुरुष एसएल3 फाइनल में फ्रांस के मैथ्यू थॉमस को 21-16, 21-14 से मात दी।

कदम ने जीत के बाद कहा कि मैं परिणाम से वास्तव में खुश हूं। मैं कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हूं। मेरा साल अच्छा रहा है और मुझे उम्मीद है कि अगले साल भी इसी तरह की निरंतरता बनी रहेगी। महिला वर्ग में नित्या सुमति सिवन और मनदीप कौर ने एसएच6 और एसएल3 एकल वर्ग में खिताब जीते। नित्या ने जहां मेजबान पेरू की गिलियाना पोवेदा फ्लोरेस को 21-6, 21-13 से हराया, वहीं मनदीप ने यूक्रेन की ओक्साना कोजिना को 21-11, 21-11 से मात दी।

नेहाल और ब्रेनो जोहान की पुरुष युगल जोड़ी ने रेनजो डिकेज बांस मोरालेस और पेड्रो पाब्लो डी विनेता की पेरू जोड़ी को 21-16 21-13 से हराकर सोना जीता। दूसरी ओर, पारुल परमार और वैशाली नीलेश पटेल की महिला युगल जोड़ी ने पेरू की केली एडिथ एरी एस्कलांते और मनदीप को 21-17 21-19 से हराया।

## विकेटकीपर की भूमिका को तैयार: राहुल

- जरूरत होगी तो निभाऊंगा किरदार



**ढाका, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा है कि वह एकदिवसीय क्रिकेट में जरूरत पड़ने पर विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने के लिये तैयार हैं।

राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे में एक विकेट की हार के बाद कहा कि हमने पिछले छह-सात महीनों में ज्यादा एकदिवसीय क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन अगर आप देखेंगे तो 2020-21 में मैंने एकदिवसीय क्रिकेट में विकेटकीपर की भूमिका निभाते हुए चौथे-पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी की है।

राहुल ने कहा कि यह एक ऐसी जिम्मेदारी है, जिसके लिये टीम ने मुझे तैयार रहने के लिये कहा है। मैं यह पहले भी कर चुका हूं, और टीम में जब भी इसकी जरूरत होगी, मैं यह किरदार निभाऊंगा। वह टी-20 विश्वकप के बाद से अपने खेल पर काम कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रन बनाकर अच्छा महसूस कर रहे हैं। टी-20 विश्वकप में राहुल का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां वह छह में से चार पारियों में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके और 21.33 की औसत से कुल 128 रन बनाये।

## मेजबानी की बोली वापस लेगा भारत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एएफसी एशियाई कप 2027 की मेजबानी के लिये बोली वापस लेने का फैसला किया है। समिति ने कहा कि बड़े आयोजनों की मेजबानी उसकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। एएफसी एशियाई कप 2027 जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी से पहले हमारा ध्यान देश में उचित फुटबॉल संरचना की बुनियाद खड़ी करने पर केंद्रित है।

## झटका: आलराउंडर लिविंग्स्टन हुए चोटिल

- पाकिस्तान के साथ नहीं खेल सकेंगे अगला टेस्ट



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियम लिविंग्स्टन दाहिने घुटने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सोमवार को बताया कि लिविंग्स्टन को पहले टेस्ट के दूसरे दिन फील्डिंग करते हुए घुटने में चोट आई थी। वह रिहैब के लिये मंगलवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। इंग्लैंड ने फिलहाल अन्य दो टेस्ट मैचों के लिये लिविंग्स्टन की जगह किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है।

अपना पहला टेस्ट खेल रहे लिविंग्स्टन ने पहली पारी में नौ रन का योगदान दिया, जबकि दूसरी पारी में वह दौड़ते हुए संघर्ष करते नजर आये और पारी घोषित होने से पहले नाबाद सात रन का योगदान दे सके। इंग्लैंड दूसरे टेस्ट के लिये मार्क वुड को टीम में बुला सकता है। वुड अपने कूल्हे की चोट के कारण पहले टेस्ट के लिये अपनी फिटनेस साबित करने में नाकाम रहे थे। दूसरी ओर, 18 वर्षीय स्पिनर रेहान अहमद भी इंग्लैंड के सबसे युवा टेस्ट खिलाड़ी के रूप में पदार्पण कर सकते हैं।

## एचडीएफसी का राष्ट्रीय रक्तदान अभियान

- देश भर में आयोजित होंगे 5.5 हजार शिविर

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक 9 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान आयोजित करेगा। वार्षिक अभियान एचडीएफसी बैंक के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम हैजटैग परिवर्तन के तहत स्वास्थ्य सेवा की अग्रणी पहल अपने 14वें वर्ष में है। भारत भर के 1,150 शहरों में 5,500 से अधिक केंद्रों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड, ऑपरेशंस भावेश झवेरी ने कहा कि चिकित्सा देखभाल दाताओं से रक्त की निरंतर आपूर्ति पर निर्भर करती है, क्योंकि अस्पताल में प्रवेश करने वाले सात लोगों में से एक को रक्त की आवश्यकता होती है। चिकित्सा पेशेवरों ने पुष्टि की है कि यदि कोविड और अन्य सामान्य सावधानियां बरती जाती हैं तो रक्तदान करना सुरक्षित है। इस शुक्रवार अपने नजदीकी रक्तदान शिविर में रक्तदान कर हम अपने आसपास के समुदायों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए समाज में अपना छोटा सा योगदान दें। अखिल भारतीय रक्तदान अभियान इस दिशा में हमारा ईमानदार प्रयास है।

## ईएसआईसी को दी निवेश की अनुमति

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपनी अतिरिक्त निधियों को घरेलू शेयर बाजारों में निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा कि अपेक्षाकृत कम लाभ अर्जित करने वाली निधियों से अधिक लाभ लेने और निवेश में विविधता लाने के लिए ईएसआईसी ने एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों में सीमित तरीके से शेयर बाजारों में अधिशेष निधियों के निवेश के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की। प्रारंभिक निवेश पांच प्रतिशत से शुरू होगा और दो तिमाहियों की समीक्षा के बाद धीरे-धीरे 15 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।

## जिंदल स्टेनलेस की रिन्यू पावर के साथ भागीदारी

- ऊर्जा क्षेत्र को लेकर किया गया समझौता

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस ने सोमवार को ओडिशा के जाजपुर में स्थित अपने संयंत्र के लिए एक यूटिलिटी-स्केल की निजी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना हेतु नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी रिन्यू पावर के साथ समझौते किया।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि परियोजना के तहत सालाना 70 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन पवन तथा सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के मिश्रण के जरिये किया जाएगा। उच्च क्षमता उपयोग कारक वाले इस नवोन्मेषी पवन-सौर ऊर्जा के मिश्रित समाधान से अनुबंधित क्षमता की प्रति यूनिट ऊर्जा का उल्लेखनीय रूप से अधिक मात्रा में उत्पादन होने की उम्मीद है। रिन्यू पावर इसके साथ बिजनेस-टू-बिजनेस दायरे में अपना चौबीसों घंटे आपूर्ति का समाधान लेकर आ रही है, जिसकी शुरुआत यूटिलिटी कंपनियों के लिए पिछले साल की थी। इसके अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की इस सबसे बड़ी कंपनी के साथ भागीदारी से जिंदल स्टेनलेस के लिए अपेक्षित निष्पादन संबंधी निश्चितता भी आएगी।





नई दिल्ली में सतत खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर।

### वैश्विक स्तर पर मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भी घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों ने बरती अधिक सतर्कता

## अधिकांश घरेलू समूहों में बिकवाली से रहा दबाव

- छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली

**मुंबई।** वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर अधिकांश समूहों में बिकवाली होने से शेयर बाजार सोमवार को दबाव में रहा। जिससे बीएसई का सेंसेक्स मामूली टूट गया। वहीं, निफ्टी में मामूली बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का सेंसेक्स 33.90 अंकों की गिरावट लेकर 62834.80 अंक पर रहा, जबकि एनएसई का निफ्टी 4.95 अंक की मामूली बढ़त लेकर 18701.05 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली हुई। जिससे बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत बढ़कर 26349.10 अंक पर और स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत बढ़कर 29986.30 अंक पर रहा।

बीएसई के अधिकांश समूह

### निफ्टी की 23 कंपनियों को नुकसान

एनएसई का निफ्टी 23 अंकों की बढ़त के साथ 18719.55 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 18728.60 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। इस दौरान यह बिकवाली के दबाव में 18591.35 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 18696.10 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत अर्थात 4.95 अंक बढ़कर 18701.05 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 27 हरे निशान में, जबकि 23 लाल निशान में रहीं।

गिरावट में रहे, जिसमें हेल्थकेयर 0.47 प्रतिशत, एनर्जी 0.17 प्रतिशत, आईटी 0.36 प्रतिशत, टेलीकॉम 0.27 प्रतिशत, ऑटो 0.31 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.12 प्रतिशत, टेक 0.29 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बढ़त में रहने वालों में धातु 2.37 प्रतिशत, रियल्टी 0.74 प्रतिशत, बैंक 0.46 प्रतिशत, वित्तीय सेवायें 0.35 प्रतिशत, और कमोडिटी 0.85 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई में कुल 3794 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिसमें से 2111 बढ़त में, जबकि 1486 गिरावट में रहे, जबकि 197 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर पर जर्मनी के डैक्स के 0.47 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख सूचकांकों में तेजी देखी गई। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 4.51 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 1.76 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.15 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स करीब तीन अंकों की मामूली गिरावट लेकर 62865.28 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 62939.63 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा और इस दौरान बिकवाली के दबाव में यह 62507.88 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 62868.50 अंक की तुलना में 33.90 अंक अर्थात 0.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 62834.80 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 15 बढ़त में, जबकि 15 गिरावट में रहीं।

## राजनंदिनी ने बनाई विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** राजनंदिनी मेटल्स ने एनएसई को सूचित किया है कि कंपनी ने कारोबार के विस्तार की दृष्टि से बावल आईएमटी, हरियाणा में लगभग 55000 वर्ग मीटर फीट की जमीन खरीदी है।

कंपनी का अनुमान है कि कारोबार में 400 करोड़ रुपये या अधिक (वार्षिक) और लाभप्रदता में 20 करोड़ रुपये या अधिक (वार्षिक) की वृद्धि होगी साथ ही यह नई अधिग्रहीत भूमि पर निर्माण गतिविधि पहले ही शुरू हो चुकी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2021-22 में 1000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार देखा साथ ही कोविड की स्थिति के बावजूद 63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसकी पूरे भारत में पहुंच है और 15 देशों में कई खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ संबंधों का पोषण करके व्यापार का दायरा बढ़ा रहा है।

## गो फर्स्ट ने ईज़मायट्रिप के साथ किया करार

- सेवाओं का किया जाएगा प्रचार, खोलेंगे ऑफिस

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी गो फर्स्ट ने ऑनलाइन टेक ट्रैवेल प्लेटफॉर्म ईजमायट्रिप के साथ एक विशेष 'जनरल सेल्स करार' किया है।

कंपनी ने कहा कि इसके तहत इसी महीने से सऊदी अरब में यात्री टिकटों और अन्य सेवाओं का प्रचार एवं मार्केटिंग की जाएगी। पश्चिमी एशिया के सबसे बड़े यात्रा बाजारों में से एक के साथ लाभकारी वाणिज्यिक सम्बंध और पकड़ बनाने के लिये ईजमायट्रिप सऊदी अरब के दम्मम और रियाध तथा दूसरी जगहों पर एक स्वतंत्र ब्राण्डेड ऑफिस खोलकर और एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करते हुए गो फर्स्ट के परिचालन का विस्तार करेगी। यह बड़े यात्रा बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया एक प्रयास होगा। तीन साल की यह विशेष भागीदारी वाली डील दोनों ब्रांड को सऊदी अरब में अपनी सेवाओं का विस्तार करने का मौका देगी। ईजमायट्रिप और उसकी व्यापक पहुंच, मार्केटिंग की विस्तृत मध्यस्थताएं और स्थानीय लोगों के बारे में जानकारी सऊदी के पर्यटकों और लोगों को अनुकूल स्कीमें देने में गो फर्स्ट की मदद करेगी, जिससे उनका अनुभव और बेहतर होगा। इसके अलावा, यह भागीदारी आस-पास के सभी ट्रैवेल एजेंट्स के लिये उस वक्त ईजमायट्रिप से एक पर्चेज सर्किट बनाना जरूरी करेगी, जब वे सऊदी अरब से गो फर्स्ट के टिकट खरीदेंगे।

# देश-विदेश

आज ही के दिन 1732 को भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के पहले गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स का जन्म हुआ था।

## सारसुर्खियां

### रूस में आग लगने से तीन की जान गई

**मॉस्को।** रूस के रियाजान शहर के पास एक हवाई अड्डा के पास ईंधन टैंकर में विस्फोट के कारण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। विस्फोट के कारण ईंधन ट्रक में आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस हादसे में नौ लोग घायल हुए, जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई। सुरक्षा एजेंसियां विस्फोट की वजह को लेकर जांच कर रही हैं।

### एंथनी कोरोना संक्रमित

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस को कोरोना हो गया है। इस बात की जानकारी सोमवार को उन्होंने दी। सोशल मीडिया पर उन्होंने ट्वीट किया कि वह खुद को सबसे अलग रखेंगे और कोरोना के सभी नियमों का पालन करेंगे। उन्होंने आगे लिखा कि वह घर से काम करना जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया कि आज दोपहर मेरा नियमित पीसीआर परीक्षण हुआ, जिसका कोविड-19 के लिए सकारात्मक परिणाम आया है। मैं सबसे अलग रह रहा हूं और घर से काम करना जारी रखूंगा।

### अर्जेंटीना में कोरोना

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में पिछले सप्ताह में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पिछले सप्ताह में अर्जेंटीना में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में 12,609 की पुष्टि हुई थी, जो कि पिछले सप्ताह की तुलना में चार गुना ज्यादा है। जब देश में 3,323 पुष्ट मामले थे। अर्जेंटीना में कोविड-19 की मृत्यु दर पिछले दो सप्ताहों में एक समान बनी हुई है। अर्जेंटीना ने अक्टूबर में अपने खुद की बनाई कोरोना वैक्सीन के पहले चरण का परीक्षण पूरा कर लिया है।

### जापान बर्ड फ्लू

**टोक्यो।** जापान के एची प्रान्त में बर्ड फ्लू फैलने के कारण करीब 310,000 मुर्गियां मारी जाएंगी। अधिकारियों ने कहा कि पिछले 11 सालों में यह पहला प्रकोप है। एची में एक फार्म पर कर्मचारियों ने अचानक बड़ी संख्या में मरी हुई मुर्गियां देखी। इन तेरह मरी हुई मुर्गियों में से छह बर्ड फ्लू से पीड़ित पाई गई। क्योदो के अनुसार, बर्ड फ्लू के प्रकोप के बीच कागोशिमा के प्रांत में 34,000 मुर्गियां मारी गईं।



हंगरी के डाउनटाउन बुडापेस्ट क्रिसमस के पहले आयोजित सांता रेस में भाग लेते प्रतिभागी। एजेंसी

# दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन का निर्माण

**• आइंस्टीन के सिद्धांतों का होगा सटीक परीक्षण**

**लंदन, एजेंसी।** इक्कसवीं सदी की वृहत वैज्ञानिक परियोजनाओं में से एक स्क्वायर किलोमीटर एरे (एसकेए) का निर्माण चरण सोमवार से शुरू हो गया।

स्क्वायर किलोमीटर एरे (एसकेए) वर्ष 2028 में पूरा होने पर यह दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो टेलीस्कोप होगा। ब्रिटेन में मुख्यालय के साथ दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया तक में फैली यह सुविधा खगोल भौतिकी में सबसे बड़े प्रश्नों का हल खोजने में मदद करेगी। यह आइंस्टीन के सिद्धांतों का सबसे सटीक परीक्षण करेगा और यहां तक कि अतिरिक्त-स्थलीय जीवों की खोज भी करेगा। परियोजना का नेतृत्व करने वाले आठ देशों के प्रतिनिधिमंडल पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ मर्चिसन शायर और दक्षिण अफ्रीका के उत्तरी केप के कारू में समारोहों में भाग ले रहे हैं। स्क्वायर किलोमीटर एरे ऑर्गनाइजेशन के महानिदेशक प्रो फिल डायमंड ने कहा कि यह वह क्षण है, जब यह वास्तविक हो रहा है। यह 30 साल की यात्रा रही है। पहले 10 साल अवधारणाओं और विचारों को विकसित करने के बारे में थे। दूसरे 10 साल प्रौद्योगिकी विकास करने में बिताए गए थे और फिर पिछला दशक विस्तृत डिजाइन, साइटों को सुरक्षित करने, सरकारों से सहमत होने के बारे में था, जो एक संधि संगठन (एसकेएओ) की स्थापना करें और परियोजना शुरू करने के लिए धन उपलब्ध कराएं। यह टेलीस्कोप को पृथ्वी से अरबों प्रकाश वर्ष दूर लौकिक स्रोतों से आने वाले बेहद हल्के रेडियो संकेतों का पता लगाने में सक्षम बनाता है, जिसमें बिग बैंग के बाद पहले कुछ सौ मिलियन वर्षों में उत्सर्जित सिग्नल भी शामिल हैं।



**टेलीस्कोप में होंगी 200 छतरियां**

टेलीस्कोप की प्रारंभिक वास्तुकला में 200 से कम परवलयिक एंटेना, या छतरियां, साथ ही साथ 131,000 द्विध्रुवीय एंटेना शामिल होंगे, जो क्रिसमस के पेड़ों की तरह दिखते हैं। इसका उद्देश्य सैकड़ों हजारों वर्गमीटर के प्रभावी संग्रहण क्षेत्र का निर्माण करना है। यह एसकेए को अद्वितीय संवेदनशीलता और संकल्प देगा, क्योंकि यह आकाश में लक्ष्यों की जांच करता है। यह प्रणाली मोटे तौर पर 50 मेगाहर्ट्ज़ से लेकर अंततः 25 गीगाहर्ट्ज़ तक की फ्रीक्वेंसी रेंज में काम करेगी।

# 'वुहान लैब से ही लीक हुआ था कोरोना'

## चीन की वुहान लैब में काम कर चुके अमेरिका के एक वैज्ञानिक ने किया बड़ा खुलासा

**• मानव निर्मित ही था कोरोना का वायरस**

**लंदन, एजेंसी।** वैश्विक महामारी कोरोना के वायरस का जन्म चीन की वुहान लैब से हुआ और इसी लैब से यह वायरस लीक हुआ। इसकी पुष्टि वुहान लैब में काम कर चुके एक अमेरिकी वैज्ञानिक ने की है। उन्होंने खुलासा किया है कि कोरोना वायरस मानव निर्मित था।



चीन के वुहान की विवादित लैब के अमेरिकी वैज्ञानिक ने दावा किया है कि कोविड-19 एक मानव निर्मित वायरस था और यह इसी लैब से लीक हुआ था। अमेरिका स्थित शोधकर्ता एंड्रयू हफ के बयान के हवाले से बताया कि दो साल पहले वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (डब्ल्यूआईवी) से कोविड लीक हुआ था। यह लैब चीन सरकार द्वारा संचालित और वित्त पोषित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी विशेषज्ञ एंड्रयू हफ ने अपनी नई किताब 'द ट्रुथ अबाउट वुहान' में यह दावा किया है। हफ का दावा है कि यह महामारी अमेरिकी सरकार के चीन में कोरोना वायरस रिसर्च की फंडिंग के कारण हुई थी। उन्होंने अपनी किताब में दावा किया है कि चीन के गेन-ऑफ-फंक्शन प्रयोग पूरी सुरक्षा के साथ नहीं किए गए, जिसके कारण वुहान लैब में रिसाव हुआ।

गौरतलब है कि कोविड वायरस के मानव निर्मित होने व वुहान की लैब से फैलने को लेकर पहले भी दावे किए जा चुके हैं। हालांकि, चीन सरकार लगातार इन दावों का खंडन करती रही है। सरकारी अधिकारियों और लैब कर्मचारियों दोनों ने इस बात से इंकार किया है कि वायरस की उत्पत्ति इसी लैब में हुई है।

**नहीं थे जोखिम प्रबंधन के इंतजाम**

शोधार्थी एंड्रयू हफ ने ताजा पुस्तक में दावा किया है कि इस लैब में उचित जैव सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के इंतजाम नहीं थे। इसी वजह से वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में की प्रयोगशाला से कोविड वायरस का रिसाव हुआ। वायरसल के लीक होने के बाद लैब में मौजूद सभी लोगों को क्वारंटाइन कर दिया गया, लेकिन फिर भी यह वायरस फैल गया। बाद में इस लैब को नष्ट कर दिया गया।

**सबसे पहले अमेरिका ने किया था दावा**

चीन की वुहान लैब से ही कोरोना का वायरस लीक हुआ, इस बात का खुलासा सबसे पहले अमेरिका ने ही किया था। वैज्ञानिक हफ ने 2014 से 2016 तक इकोहेल्थ एलायंस में काम किया है। हफ ने कहा कि गैर-लाभकारी संगठन ने कई वर्षों तक वुहान लैब को अन्य प्रजातियों पर हमला करने के लिए चमगादड़ों को तैयार किया। इन्हें कोविड संक्रमण फैलाने में सक्षम बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी सरकार चीनी लैब को खतरनाक जैव प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण की दोषी है।

# उ. कोरिया ने जापान की ओर दाग दिये 130 गोले

**• दोनों देशों में तनाव में हुआ और इजाफा**

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने 2018 के अंतर कोरियाई सैन्य समझौते का उल्लंघन करते हुए जापान के सागर और पीले सागर की ओर करीब 130 गोले दागे। हालांकि इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव में और ज्यादा इजाफा हो गया है।

योनहाप न्यूज एजेंसी ने सोमवार को संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के हवाले से बताया कि उत्तर कोरिया ने स्थानीय समायानुसार कांगवोन प्रांत में कुमगांग काउंटी और दक्षिण ह्वांगहे प्रांत में जांगसन केप से करीब दो बजकर 59 मिनट पर गोले दागे। समाचार एजेंसी के अनुसार गोले समुद्री बफर जोन में गिरे। यह एक वास्तविक समुद्री सीमा है, जिसे 2018 में निर्धारित किया गया था। जेसीएस ने उत्तर कोरियाई पक्ष को संदेश भेजकर अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते का उल्लंघन करने वाले उकसावों को तत्काल बंद करने की मांग की है। एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया की सेना अमेरिका के सहयोग से उत्तर कोरिया की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

वहीं, दक्षिण कोरिया का कहना है कि हाल के हफ्तों में उत्तर कोरिया ने मिसाइल लॉन्च और सैन्य अभ्यास में तेजी की है. सियोल और वॉशिंगटन के मुताबिक, उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अपने देश का सातवां परमाणु परीक्षण करने के करीब हैं. गौरतलब है कि उत्तर कोरिया पिछले कुछ माह से लगातार मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है।

# फारुक अब्दुल्ला फिर से नेकां अध्यक्ष

**• कुछ दिन पहले ही पद से दिया था इस्तीफा**

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेस (नेकां) ने सोमवार को पार्टी अध्यक्ष के रूप में फारुक अब्दुल्ला को फिर से निर्विरोध चुन लिया गया।



पार्टी अध्यक्ष पद के लिए किसी भी अन्य उम्मीदवार के नामांकन दाखिल नहीं किया था। ऐसे में सोमवार को पार्टी के प्रतिनिधियों ने ध्वनि मत से डॉ. फारूक अब्दुल्ला को फिर से पार्टी अध्यक्ष चुना लिया। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सांसद फारूक अब्दुल्ला को बधाई दी है।

अब्दुल्ला (85) को पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुल्ला के मकबरे के पास नसीम बाग में आयोजित पार्टी के प्रतिनिधि सत्र में सर्वसम्मति से पार्टी का फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया। अब्दुल्ला ने कहा कि वह अध्यक्ष के रूप में बने रहने के इच्छुक नहीं है, लेकिन मेरी पार्टी के लोगों ने जोर देकर कहा कि मैं इस महत्वपूर्ण समय पर छोड़ कर नहीं जा सकता। इसलिए मैं पार्टी के सहयोगियों की बात मानने के लिए सहमत हो गया, लेकिन मेरा उन्हें सुझाव है कि पार्टी का नेतृत्व करने के लिए अगली पीढ़ी को तैयार करना चाहिए।

अब्दुल्ला ने पिछले महीने पार्टी नेताओं को सूचित किया कि वह अध्यक्ष के रूप में बने रहने के इच्छुक नहीं है।

## बस पलटने से 21 यात्री हुए घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के थुरल क्षेत्र में एक निजी बस के पलटने से 21 यात्री घायल हो गए जिनमें 10 की हालत गंभीर है। थुरल से तीन किलोमीटर दूर चूला में एक निजी के पास पालमपुर-सुजानपुर सड़क पर एक निजी बस पलट गई। बस नाले पर बनी पुलिया से टकरा गई और पहाड़ी से टकराकर सड़क पर पलट गई। हादसे के समय बस में चालक-परिचालक समेत 21 लोग सवार थे।

# कविता ने सीबीआई से मांगी दूसरी तारीख

**शराब घोटाला**

**• पूछताछ के लिये कविता को दिया गया था नोटिस**

**हैदराबाद।** टीआरएस एमएलसी के. कविता ने सोमवार को दिल्ली शराब घोटाला मामले में सीबीआई से 10 दिसंबर के बाद उनसे पूछचाछ करने का समय देने का आग्रह किया है।

सीबीआई ने कविता को दिल्ली शराब घोटाला मामले में 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे पहुंचने के लिए नोटिस जारी किया था।

राघवेंद्र वत्स, शाखा प्रमुख/डीआईजी सीबीआई एसीबी, दिल्ली को लिखे एक पत्र में, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता ने कहा कि मेरे व्यस्त कार्यक्रम के कारण आपके प्रस्ताव के अनुसार 6 दिसंबर को मिलने की स्थिति में नहीं हूं। मैं इस महीने की 11, 12, 14 या 15 तारीख को आपसे मिल सकती हूं। आपके हैदराबाद दफ्तर में या मेरे आवास पर जो भी आपके लिए सुविधाजनक हो, कृपया जल्द से जल्द इसकी पुष्टि करें।

सीबीआई ने शुक्रवार शाम कविता को ई-मेल के माध्यम से नोटिस जारी करते हुए कहा कि हम आपकी सुविधा के अनुसार हैदराबाद या दिल्ली में आपके आवास पर पूछताछ के लिए आपके पास आ रहे हैं, लेकिन उन्होंने सीबीआई को सूचित किया कि वह अपने हैदराबाद आवास पर उनके अधिकारियों से मिलेंगी। ईडी ने गुरुग्राम के कारोबारी अमित अरोड़ा को गिरफ्तार किया था, जिसने कविता का नाम लिया था।

# अधिवक्ता का किरदार निभाएंगे मनोज

**बॉलीवुड हलचल**

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेयी ने अपनी आने वाली कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। मनोज बाजपेयी इस फिल्म में अधिवक्ता का किरदार निभाएंगे।

मनोज बाजपेयी कई प्रोजेक्ट में नजर आने वाले हैं। मनोज वाजपेयी ने अपनी आने वाली कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म की शूटिंग को पूरा कर लिया है। मनोज बाजपेयी ने अपने इस कोर्ट रूम ड्रामा प्रोजेक्ट की शूटिंग पूरी होने की जानकारी इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा कर दी है, जिसमें वह एक वकील की तरह कोर्ट में खड़े होकर अपनी दलीलें देते हुए दिख रहे हैं। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर मनोज वाजपेयी ने लिखा कि और इस शूटिंग को खत्म कर लिया है। इस कोर्ट ड्रामा फीचर फिल्म का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है और इस फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज और भानुशाली स्टूडियो द्वारा किया गया है।




## 'मिर्जापुर 3' में खुलेंगे कई राज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अली फजल अपनी आने वाली फिल्म मिर्जापुर 3 की शूटिंग पूरी होने पर भावुक हो गए। सीरीज के तीसरे पार्ट में कई राज खुलेंगे। अली फजल ने मिर्जापुर 3 की पूरी टीम के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर जानकारी दी है कि इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। अली फजल ने इमोशनल नोट लिखते हुए कहा कि इस सीजन का सफर उनके लिए बहुत अलग और शानदार रहा है। अली फजल ने लिखा कि ये मैसेज मेरी सबसे प्यारी टीम के लिए है। मिर्जापुर की दुनिया में आपके द्वारा लाए गए प्यार और कड़ी मेहनत के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मिर्जापुर सीजन 3 का सफर मेरे लिए बहुत अलग और शानदार रहा है, लेकिन आपको पता होना चाहिए कि मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैं और गुड्डू पंडित उन सेट्स पर काम करने वाले व्यक्ति से प्रेरणा हासिल करते हैं। यह इस सीरीज के बाकी दो सीजन का एक्सपीरियंस भी मेरे लिए कुछ ऐसा ही था।



## 'फ्रेड्डी' को लेकर में चर्चा में हैं कार्तिक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन हर भाषा की फिल्म में काम करना चाहते हैं। कार्तिक आर्यन इन दिनों फिल्म 'फ्रेडी' को लेकर चर्चा में है। कार्तिक आर्यन के पास कई और फिल्में है। इसी बीच कार्तिक आर्यन ने दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में काम करने की इच्छा जाहिर की है। कार्तिक आर्यन हर भाषा की फिल्म करने के इच्छुक हैं। कार्तिक ने कहा कि वह नहीं चाहते कि फिल्ममेकर्स उनके अलावा किसी और को देखें और उन्हें लगता है कि वह उस मुकाम तक पहुंच रहे हैं। मैं किसी भी भाषा में फिल्में करने के लिए तैयार हूं, लेकिन ये बात पूरी तरह से स्क्रिप्ट पर निर्भर करती है।



# महाराष्ट्र के मंत्री नहीं करें कर्नाटक में प्रवेश

**• सीएम बसवराज बोम्मई ने जारी की चेतावनी**

**हुबली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर महाराष्ट्र के मंत्री मौजूदा परिस्थितियों में राज्य में प्रवेश करने की कोशिश करते हैं तो उनकी सरकार उचित कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी।

बोम्मई ने कहा कि अगर महाराष्ट्र के मंत्री राज्य में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं, तो संबंधित अधिकारियों को उचित कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है।" उन्होंने कहा कि वही कार्रवाई, जो पहले की गई थी, इस बार भी की जाएगी। बोम्मई ने कहा कि स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मौजूदा परिस्थितियों में महाराष्ट्र के मंत्रियों का दौरा उचित नहीं था। उनके दौरे से राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा होगी। इसके बावजूद, महाराष्ट्र के मंत्रियों का कर्नाटक आने का फैसला सही नहीं है। इस स्थिति में महाराष्ट्र के मंत्रियों का दौरा उकसावे की कार्रवाई है। इसके अलावा यह लोगों की भावनाओं को भड़काने जैसा होगा। मैं इस संबंध में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से बात करूंगा।



अहमदाबाद में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में वोट डालने के लिये पैदल जाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

चुनाव आयोग पर उठाए कई सवाल, चुनाव में अनियमितताओं की शिकायतों पर नहीं की जा रही है कोई कार्रवाई

# प्रधानमंत्री के पैदल मार्च पर कांग्रेस का एतराज

**• कांग्रेस प्रत्याशी पर हमले का आरोप**

**नई दिल्ली।** गुजरात में सोमवार को दूसरे चरण में वोट देने जाते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैदल मार्च पर कांग्रेस ने सख्त आपत्ति जताते हुए चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को कहा कि गुजरात में प्रधानमंत्री वोट देने निकलते हैं और इस दौरान वह ढाई घंटे तक पैदल मार्च करते हैं, जिसका सीधा प्रसारण होता है, लेकिन चुनाव आयोग इस पर चुप्पी साध लेता है। इससे पहले कांग्रेस प्रतिनिधियों ने आयोग को गुजरात में चुनाव के दौरान कई अनियमितताओं की जानकारी दी है, लेकिन लगता है कि जैसे आयोग दबाव में काम कर रहा है, इसलिए वह चुप्पी साधे हुए है।

उन्होंने कहा कि आयोग हर बात को हवा में उड़ा रहा है। उनका कहना था कि कांग्रेस विधायक कांतिभाई खराड़े ने आयोग को सूचना दी थी कि उनको खतरा है, इसलिए उन्हें सुरक्षा दी जानी चाहिए, लेकिन आयोग इस पर भी चुप्पी साधे हुए है। खराड़े पर हमला हुआ तो जान बचाने के लिए जंगल में छिप गये, लेकिन इस शिकायत पर भी आयोग चुप है।

प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल चुनाव में की जा रही गड़बड़ियों की शिकायत को लेकर आयोग से मिलने गया, लेकिन पांच दिन बाद उन्हें मिलने का टाइम दिया गया। कांग्रेस ने आयोग से शिकायत की थी कि भाजपा चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन आयोग ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया और न किसी को नोटिस दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार के समय प्रचार करते हैं और उसका प्रचार लाइव चलता है। उनका कहना था कि चैनलों को इस लाइव का बिल भाजपा को भेजना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि भाजपा को 93 प्रतिशत इलेक्ट्रोरल बौंड मिल रहे हैं तो चैनलों को भी लाइव करने का पैसा मिलना चाहिए।


**आयोग को माफ नहीं किया जा सकता**

कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि वह जिस तरह का काम कर रहा है उसे माफ नहीं किया जा सकता है। गुजरात में नशाबंदी है, लेकिन भाजपा गाड़ियों में भरकर शराब बांटती है। इसके वीडियो आयोग को भेजे गये, लेकिन इस पर कोई ध्यान आयोग नहीं देता है। पैदल मार्च का मामला गंभीर है और इससे लोकतंत्र का दुरुपयोग हो रहा है। इसलिए कांग्रेस इस बारे में कानूनी विशेषज्ञों की भी राय ले रही है।



page-13 page 1 06-Dec-22 10:37 PM Page 1





# श्री कार्तिकेय

## नकारात्मकता को नष्ट करने वाली शक्ति

**जो रक्षा करते हैं।**
**जो सभी बुराइयों का नाश करते हैं।**
**जो ओजस्वी सेनापति हैं।**







भगवान शिव और देवी पार्वती (शक्ति)के दूसरे पुत्र कार्तिकेय को **सुब्रह्मण्यम, षणमुख, षडानन, स्कंद** आदि कई नामों से जाना जाता है। दक्षिणी भारत में श्री कार्तिकेय एक लोकप्रिय देवता हैं और उन्हें **मुरूगन** के नाम से जाना जाता है।

## श्री कार्तिकेय ~ जन्म कथा



पृथ्वी पर सूरपद्म और उसके भाइयों, सिंहमुख व ताड़कासुर, का आतंक अपने चरम पर पहुंच चुका था। ताड़कासुर को यह वरदान प्राप्त था कि शिव और पार्वती की संतान ही उसका विनाश कर सकती है। । लेकिन भगवान शिव तो सती आत्मदाह के पश्चात मोह के सभी बंधनों से मुक्त होकर हिमालय पर तपस्या करने चले गए थे।

ऐसे में उनके मन में पार्वती के लिए आकर्षण विकसित होना एक कठिन कार्य था। कामदेव के बाण की वजह से वे पार्वती के प्रति आकर्षित हुए । यद्यपि उन्होंने कामदेव को अपने क्रोध में भस्म कर दिया था, लेकिन शिव के भीतर छिपी क्रोध की ज्वाला अभी तक समाप्त नहीं हुई थी। जब अग्नि देव उनके वीर्य को लेकर जा रहे थे, तो उसके ताप के कारण उन्होंने उसको गंगा जी में गिरा दिया और वे इस वीर्य को शरवन वन तक ले गईं जहां उनसे छः बच्चों का जन्म हुआ।

उस वन में विहार करती छः कृतिका कन्याओं (कृतिका नक्षत्र के छः तारों) ने उनका पालन पोषण किया। जब माँ पार्वती ने अपने पुत्रों को देखा तब वे सभी छः शीश वाले एक शिशु में बदल गए। कृतिकाओं द्वारा लालन-पालन होने के कारण उस बालक का नाम कार्तिकेय पड़ गया।

## श्री कार्तिकेय ~ युद्ध के देवता

श्री कार्तिकेय वीरता के प्रतीक और युद्ध के देवता हैं। उनका जन्म राक्षसों को नष्ट करने के लिए ही हुआ है अर्थात वह मनुष्यों की नकारात्मक प्रवृत्तियों का नाश करते हैं।
कार्तिकेय के छः मुखों के प्रतीक स्वरूप, उनका एक नाम षडानन भी है, अर्थात जिसके छः सिर हैं। उनके छः शीश पांच इंद्रियों और मन के प्रतीक हैं। वे यह भी इंगित करते हैं कि यदि मनुष्य जीवन की इस लड़ाई में कुशलता से खुद का नेतृत्व करना चाहता है तो उसे हमेशा इन छः राक्षसी अवगुणों से सतर्क रहना चाहिए। ये छः अवगुण हैं- **काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर।**

उनके छः सिर उन्हें सभी दिशाओं में देखने में सक्षम बनाते हैं। उनकी यह महत्वपूर्ण विशेषता सुनिश्चित करती है कि श्री कार्तिकेय उन सभी प्रकार के प्रहारों का मुकाबला करने में सक्षम हैं, जो उन्हें मार सकते हैं ।

श्री कार्तिकेय एक हाथ में भाला लिए हुए हैं और उनका दूसरा हाथ हमेशा भक्तों को आशीर्वाद देता है। उनका वाहन एक पवित्र पक्षी मोर है जो अपने पैरों से नाग को पकड़ता है, यह नाग लोगों के अहंकार और इच्छाओं का प्रतीक है। मोर हमारी हानिकारक आदतों के विनाश और कामुक इच्छाओं पर विजय का प्रतीक है। इस प्रकार उनका जीवन हमें हमेशा नकारात्मक व्यवहार पर विजय पाने हेतु प्रेरित करता है।





## श्री कार्तिकेय के सम्मान में मनाए जाने वाले त्योहार

**कार्तिक पूजा**- यह एक हिंदू बंगाली त्योहार है और पश्चिम बंगाल में अधिक लोकप्रिय है। यह त्यौहार बंगाली कार्तिक महीने के अंतिम दिन दुर्गा पूजा की तरह ही बड़े उत्साह मनाया जाता है।

**कार्तिक दीपम**- भगवान कार्तिकेय की पूजा के लिए प्रमुख त्योहारों में से एक कार्तिक दीपम है। यह रोशनी का एक त्योहार है जो मुख्य रूप से हिंदू तमिलों द्वारा मनाया जाता है। इसे कार्तिक नक्षत्र में श्री कार्तिकेय के जन्मोत्सव के उपलक्ष में मनाया जाता है।

**थाईपुसम** - यह भी तमिल समाज के लोगों द्वारा मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन देवी पार्वती ने ताड़कासुर की राक्षस सेना को हराने के लिए भगवान मुरूगन को एक दैवीय भाला दिया था, इसलिए यह बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है।

**सहज योग परिवार की ओर से श्री कार्तिक दीपम की हार्दिक शुभकामनाएं।**

www.sahajayoga.org.in | Toll Free - 1800 2700 800

## श्री कार्तिकेय ~ सेनापति (Commander in Chief)

श्री कार्तिकेय के बारे में कहा जाता है कि **वे देवों की सेना के सेनाध्यक्ष हैं।** वे सभी गणों के कप्तान या नेता है अर्थात वे उन पर नियंत्रण करते हैं। नियंत्रण में होना, स्वामी होने से अलग है ।

जब आप नियंत्रण में होते हैं तो स्वामित्व कहीं खो जाता है और यही वह स्थिति है जो हमें अब प्राप्त करनी है। कार्तिकेय के हाथों में अबोधिता की कमान हैं और वे दूसरों पर और स्वयं अपने पर नियंत्रण करने की शक्ति देते हैं।

दूसरों पर नियंत्रण की शक्ति पुरुषों में वाकचातुर्य से, उनके ओजस्वी होने से, उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों के माध्यम से आती है। महिलाओं के लिए यह उनकी प्रेम शक्ति से, उनकी सहनशीलता से, उनके सुंदर व्यवहार, क्षमा, करुणा के माध्यम से आती है।

जब किसी व्यक्ति का अपने पर नियंत्रण हो जाता है तो वह किसी भी हानिकारक आदत से प्रभावित नहीं होता है। बल्कि वह हमेशा इन आदतों के ऊपर नियंत्रण पाने के हेतु वीरता दिखाता है और उन पर विजय प्राप्त करता है। ऐसा व्यक्ति कभी भी सिगरेट, शराब, मादक पदार्थों के व्यसन का शिकार नहीं होता है और ना ही उसे depression या आत्महत्या जैसे विचारों से जूझना पड़ता है। **साथ ही श्री कार्तिकेय की शक्ति, काले जादू और तंत्र-मंत्र के दुष्प्रभाव से भी हमारी रक्षा करती है।**

## श्री कार्तिकेय के गुण और सहज योग

लेकिन इन गुणों को अपने अंदर कैसे जागृत किया जा सकता है? केवल उनकी पूजा करने या बातें करने या इनके बारे में पढ़ने से तो ऐसा संभव नहीं है। इसे श्रीमाताजी निर्मला देवी ने सहज योग के माध्यम से बड़ी ही सुगमता से सफल बनाया है। सहज में ही हमारी कुण्डलिनी शक्ति का जागरण कर हमें चारों और फ़ैली परमात्मा ही की शक्ति से योग कराया है।

हमारी उत्क्रांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए, हमारी रीढ़ की हड्डी में सात चक्र और कुण्डलिनी शक्ति स्थित हैं। **ये सभी चक्र हमारे शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए उत्तरदायी हैं ।** जब कुंडलिनी जागृत होती है, तो वह चक्रों को पोषित करती है और उन्हें संघटित करती हुई हमें परमात्मा के दिव्य प्रेम की सर्वव्यापी शक्ति से जोड़ देती है। कुंडलिनी जागरण और चक्रों के पोषण का एक महत्वपूर्ण लाभ यह होगा कि व्यक्ति में एक आंतरिक संतुलन आएगा और वह स्वस्थ हो जाएगा।

व्यक्ति के भीतर कुंडलिनी शक्ति के जागरण से सभी चक्रो के गुण प्लावित, पोषित होने लगते हैं। जब यह शक्ति हमारे दाएं मूलाधार चक्र को स्पर्श करती हुई पोषण प्रदान करती है तो **इस चक्र के अधिष्ठित देवता श्री कार्तिकेय अपने गुण और शक्तियों से व्यक्ति को आशीर्वादित करते हैं और इस प्रकार सहजयोग के माध्यम से मनुष्य अपनी हानिकारक आदतों और नकारात्मक विचारों और तंत्र-मंत्र के दुष्प्रभावों पर विजय प्राप्त करता है।**

**श्री कार्तिकेय का वास हमारे सूक्ष्म तंत्र के मूलाधार चक्र में दाईं ओर है।**

**अपनी दिव्य शक्तियों को जागृत करें**
**अपना आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करें**

**सहज योग ध्यान**
**पूर्णतः निःशुल्क है**




Sahaja Darshan Prachaar aur Prasaar Samiti
adlakhagk@gmail.com | +91 98712 78936
www.nirmaldham.org | www.sahajayogamumbai.org